वर्ष- 12 अंक - 350 लखनऊ,
मंगलवार 12 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भारत-कोरिया संबंधों का युग प्रारंभ, वैश्विक पर्यटकों के लिए खुले हैं यूपी के द्वार 03

वोटर लिस्ट संशोधन के मुद्दे पर सड़क पर उतरी सपा 12


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,03,460/ |
| 22 कैरेट | = | 94,850/ |
| 18 कैरेट | = | 77,610/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,17,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### खान व खनिज संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को लोकसभा में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया। मंत्री रेड्डी ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह विधेयक खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन करेगा। संसद में पेश खनन कानूनों में संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए राज्य वित्त पोषण को सक्षम बनाना है। सरकार का लक्ष्य इसके जरिए लिथियम, तांबा, कोबाल्ट और दुर्लभ मृदा तत्वों सहित बेहद जरूरी खनिजों की निरंतर और बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जो परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, दूरसंचार और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### सेना में जज एडवोकेट जनरल पद पर पुरुषों का आरक्षण रद्द

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) के छह पद पुरुषों के लिए आरक्षित करने के प्रस्ताव को रद्द करते हुए सोमवार को कहा कि सभी अभ्यर्थियों के लिए एक संयुक्त योग्यता सूची तैयार की जाए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने अर्शनूर कौर की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने पुरुषों के लिए छह और महिलाओं के लिए तीन पद आरक्षित करने के प्रस्ताव को मनमाना करार देते हुए कहा, कार्यपालिका पुरुषों के लिए यह पद आरक्षित नहीं कर सकती। भर्ती की आड़ में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने आगे कहा, लैंगिक तटस्थता और 2023 के नियमों का सही अर्थ यह है कि सरकार सबसे योग्य उम्मीदवारों का चयन करेगी। महिलाओं के लिए संबंधित पद को सीमित करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने सरकार को निर्देश दिया कि वह सभी अभ्यार्थियों के लिए एक संयुक्त योग्यता सूची प्रकाशित करे, जिसमें पुरुष और महिला बिना किसी भेद भाव के शामिल किए जाएं।

### बीएसएफ ने हीरानगर सेक्टर में पाक घुसपैठिया पकड़ा

**कठुआ/हीरानगर।** सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने सोमवार को कठुआ जिले के राजबाग हीरानगर सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सतर्क बीएसएफ जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिए को चुनौती दी। जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया, तो बीएसएफ ने गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। बाद में उसे पकड़ लिया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया, उसके बाद सुरक्षा घेरे में उसे एक स्थानीय चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। मामले की जांच की जा रही है और एजेंसियां उसकी पहचान और सीमा पार करने के उसके मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। पाकिस्तान के समक्ष विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा

# सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

सीएम योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को एक वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा कि कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। उन्होंने कहा ''माता प्रसाद पांडेय, आप वरिष्ठ हैं। आपको अनावश्यक रूप से मोहरा बनाकर कुछ लोग आपके कंधे पर बंदूक रखकर निशाना साध रहे हैं। आपको ऐसा होने नहीं देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सपा के समय में मासूम बच्चे हर साल इन्सेफेलाइटिस से मरते थे। हर साल 700 से 1500 बच्चों की मौत इन्सेफ्लाइटिस से होती थी। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र और सिद्धार्थनगर जनपद में सैकड़ों बच्चे मरते थे, लेकिन आपने कुछ नहीं किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास आपका एजेंडा कभी नहीं रहा। योगी ने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने माता प्रसाद पांडेय के दौरे का विरोध किया था, क्योंकि सपा के कार्यकाल में व्यापारियों को भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी व्यापारी सपा के कार्यकाल में हुए शोषण को नहीं भूले हैं। योगी ने सपा पर विकास विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चाहे संभल हो, बहराइच हो या गोरखपुर, सपा हर जगह नकारात्मक राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार विकास कराना चाहती है, लेकिन सपा को यह बुरा लगता है।



### सदन में गूंजा गूगल मैप से होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हालांकि सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बीच बीएसपी के विधायक ने कहा है कि गूगल मैप की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का मामला मंगलवार को सदन में उठेगा। विधानसभा में बीएसपी के नेता और रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह ने नियम 56 के तहत इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि, गूगल मैप द्वारा पुल और मार्ग संबंधी जानकारी को समय से अपडेट नहीं कर रहा है। गूगल मैप पर विश्वास करके लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हाल ही में गूगल मैप की वजह से सैकड़ों दुर्घटनाएं हुई हैं। इसके लिए प्रदेश के लोक निर्माण विभाग को नियमित रूप से सड़क और पुल का सर्वे कर अपनी वेबसाइट पर अपडेट करनी चाहिए। प्रदेश सरकार को मैप माय इंडिया या ओला मैप जैसे स्थानीय मैपिंग समाधानों का इस्तेमाल करना चाहिए। उमाशंकर सिंह ने कहा कि गूगल को अपनी अद्यतन जानकारी को अपडेट करना चाहिए। इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराने की मांग की है।

### गोरखपुर विरासत गलियारा मुद्दे पर हंगामा

**माता प्रसाद और सीएम योगी में तीखी नोकझोंक**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज 11 अगस्त 2025 को लखनऊ में शुरू हुआ, लेकिन पहले ही दिन सदन में गोरखपुर के विरासत गलियारा मुद्दे को लेकर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इस मुद्दे को उठाया, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। सत्र की शुरुआत होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर में बन रहे विरासत गलियारे को लेकर गंभीर आरोप लगाए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर वे गोरखपुर के व्यापारियों की समस्याएं सुनने गए थे, जिनकी दुकानें तोड़ी जा रही हैं और मुआवजे की बात नहीं हो रही। माता प्रसाद ने बताया कि पांड़े हाता और जटाशंकर चौराहे पर उनके साथ बदसलूकी हुई। उनकी गाड़ी को रोका गया, बोनट पीटा गया, और अभद्र नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। पांडेय ने मुख्यमंत्री से इस घटना की जांच की मांग की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, सपा और लोकतंत्र नदी के दो अलग-अलग छोर हैं।

### गैरजिम्मेदाराना व अलोकतांत्रिक व्यवहार से सदन की कार्यवाही स्थगित

**लखनऊ।** यूपी के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विपक्ष के अराजकतापूर्ण रवैया एवं हंगामें के कारण विधानसभा की कार्यवाही न चलने देने को प्रदेश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण माना है। मुख्यमंत्री व नेता सदन तथा सरकार विपक्ष के सवालों का लोकहित में तर्कपूर्ण जवाब देने के लिए सदन में उपस्थित थे। परंतु विपक्ष के गैरजिम्मेदाराना, अलोकतांत्रिक व्यवहार से सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई। प्रदेश की सम्मानित जनता को विपक्ष की इस अराजकता एवं गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली को गंभीरता से लेनी चाहिए। विपक्ष की इस प्रकार की कार्यसंस्कृति जनहित एवं प्रदेश के विकास के लिए बाधक है। बेवजह व अनुपयोगी मुद्दों को सदन में उठाकर सदन को न चलने देना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है।

### अखिलेश मांगे माफी, मानसून सत्र से पहले बीजेपी ने लगाया पोस्टर

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सत्र से पहले भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी पर हमलावर हुई है। भाजपा ने पोस्टर लगाकर पीडीए पाठशाला पर निशाना साधा है। भाजपा नेता सुभाष यदुवंश ने पोस्टर लगवाते हुए लिखा- सपा के पीडीए पाठशाला का काला सच प्रदेश के कौन अभिभावक अपने बच्चों को यह पढ़ना चाहेंगे जिसमें ए से अखिलेश और डी से डिंपल पढ़ाया जाएगा। ये पोस्टर हजरतगंज चौराहा, मुख्यमंत्री चौराहा, गौतम पल्ली चौराहा और 1090 चौराहे पर लगाया गया है। इस पोस्टर में भाजपा नेता सुभाष यदुवंश ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने अखिलेश यादव को माफी मांगने के लिए कहा है। पोस्टर में लिखा, अखिलेश यादव माफी मांगे।

## लोकसभा ने आयकर विधेयक को किया पारित अब राज्यसभा में होगा पेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को संशोधित आयकर विधेयक, 2025 और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक को पारित कर दिया। नए आयकर विधेयक, 2025 के पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संशोधित आयकर विधेयक, 2025 और आयकर (संख्या 2) विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया गया, जिसे तुरंत बाद पारित कर दिया गया।

## गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर शिकंजा कसा, 476 की पहचान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पंजीकृत एवं गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाल में 334 ऐसे दलों को गैर सूचीबद्ध करने के बाद अब दूसरे चरण में 476 राजनीतिक दलों की पहचान की गयी है और इनका पंजीकरण रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है।

चुनाव आयोग ने एक बयान में बताया कि दूसरे चरण में 476 पंजीकृत एवं गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान की गई है। यह विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं।

इस प्रक्रिया में किसी तरह की जल्दबाजी और गड़बड़ी न हो इसके लिए संबंधित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इन राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्हें संबंधित सीईओ के आगे सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। सीईओ की अंतिम रिपोर्ट के आधार पर राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द किया जाएगा।

## पुणे में पिकअप वाहन खाई में गिरा, नौ महिलाओं की मौत, 25 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड में सोमवार को दोपहर एक पिकअप वाहन के गहरी खाई में गिरने से 9 महिलाओं की मौत हो गई जबकि 25 यात्री घायल हो गए। सभी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुणे पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव काम कर रही है। पुणे पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज पुणे के खेड में पिकअप वाहन से करीब 35 महिलाएं श्रावणी सोमवार के अवसर पर दर्शन के लिए श्रीक्षेत्र कुंडेश्वर जा रही थीं।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**घटना पर सीएम योगी ने जताया शोक**

समृद्धि न्यूज



**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के हरबंसपुर के पास सोमवार को मिक्सचर मशीन से जुड़े ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। घटना पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया है।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बताया कि हरबंसपुर गांव के पास मिक्सचर मशीन से जुड़े ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और एक बच्ची ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक महिला इस हादसे में घायल हुई है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान बहराइच के रिसिया क्षेत्र के मंगलपुरवा गांव का रहने वाला विजय कुमार वर्मा (32), बहन मंगलवती (40) भांजी नीतू, ज्ञानवती और विजय की एक साल की बेटी मधू के रूप में हुई है। पत्नी सुनीता की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने पर डीएम और एसपी ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायल महिला का हाल जाना और स्थिति का जायजा लिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया सांसदों के लिए नए फ्लैट्स का उद्घाटन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित सांसदों के लिए नए फ्लैट्स का उद्घाटन किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर श्री मोदी ने दीप प्रज्जवलित कर नए फ्लैट्स का उद्घाटन कर देश के जनप्रतिनिधियों को समर्पित किया।

इस कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्रियों एवं सभी सांसदों का अभिवादन किया गया। सांसदों के लिए चार टावरों में फ्लैट बनाये गये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा ये चारों टावरों के नाम देश की प्रमुख नदियों कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली के नाम पर रखा गया है। श्री मोदी ने कहा भारत की चारों प्रमुख नदियों को करोड़ो लोगों को जीवन दायनी माना जाता है। ...अब उनकी प्रेरणा से हमारे जनप्रतिनिधियो के जीवन में आनन्द की नई धारा बहेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोसी नदी का ज़िक्र करने के साथ-साथ विपक्ष पर चुटकी लेते हुये कहा कुछ लोगों को इससे भी परेशानी होगी इसका नाम कोसी क्यों रखा ....वो लोग इस नाम को बिहार चुनाव से जोड़कर देखने लगेंगे। उनको इसका नाम कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव दिखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा ऐसे छोटे लोगों के परेशानियों के बीच भी मैं जरूर कहूँगा, नादियों के नामो की परम्परा देश को एकता के सूत्र में हमें बांधती है। इस दौरान सभी संसदों ने प्रधानमंत्री का इस उपहार के लिये धन्यवाद किया।

## अमेरिका की धरती पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने भारत को दी परमाणु युद्ध की धमकी

एजेंसी



**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अमेरिकी धरती पर दिए गए एक भाषण में भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते हुए चेतावनी दी है कि अस्तित्व का खतरा पैदा होने पर पाकिस्तान आधी दुनिया को तबाह कर देगा। फ्लोरिडा के टैम्पा में व्यवसायी और मानद वाणिज्य दूत अदनान असद द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में बोलते हुए सेना प्रमुख ने कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं।

अगर हमें लगता है कि हम बर्बाद हो रहे हैं तो हम आधी दुनिया को बर्बाद कर देंगे। रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ परमाणु युद्ध के लिये दी गई उनकी यह पहली परमाणु धमकी हैं। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमान परिवर्तन समारोह में भाग लेने के लिए टाम्पा में हैं। दो महीने से भी कम समय में यह उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है जो अमेरिका-पाकिस्तान के बीच नए सैन्य संबंधों का संकेत है। इससे क्षेत्र में अमेरिकी मंशा को लेकर भारत में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ऐसा अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच और महत्वपूर्ण हो जाता है। फील्ड मार्शल मुनीर ने सिंधु नदी के चैनलों पर भारत द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की भी धमकी भी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी योजनाओं से पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है।

### हम किसी परमाणु ब्लैकमेल को नहीं करेंगे स्वीकार : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की परमाणु धमकी पर जवाबी कार्रवाई की बात की है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि हम किसी परमाणु ब्लैकमेल को स्वीकार नहीं करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मुनीर के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए इस बात का उल्लेख किया है कि पाकिस्तान में सेना और आतंकी संगठनों के बीच गठजोड़ है। इससे पाक में परमाणु कमान और नियंत्रण की स्थिति भी संदिग्ध है। विश्व समुदाय को इसके प्रति सावधान रहना चाहिए। प्रवक्ता ने इस बात पर खेद जताया कि भारत के खिलाफ मुनीर ने यह बयान अमेरिका की धरती से दिया है।

## डीएम ने बनाई चार सदस्यीय कमेटी जल्द होगी आयुष डॉक्टरों की भर्ती

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सरकारी अस्पतालों में नौ महीने से फंसी आयुष डॉक्टरों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। जिलाधिकारी ने भर्ती के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। अब जल्द ही स्वास्थ्य विभाग साक्षत्कार की तारीख तय करेगा।

जिले के सरकारी अस्पतालों में आयुष यूनिट का संचालन हो रहा है। इन यूनिटों में आयुष के डॉक्टरों की कमी है। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर में जिले में 21 आयुर्वेद डॉक्टरों की भर्ती का फैसला लिया था। पहली बार साक्षात्कार में शामिल होने से पहले डॉक्टरों को फार्म भरकर सीएमओ कार्यालय में जमा कराया गया था। 21 पद के सापेक्ष में करीब 2200 डॉक्टरों ने फार्म भरकर जमा किया था। एक अनुमान के मुताबिक, एक पद के सापेक्ष 105 डॉक्टरों ने आवेदन किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग नौ माह बीतने के बाद भी साक्षात्कार की तारीख तय नहीं कर पाया था। जबकि पड़ोसी जिलों में आयुर्वेद डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लखनऊ में चयन प्रक्रिया अटकी पड़ी थी। डॉक्टरों की चयन प्रक्रिया के लिए डीएम विशाख जी. ने चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसमें सीडीओ, सीएमओ, जिला विद्यालय निरीक्षक व मुख्य कोषाधिकारी को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि जि. स्वास्थ्य समिति की बैठक में साक्षात्कार की तारीख फाइनल हो जाएगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है आयुर्वेद डॉक्टरों के साक्षात्कार की तारीख इसी माह तय हो जाएगी। सितंबर माह तक साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी।

## विरोध पर खरगे, राहुल, प्रियंका गांधी व अखिलेश सहित सैकड़ों सांसद हिरासत में

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** इंडिया गंठबंधन के सैकड़ों सांसदों ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी के आरोपों के समर्थन में संसद भवन से चुनाव आयोग के मुख्यालय की ओर मार्च करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने रास्ते में रोक कर उन्हें हिरासत में ले लिया।

विपक्षी सदस्य इसके पहले संसद भवन में मकर द्वार पर एकत्र होकर मतदाता सूची के विशेष गहन समीक्षा के विरोध में नारेबाजी की और वहां से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर पैदल मार्च शुरू किया। इस विरोध प्रदर्शन में श्री गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित सैकड़ों सांसद नारेबाजी करते हुए संसद मार्ग पर चल रहे थे। रास्ते में अखिलेश यादव सहित कई सदस्यों ने पुलिस के बैरिकेड को पार करने का प्रयास किया। पुलिस ने क्षेत्र में निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में उन सबको हिरासत में ले लिया।

**सदन**

राज्यसभा ने हंगामे के बीच मणिपुर से जुड़े बजटीय विधेयकों को संक्षिप्त चर्चा के बाद लौटाया

# हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार हुई बाधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को भी कई बार बाधित हुई। सरकार हंगामे के बीच आवश्यक विधायी कार्यों को पूरा कराने में लगी है।

राज्यसभा ने हंगामे के बीच मणिपुर से जुड़े बजटीय विधेयकों को संक्षिप्त चर्चा के बाद लौटा दिया। दूसरी ओर लोकसभा में सरकार ने कराधान से जुड़े विधेयक विचार के लिए पेश किए। इसके अलावा खेलों से जुड़े विधेयकों को चर्चा के बाद लोकसभा ने पारित कर दिया।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हंगामे के बीच विधेयक पारित कराये जाने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने इसे लोकतंत्र के साथ बहुत बड़ा धोखा करार दिया। दूसरी ओर सदन के नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि सदन को बंधक नहीं बनाया जा सकता। उन्हें आश्चर्य है कि कार्यमंत्रणा समिति में चर्चा के बाद भी विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान विपक्ष हंगामा कर रहा है। विपक्ष सालभर से मणिपुर पर चर्चा की मांग कर रहा है और अब चर्चा की बजाय हंगामा कर रहा है।

लोकसभा में आज सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरु होने पर विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही करीब 15 मिनट बाद ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित हो गयी। दोपहर दो बजे दोबारा सदन शुरु होने पर विपक्ष का हंगामा जारी रहा खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलों से जुड़े दो विधेयक लोकसभा में चर्चा के लिए पेश किए। संक्षिप्त चर्चा के बाद दोनों विधेयकों को पारित कर दिया गया। दोनों विधेयक राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक, 2025 सरकार के ओलंपिक खेलों के आयोजन और खेल क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से लाए गए हैं। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 04 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

लोकसभा चार बजे दोबारा शुरु हुई और वित्त मंत्री ने कर से जुड़े दोनों विधेयकों को चर्चा एवं पारित कराए जाने के लिए पेश किया। दोनों विधेयक हंगामें के बीच बिना चर्चा के पारित कर दिए गए। महासचिव ने सदन को सूचित किया कि मणिपुर के बजट के संबंध में राज्यसभा से कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। इसके बाद पीठासीन अधिकारी साधना राय ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

दूसरी ओर राज्यसभा में सुबह कार्यवाही शुरू होने के कुछ दी देर बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा में मणिपुर के बजट से जुड़े विधेयक संक्षिप्त चर्चा के बाद लोकसभा को लौटा दिए गए। इसके बाद मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2025 केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने पेश किया। विधेयक को पेश करने के दौरान खरगे और नड्डा ने अपनी बात रखी। हालांकि हंगामा जारी रहा और कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित की गई। सदन के दोबारा शुरु होने पर विधेयक को पारित कर दिया गया।

# प्रेम प्रसंग में युवती ने फांसी लगाकर दी जान, युवक पर उकसाने का आरोप



निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के परमोधापुर गांव में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, रामप्रसाद मौर्य की 18 वर्षीय छोटी बेटी काजल ने सोमवार को घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। बताया गया कि घटना के समय पिता खेत में काम कर रहे थे, जबकि मां सुनीता देवी गांव के प्राइमरी स्कूल में खाना बनाने गई थीं।

खेत से लौटे पिता ने कमरे में बेटी का शव फंदे से लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। सूचना पर पढ़ुआ थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां सुनीता देवी ने गांव के ही एक सजातीय युवक पर प्रेम संबंध के बाद शादी से इनकार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इसी क्षोभ में बेटी ने आत्महत्या कर ली।

थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनोज गुप्ता ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर जगाई देशभक्ति की अलख



मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर मोहम्मदी में 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने किया। अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा फहराकर हमें राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और गौरव का संदेश देना है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा और उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस अवसर पर लोकभारती के जिला संयोजक अतुल रस्तोगी, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी रस्तोगी, रामजी गुप्ता, अवनीश प्रताप सिंह, सुशील वर्मा, पूर्व सभासद सुशीला वर्मा, इंद्रजीत सिंह, सुबोध रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिजनों का हंगामा

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।



सिंगाही रोड पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बस में तोड़फोड़ कर हंगामा किया।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के टपरी ग्राम पंचायत के बंगलहा कुटी निवासी लवकुश सोमवार शाम बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान तिकुनियां से हरिद्वार जा रही रोडवेज बस (संख्या UP78 KT 7686) ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में लवकुश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया, जहां डॉ. मोहित वीर सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए और शव वाहन को रोककर उसकी चाबी निकालने का प्रयास करने लगे। उन्होंने आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया।

सूचना मिलते ही कोतवाल महेशचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करते हुए बस को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया।

पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### दिनदहाड़े बाइक से बकरा चुराने निकले चोर, ग्रामीणों ने दौड़ाकर दबोचा, किया पुलिस के हवाले

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गुदरिया गांव में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब अपाचे बाइक पर सवार दो शातिर युवक दिनदहाड़े बकरा चुरा कर भागने लगे। लेकिन उनकी चालाकी ग्रामीणों की सतर्कता के आगे बेअसर रही। भीड़ ने फिल्मी अंदाज़ में पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों के मुताबिक, गुदरिया गांव निवासी प्यारे गौतम के घर के बाहर उनके दो बकरा खुले में टहल रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और मौका पाकर दोनों बकरा उठा ले गए। प्यारे गौतम ने यह नजारा देखा तो जोर–जोर से शोर मचाया। आवाज सुनकर ग्रामीण रामकुमार, सतीश, सुरेश समेत कई लोग लाठी–डंडा लेकर दौड़ पड़े। कुछ ही मिनटों में उन्होंने बाइक समेत दोनों चोरों को घेरकर धर दबोचा। सूचना मिलते ही कोतवाली धौरहरा के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया। प्रभारी निरीक्षक मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

### गांव-गांव में कुशल जन्म सहायक से होगा सुरक्षित प्रसव : सीएमओ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** मातृ एवं शिशु सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में कुशल जन्म सहायक प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा भी मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के पहले चरण में 08 सीएचओ (महिला), एएनएम व स्टाफ नर्स को 21 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे पूर्व स्वास्थ्य विभाग 214 से अधिक सीएचओ (महिला), एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित कर चुका है। इस चरण में कुल 48 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है, जिसे चार चरणों में पूरा किया जाएगा। सीएमओ डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रसव प्रबंधन, आपात स्थिति से निपटने और मातृ–शिशु देखभाल के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला मातृ एवं बाल स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल यादव, डॉ. सुषमा, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह सहित अन्य ट्रेनर मौजूद रहे।

### कमीशनखोरी के आगे बेबस जन औषधि केंद्र

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, जो गरीब और जरूरतमंद मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे हैं, अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। भारत सरकार ने लगभग हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित किए हैं ताकि मरीजों को सस्ती और आवश्यक दवाइयां मिल सकें। लेकिन नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत यह है कि यहां के डाक्टर मरीजों को बाहरी प्राइवेट मेडिकल स्टोरों से ही दवाइयां लेने के लिए मजबूर करते हैं, क्योंकि जन औषधि केंद्र से उन्हें कोई कमीशन नहीं मिलता।नगरवासियों ने इस अनैतिक प्रथा की शिकायत कई बार स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां तक कि यदि कोई मरीज डॉक्टर की बताई हुई प्राइवेट मेडिकल स्टोर से दवा न लेकर जन औषधि केंद्र से दवा ले आता है, तो उसे डाक्टर वापस कर देते हैं। इस पूरे मामले पर नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. अजय कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि सभी डाक्टरों को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल में उपलब्ध न होने पर जरूरी दवाएं जन औषधि केंद्र से ही दिलवाई जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई डाक्टर ऐसा नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा।

# गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन में बिखरे संस्कार व सम्मान के रंग

**आर.एम. ज्ञानदायिनी स्कूल में भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत की संस्कार शाखा का आयोजन**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



आर.एम. ज्ञानदायिनी स्कूल का प्रांगण सोमवार को गुरु-शिष्य परंपरा के जीवंत चित्र का साक्षी बना। भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत की संस्कार शाखा ने गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के माध्यम से सम्मान, संस्कार और प्रेरणा का अद्भुत संगम रचा। भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदेमातरम् के गगनभेदी स्वर के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शाखा अध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव की अध्यक्षता और सचिव राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट के संचालन में समारोह का प्रत्येक क्षण प्रेरणा का दीप प्रज्वलित करता रहा। कार्यक्रम संयोजक शौर्य सक्सेना रहे। शिक्षकों को सम्मानित कर उनके ज्ञानदीप को प्रणाम किया गया, जबकि उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कार देकर उनके उत्साह को नई उड़ान दी गई। अर्चना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु केवल पढ़ाते नहीं, वे भविष्य गढ़ते हैं, और संस्कृति से जुड़ा छात्र ही सच्चा भारत गढ़ सकता है। प्रांतीय प्रकल्प संयोजक शशिकांत श्रीवास्तव ने ओजस्वी शब्दों में शिक्षकों की महिमा का वर्णन किया और छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने अतिथियों एवं आयोजकों के प्रति आभार जताया। शाखा पदाधिकारी शौर्य सक्सेना ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से सभा को आलोकित किया। कार्यक्रम में डॉ. सुशीला सिंह, संतोष दीक्षित, सुमन वर्मा, रोशनी वर्मा, मुकेश सक्सेना, राजेश दीक्षित सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ मौजूद रहे। कुल मिलाकर यह आयोजन केवल सम्मान का मंच नहीं, बल्कि एक संस्कारमयी दीपोत्सव था, जिसने संदेश दिया–जहां गुरु का सम्मान और शिष्य का संस्कार होता है, वहां भविष्य स्वर्णिम होता है।

### आर्य कन्या महाविद्यालय में तिरंगा प्रदर्शनी में उमड़ी देशभक्ति की लहर




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दूसरे चरण के अंतर्गत सोमवार को तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने की, जबकि संयोजन का दायित्व वीना चौरसिया ने संभाला। प्रदर्शनी में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और देशभक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। उन्होंने तिरंगा राखियां, तिरंगे झण्डे, तिरंगा कुल्फी, तिरंगा बैज, तिरंगा कंगन, तिरंगा कार्डबोर्ड मिसाइल, तिरंगा हैंगिंग समेत कई अन्य आकर्षक वस्तुएं बनाकर प्रदर्शित कीं। प्राचार्या प्रो. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि देशभक्ति की भावना हमारे हर कार्य में झलकनी चाहिए, और इस प्रकार की गतिविधियां युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना का संचार करती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं के साथ छात्राएं—ज्योति वर्मा, मुस्कान गुप्ता, लविशा, रानी, कशिश, लक्ष्मी, प्रियंका और नैंसी—ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रदर्शनी में उत्साह और जोश देखते ही बनता था, जिसने पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बना दिया।

# पलिया में युवक पर जानलेवा हमला

पलिया कलां (खीरी), समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला माहीगिरान-1 में सोमवार को एक युवक पर कुछ लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी राजू पुत्र चुन्ना निवासी मोहल्ला माहीगिरान-1 ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि विपक्षी दिलशाद पुत्र जैनुलआब्दीन निवासी अभयपुर (थाना धौरहरा) जो इन दिनों माहीगिरान-1 में रह रहा है, इस्लाम अली, सनी पुत्रगण रहमत अली और कुलसुम पत्नी रहमत अली समेत कई लोगों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया।

राजू के अनुसार हमलावरों ने बुरी तरह से पीटते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। हमले के बाद आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि आज तो बच गए अगली बार जान से मार देंगे।

पीड़ित का कहना है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के हैं और वह अकेला व सीधा-सादा होने के कारण भयभीत है। उसे आशंका है कि आरोपी किसी भी समय उसके या उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं।वहीं पलिया कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने मामले को दिखवाने की बात कही।

# गौरीफंटा मार्ग पांचवें दिन खुला, गैस टैंकर को चार क्रेनों से खड़ा कर भेजा नेपाल

पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।



भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाला अंतरराष्ट्रीय गौरीफंटा मार्ग सोमवार को पांचवें दिन आखिरकार खोल दिया गया। विगत चार दिनों से यह मार्ग उस समय बाधित था जब एलपीजी गैस से भरा एक टैंकर पलट गया था। घटना में कोई जनहानि या वन्यजीव हानि नहीं हुई लेकिन सुरक्षा को देखते हुए रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया था।

क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव के नेतृत्व और गौरीफंटा थाना प्रभारी सतीश चंद्र की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात रहा। चार दिनों तक लगातार प्रयास के बावजूद टैंकर नहीं उठाया जा सका था लेकिन सोमवार को चार क्रेनों की बैलेंसिंग तकनीक से टैंकर को एकसमान भार में उठाकर सुरक्षित ढंग से खड़ा किया गया। इसके बाद पुलिस सुरक्षा में उसे नेपाल भेज दिया गया।

इस दौरान मौके पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। पुलिस ने आसपास के इलाके में किसी को भी आने-जाने से रोके रखा। मार्ग खुलते ही स्थानीय लोगों और कारोबारियों ने राहत की सांस ली क्योंकि यह सड़क भारत-नेपाल के बीच व्यापार और आवागमन का अहम जरिया है।

सूत्रों के मुताबिक टैंकर पलटने के बाद से प्रशासन हर संभव सावधानी बरत रहा था ताकि किसी तरह की दुर्घटना या विस्फोट की आशंका को टाला जा सके। सोमवार दोपहर मार्ग खुलने के साथ ही सामान्य यातायात बहाल हो गया।

# शांति भंग में पांच आरोपी गिरफ्तार




बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। सोमवार को थाना ललिया जनपद बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा-170/126/135 BNSS की कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर दूरदर्शन लखनऊ में थारू जनजाति की सांस्कृतिक छटा बिखरी

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।




विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के थारू जनजाति के छात्र-छात्राओं ने अपने पारंपरिक थारू नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। यह विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम दूरदर्शन केंद्र लखनऊ में आयोजित हुआ, जिसका प्रसारण 9 अगस्त 2025 को शाम 7:30 बजे किया गया।

उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और दूरदर्शन केंद्र लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक ए.पी. मिश्रा, निदेशक अतुल द्विवेदी तथा पद्मश्री साहित्यकार विद्या बिंदु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

महाविद्यालय की जनजातीय उन्नयन प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. ज्योति पंत ने बताया कि प्रस्तुति के लिए एक माह पूर्व से गहन प्रशिक्षण दिया गया था, साथ ही अप्रैल माह में सात दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग 6 अगस्त को हुई, जिसमें सहायक प्राध्यापक दीपक कुमार बाजपेयी की विशेष भूमिका रही।

इस अवसर पर प्रो. ज्योति पंत और श्री दीपक कुमार बाजपेयी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. हेमंत कुमार पाल ने छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय की पहचान को मजबूत करते हैं।

# सुकनी बाजार की जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



विकासखंड रेहराबाजार के अंतर्गत आने वाले अचलपुर घाट स्थित सुकनी बाजार की मुख्य सड़क की हालत बदतर हो चुकी है। यह सड़क लालपुर भलुहिया और रामपुर ग्रिंट के चोरघटा घाट रोड को जोड़ती है, लेकिन जगह-जगह गड्ढे के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी अनूप,रमेश, आशीष कुमार, बिशाल, कर्मचंद, शिवकुमार, राज मोहम्मद, विनय कुमार आदि का कहना है कि यह मार्ग बाजार, स्कूल और अस्पताल तक जाने का एकमात्र जरिया है। कई वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, जिससे इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में सड़क पर चलना और भी मुश्किल हो जाता है। कीचड़ और पानी भरे गड्ढों से हादसे का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है।

# सादुल्लानगर में झमाझम बारिश से उमस से राहत, किसानों के खिले चेहरे

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



सोमवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। तेज़ हवाओं संग घिरे बादलों ने देखते ही देखते झमाझम बारिश बरसा दी। इससे न केवल उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली, बल्कि किसानों के चेहरे पर भी रौनक लौट आई।

बीते कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन बेहाल था। सोमवार करीब 1 बजे के बाद शुरू हुई तेज बारिश ने पूरे इलाके को भिगो दिया। खेतों में नमी लौट आने से धान की फसल के लिए यह बारिश 'अमृत' साबित हुई।किसान रामराज, विजय बहादुर, सोमई, रामजीत, गुलाम नबी और सालिक राम आदि ने कहा अगर ऐसे ही कुछ दिन और पानी पड़ जाए तो खेती लहलहा उठेगी। बारिश के दौरान बच्चे सड़कों पर नाचते-गाते भीगते रहे, जबकि लोग घरों की छतों और बरामदों से चाय की चुस्कियों के साथ इस मौसम का आनंद लेते दिखे। हालांकि, तेज बारिश से कस्बे के सरकारी अस्पताल के सामने, मुबारक मोड़, गूमा तिराहा और धुसवा रोड पर जलभराव हो गया। धुसवा रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे और टूटी सड़क के कारण आवागमन मुश्किल हो गया। स्थानीय निवासी वेद प्रकाश ने कहा हर बार बारिश में यह सड़क डूब जाती है, लेकिन जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए कोतवाली गैसड़ी में आयोजित हुई बैठक**

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को आगामी जन्माष्टमी/चेहल्लुम को शान्ति, सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर द्वारा थाना को० गैसड़ी परिसर में क्षेत्र के सम्भान्त व्यक्तियों/ग्राम प्रधान/ धर्मगुरुओं/ डी०जे० संचालकों व ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी/ बैठक की गई।

सभी आम जन को त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु जागरुक किया गया।

आपसी भाईचारा बनाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवकों को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल 112/ थाना स्थानीय पर सूचना देने व शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन कराने एवं त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये शान्ति पूर्वक रूप से त्यौहार मनाने के लिये अपील किया गया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी दुर्विजय, थाने के कर्मचारीगण व क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति/ ग्राम प्रधान/ धर्मगुरु/ डी०जे० संचालक एवं ग्राम प्रहरी आदि उपस्थित रहे।

# विशाल जन समूह ने राष्ट्र के आन बान शान में निकाली तिरंगा यात्रा

कमासिन/बांदा, समृद्धि न्यूज।



स्वतंत्रता दिवस के पूर्व भारत देश के प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के आवाहन पर राष्ट्रभक्ति के रंग में डूबे युवाओं ने क्षेत्र पंचायत परिसर कमासिन से 51मीटर लम्बे राष्ट्रीय तिरंगे झंडे के साथ कस्बा कमासिन के मुख्य मार्गो से होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस दौरान तिरंगा यात्रा के उत्साह मे राष्ट्र प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर डीजे के धुन पर देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए राष्ट्र माता और वंदे मातरम के नारों से समूचा कस्बा राष्ट्रभक्ति मय हो गया।

तिरंगा यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में कमासिन प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के संयोजक कमासिन मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता भाजपा नेता अजय सिंह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय मिश्रा कमल द्विवेदी उधो सिंह परिहार सहित सुशील द्विवेदी सुनील वर्मा महामंत्री उमानंद सिंह महिला मोर्चा से उमा सिंह गायत्री देवी दिव्या राजपूत विनोबा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रपाल यादव जयदेव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष शर्मा भी छात्र-छात्राओं के साथ 51 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। जहां गीतों के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों का गुंजायमान करते हुए पूरे कस्बे में भ्रमण किया इस मौके पर अजय सिंह पटेल ने कहा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व राष्ट्रीय स्वतंत्रता का उत्सव मनाने के लिए राष्ट्र के आन बान शान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तिरंगा यात्रा कस्बा कमासिन में उत्साही नवयुवकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## पिछले तीन वर्षों में 34,994 दिव्यांग कुष्ठावस्था पेंशन योजना से हुए लाभान्वित

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में पारदर्शिता और समयबद्धता के चलते कुष्ठावस्था पेंशन योजना और दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जो राज्य की सामाजिक कल्याण नीतियों की मिसाल बन रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को बताया कि दिव्यांग सशक्तिकरण और कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के उत्थान के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए व्यक्तियों के लिए संचालित कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को प्रतिमाह तीन हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में 34,994 कुष्ठरोगियों को इस योजना का लाभ मिला, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 12,692 लाभार्थियों को आधार-आधारित प्रणाली से भुगतान किया गया। इसी क्रम में, दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 30,86,102 दिव्यांगजनों को पिछले तीन वर्षों में प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी गई। इस वित्तीय वर्ष की

**दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 30,86,102 दिव्यांगजनों को पिछले तीन वर्षों में प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी गई**

पहली तिमाही में 11,32,240 दिव्यांगों को यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

उन्होंने बताया कि आधार-आधारित भुगतान प्रणाली से इन योजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया है, जिससे धन के दुरुपयोग की संभावना खत्म हुई है। ऑनलाइन आवेदन और जनसुविधा केंद्रों के माध्यम से पात्रता निर्धारण को सरल बनाया गया है, जिसमें बीपीएल आय सीमा और चिकित्सा प्रमाण पत्र आधार हैं। यह कदम न केवल कुष्ठरोगियों और दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर कर रहा है, बल्कि समाज में भेदभाव को कम करने में भी सहायक है। मंत्री ने यह भी बताया कि दिव्यांगों और कुष्ठरोगियों के स्वावलंबन और सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकताओं में है। योगी सरकार का लक्ष्य इन समुदायों को मुख्यधारा में लाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। सरकार समयबद्ध व पूरी पारदर्शिता के साथ दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

## माध्यमिक शिक्षकों ने घेरा निदेशालय शिविर कार्यालय, 22 को कूच करेंगे मंत्री आवास

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सोमवार को विधानसभा सत्र के बीच माध्यमिक शिक्षा निदेशक कार्यालय पर एडेड स्कूल के शिक्षक जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इनकी मांग है कि ऑफलाइन ट्रांसफर सूची जारी की जाए।

शिक्षकों ने कहा कि हमारे धैर्य की परीक्षा मत लें। वापस घर जाने के लिए नहीं आए हैं। आज ट्रांसफर ऑर्डर लिस्ट जारी नहीं होती है, तो हम जेल जाएंगे। अन्यथा 22 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास पर कूचकर वहां भी घेराव करेंगे। शिक्षक तेज बारिश में छाता लेकर शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मामले को लेकर पहले भी शिक्षक इस स्थल पर प्रदर्शन कर चुके हैं। ऑफलाइन ट्रांसफर ऑर्डर जारी न होने माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के पदाधिकारी पहले से मुखर होकर विभागीय अफसरों पर आक्रोशित हैं।

ऐसे में प्रदेशभर के शिक्षक प्रदर्शन करने के लिए, लखनऊ में जुटे हैं। दूसरी तरफ शिक्षा निदेशक की तरफ से लखनऊ के अपर पुलिस कमिश्नर को पहले से पत्र लिखकर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए कहा गया है। मीरजापुर के मूल निवासी और अलीगढ़ में तैनात शिक्षक शुभेन्द्र चंद्र त्रिपाठी कहते हैं कि बूढ़े माता-पिता घर में अकेले हैं। बीमार हैं, पर ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। 2 बार लिखित आश्वासन मिलने के बाद भी ट्रांसफर लिस्ट जारी नहीं की गई। ऐसे में शिक्षकों के संकट को न कोई समझ रहा है और न ही कोई सुनने को तैयार है। गौतमबुद्ध नगर जिले में तैनात बायोलॉजी के शिक्षक आरके मिश्रा कहते हैं कि मेरा ट्रांसफर बरेली में होना था। शासनादेश के अनुसार फाइल पूरी तरह से कम्प्लीट करके शासन को 7 जून को भेज दी गई थी। तब से शिक्षकों को ऑफलाइन ट्रांसफर ऑर्डर की लिस्ट का इंतजार है।

## खबरें एक नजर में

### छह उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बदलते मौसम के साथ बिजली खपत बढ़ने लगी है। इसी के साथ लाइन लॉस में भी इजाफा देखा जा रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए बीकेटी डिवीजन के न्यू कैंपस इलाके में बिजली विभाग की टीम ने मुस्लिम नगर और बिठौली में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पांच अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को पकड़ा गया। जांच में कुल 6 किलोवॉट की बिजली चोरी सामने आई। विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी अवैध कनेक्शन काट दिए और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। टीम के अनुसार, जिन घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई, वहां सीधे लाइन से जुड़ाव करके पंखे, कूलर और अन्य घरेलू उपकरण चलाए जा रहे थे। कुछ स्थानों पर मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के अभियान अब नियमित रूप से चलाए जाएंगे। लाइन लॉस को कम करना विभाग की प्राथमिकता है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। जहां भी चोरी की सूचना मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई इस जांच से इलाके में हड़कंप मच गया। विभाग की टीम जब मुस्लिम नगर और बिठौली पहुंची, तो कई उपभोक्ता अपने कनेक्शन छिपाने की कोशिश में लग गए। हालांकि टीम ने पहले से तैयारी कर रखी थी और मौके पर ही हर घर की जांच की गई।

### भाजपा के कार्यालय से क्यों चल रहा है चुनाव आयोग : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चुनाव आयोग अब जनता के नहीं, बल्कि बीजेपी के आदेश पर चल रहा है। उक्त उदगार लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने चुनाव आयोग का रिमोट बीजेपी कार्यालय से चलने को लेकर प्रतिक्रिया में व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग अब जनता के नहीं, बल्कि बीजेपी के आदेश पर चल रहा है। चैलेंज देने से पहले चुनाव आयोग यह जवाब दे कि वह बीजेपी के कार्यालय से क्यों संचालित हो रहा है। आज एआई और तकनीक के युग में जब सेकेंडों में दुनिया का डेटा साझा हो सकता है, तब चुनाव आयोग विपक्ष और जनता को इलेक्ट्रॉनिक डाटा देने से क्यों डर रहा है? यह डर इस बात का सबूत है कि चुनाव की चोरी हो चुकी है और चुनाव आयोग इसमें बराबर का भागीदार है। सुनील सिंह का कहना है कि यह रवैया लोकतंत्र की हत्या है, यदि चुनाव आयोग सच में निष्पक्ष है तो तुरंत सभी ईवीएम और मतदान से जुड़ा इलेक्ट्रॉनिक डाटा सार्वजनिक करे, वरना यह साफ समझा जाएगा कि चुनाव आयोग बीजेपी का चुनावी ठेकेदार बन चुका है।

### एनसीसी के वार्षिक रैंक समारोह, कैडेट्स को नए रैंक मिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय की 63 यूपी बटालियन एनसीसी ने वार्षिक रैंक समारोह का आयोजन किया। समारोह में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर.पी सिंह मुख्य अतिथि रहे। मेजर राजेश शुक्ला और मेजर किरण लता डंगवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में योग्य कैडेटों को नए रैंक दिए गए। ये रैंक राष्ट्रीय कैडेट कोर के मूल्यों का प्रतीक हैं। वरिष्ठ कैडेटों ने कनिष्ठों को नई जिम्मेदारियां सौंपी। इससे बटालियन की अनुशासन और राष्ट्र सेवा की परंपरा आगे बढ़ेगी। कर्नल आर.पी सिंह ने नए रैंक पाने वाले कैडेटों को बधाई दी। उन्होंने कैडेटों से अपने पद का सम्मान ईमानदारी से करने को कहा। कमांडिंग ऑफिसर ने सभी कैडेटों की मेहनत की सराहना की।समारोह का समापन राष्ट्र सेवा की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। कैडेट्स ने 63 यूपी बटालियन एनसीसी की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### सर्राफा व्यापारियों की बैठक, हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमती नगर विस्तार में स्थित नगर निकाय मुख्यालय के स्वाति सभागार में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन और लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। नगर विकास विभाग की प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में स्वच्छ कार्यालय पर स्वच्छ प्रतिष्ठान विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निकाय की उप निदेशक श्रीमती ऋतु सुहास ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी प्रतिभागियों को तिरंगे झंडे वितरित किए। बैठक में प्रमुख रूप से लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इनके अलावा कमलेश रस्तोगी, संतोष रस्तोगी, श्याम सुंदर रस्तोगी, सुभाष सोनी, सचिन यादव, मनीष सोनी और आयुष रस्तोगी भी बैठक में शामिल हुए।

### सचिन टाइगर प्रदेश महासचिव और पश्चिम प्रभारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई क्षेत्र स्थित श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सचिन टाइगर को दो अहम जिम्मेदारियां सौंपी गईं। उन्हें प्रदेश महासचिव के साथ-साथ पश्चिम प्रभारी का दायित्व दिया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर सचिन टाइगर ने समाज और संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ प्रदेश महासचिव नामवर सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर विनीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

### गांवों में बने अमृत सरोवरों पर मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक पूरे उत्साह, उल्लास व उमंग के वातावरण मे भव्य तरीके से मनाने के लिये ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।
उपमुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में, ग्राम्य विकास की ओर से समस्त जनपदों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में सभी की भागीदारी हो सके इस हेतु विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को ससमय तैयारी करने और कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

### आने वाले 24 घंटों में मानसून एक बार फिर पकड़ सकता है रफ्तार व प्रदेश के करीब 35 जिलों में तेज होगी बारिश

## राजधानी में मूसलाधार बारिश से दिन में छाया अंधेरा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीते कई दिनों से भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। कई जिले बाढ़ से प्रभावित है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर मूसलाधार बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटों में मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ सकता है और प्रदेश के करीब 35 जिलों में तेज बारिश होगी। जानकारी के मुताबिक, आज सुबह से राजधानी लखनऊ में भारी बारिश हो रही है। पूरे शहर और जिले में घने बादल छाए हुए हैं। दिन में ही अंधेरा छा गया है। विभाग ने यहां पर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने की संभावना है। दिन में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है और मौसम सुहावना हो गया है। लखनऊ में 13 अगस्त से 2 दिन के लिए भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी लखनऊ के अलावा 35 जिलों में भारी बरिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार, इन शहरों में आने वाले 15 अगस्त को तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। उससे पहले आज यानी 11 से 14 अगस्त तक आंशिक बादल छाए रहने व बौछार पड़ने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। राज्य के मेरठ, शामली, सहारनपुर में भारी बारिश के साथ ही गरज और चमक के साथ बिजली गिरने की संभावनाएं भी हैं। वहीं आगरा, अलीगढ़, मथुरा और आसपास के जिलों में बौछार पड़ सकती है।

### इकाना के पास कार डूबी, कमता में लगा भारी जाम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही है। इससे विजिबिलिटी कम हो गई है। यहां गाड़ियां हेडलाइट ऑन करके चल रही हैं। इकाना के पास कार डूब गई है। मौसम खराब होते ही कमता में भारी जाम लग गया है। अयोध्या रोड पर दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार है। हजरतगंज में सिविल अस्पताल के सामने की सड़क पर घुटने तक पानी भरा है। गोमतीनगर के सेंट मैरी स्कूल के सामने जलभराव की वजह से बच्चों को गोद में लेकर निकलना पड़ा। मौसम विभाग ने आज के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ के रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति है। सुशांत गोल्फसिटी में लुलु मॉल के बाहर भी सड़क पर करीब 100 मीटर दूरी तक जलभराव हो गया है। हाईकोर्ट के सामने जाम की समस्या से पुलिस निजात नहीं दिला पा रही है। यहां हमेशा जाम लगता रहता है। बारिश के दौरान हालात बिगड़ जाते हैं। आज बारिश के दरम्यान यहां भीषण जाम जैसी स्थिति हो गई।

## डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में रोजगार मेला आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश में 6 से 13 अगस्त तक संचालित 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के अंतर्गत कल 12 अगस्त को डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ में दिव्यांगजन हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 21 प्रतिष्ठित कंपनियों, जिनमें बिलियन्स ऑफ माइंड, एजेस फेडरल लाइफ, एसईडीएसी,मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, एमेजॉन इत्यादि प्रमुख हैं, की भागीदारी संभावित है। आयोजन का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में जनपद भर से 1000 से अधिक दिव्यांगजन युवाओं की प्रतिभागिता अपेक्षित है।

## अखिलेश व राहुल की गिरफ्तारी पर सपा छात्र सभा-महिला कार्यकर्ताओं का हंगामा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हंगामा किया। दिल्ली में विपक्षी नेता राहुल-अखिलेश समेत तमाम नेताओं की गिरफ्तारी और चुनाव आयोग के खिलाफ बारिश के बीच जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हो गई। इसके कुछ देर बाद सपा महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाला और विधान भवन और लोक भवन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

हजरतगंज चौराहे पर दर्जनों की संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने बारिश के बावजूद धरना जारी रखा। इस दौरान पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान स्थिति बिगड़ने पर कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। सपा छात्र सभा के पदाधिकारी महेंद्र यादव ने कहा- दिल्ली में गिरफ्तार किए गए सभी विपक्षी नेताओं को तत्काल रिहा किया जाए। चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों का आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। महेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव से पहले एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करना निष्पक्ष चुनाव पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

## लंबित प्रकरणों पर मंत्री ने दिखाई सख्ती कराया समाधान

**लखनऊ।** विधान परिषद के मानसून सत्र में मंत्री एके शर्मा ने साबित कर दिया कि जनहित के मामलों में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं होगी। विपक्ष के तीखे सवालों का सहज और ठोस तथ्यों पर आधारित जवाब देते हुए उन्होंने वर्षों से लंबित मामलों को शीघ्रता से सुलझाकर माहौल बदल दिया।सत्र के दौरान उनकी सख्ती, संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता से न केवल पक्ष विपक्ष प्रभावित हुआ बल्कि उनकी चर्चा गूंज उठी।मंत्री एके शर्मा ने अपने चिर परिचित अंदाज में विपक्ष के सवालों का बहुत ही सहजता जवाब दिया तथा सदन के सदस्य मंत्री की कार्यशैली से संतुष्ट और मंत्रमुग्ध रहे।

## बाढ़ से निपटने के लिए बनाएं नाव व कंट्रोल रूम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ डीएम विशाख जी. ने सोमवार को बख्शी का तालाब तहसील के बाढ़ संभावित इलाकों का दौरा किया। डीएम ने गोमती नदी का जल स्तर धीरे-धीरे बढ़ने की आशंका के बीच उसके किनारे बसे गांवों लासा, अंगड़िया कला, सुल्तानपुर, बहादुरपुर और शिवपुरी पहुंचकर हालत का जायजा लिया। ग्रामीणों से संवाद किया और विभिन्न विभागों को आपदा से निपटने की तत्काल और प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

डीएम ने साफकहा किसी भी स्थिति में राहत और बचाव कार्य में देरी न हो और हर संसाधन मौके पर तैयार रहे। दौरे की शुरुआत ग्राम लासा से हुई, जहां जिलाधिकारी ने जलभराव वाले हिस्सों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों और ग्राम सचिव से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि फिलहाल रिहायशी इलाकों में पानी नहीं घुसा है।

इस पर डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग से जल स्तर की जानकारी ली। इंजीनियर ने बताया कि वर्तमान में भारी डिस्चार्ज की संभावना नहीं है, लेकिन शाम तक जल स्तर बढ़ सकता है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम और तहसीलदार बीकेटी को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित ग्रामों में नाव, नाव चालक और गोताखोरों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित कराई जाए। रात्रि में आवागमन सुचारू रखने के लिए लाइट, पेट्रोमैक्स जैसी रोशनी की व्यवस्था और मेडिकल इमरजेंसी में मरीजों के रेस्क्यू के लिए मोटर बोट उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए।

## प्रतापगढ़ स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा और स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज माँ बेल्हा देवी धाम, प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया। इस रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष, प्रतापगढ़, प्रेमलता सिंह द्वारा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, लखनऊ, कुलदीप तिवारी की विशेष उपस्थिति में किया गया।

पुराने रेल कोच को आधुनिक रूप देकर तैयार किए गए इस रेस्टोरेंट को यात्रियों के लिए एक स्वच्छ, सुसज्जित, आरामदायक एवं आकर्षक भोजन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ यात्रियों को भारतीय, स्थानीय व अन्य विविध व्यंजन, शुद्धता और स्वाद के साथ, किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर कुलदीप तिवारी ने कहा, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह रेल कोच रेस्टोरेंट प्रतापगढ़ स्टेशन की छवि को और निखारेगा तथा यात्रियों के यात्रा अनुभव को अधिक सुखद एवं यादगार बनाएगा। यह रेस्टोरेंट स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित है, जिससे यात्रियों के लिए इसकी पहुंच बेहद आसान है। इस पहल से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने वाले यात्रियों को एक आधुनिक और आरामदायक वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारिक संगठन के सदस्य, रेल यात्री एवं शहर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस नयी सुविधा के लिए उत्तर रेलवे की सराहना करते हुए इसे शहर और यात्रियों के लिए एक स्वागतयोग्य पहल बताया।

## भारत-कोरिया संबंधों का युग प्रारंभ, वैश्विक पर्यटकों के लिए खुले हैं यूपी के द्वार

**लखनऊ।** दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक नगर बुसान के बेक्सको में आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने अपने समृद्ध बौद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की। 7 से 10 अगस्त तक चले इस भव्य आयोजन में यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से अवगत कराया, जिससे प्रदेश की आध्यात्मिक पर्यटन की पहचान और गहरी हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 के चार दिवसीय आयोजन के दौरान एशिया के विभिन्न देशों के बौद्ध भिक्षु, पर्यटन उद्योग प्रतिनिधि और टूर-ट्रैवल ऑपरेटर एक मंच पर जुटे।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ मंडल में विशेष स्वच्छता अभियान

समृद्धि न्यूज

**एक से 15 अगस्त तक चलेगा स्वच्छता अभियान**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा आगामी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विशेष 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक सम्पूर्ण मंडल के अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं स्टेशन परिसरों में आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा रेल यात्रियों और रेलकर्मियों को गंदगी न फैलाने के महत्व से अवगत कराना है।

अभियान के अंतर्गत दिनांक 11 अगस्त 2025 को अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, वाराणसी कैंट स्टेशन पर उपलब्ध प्लास्टिक बॉटल क्रशर मशीन के उपयोग के बारे में सफाई मित्रों एवं यात्रियों को जागरूक किया गया तथा लखनऊ, बाराबंकी, मां बेल्हा देवी धाम (प्रतापगढ़), उन्नाव, मुसाफिरखाना, जौनपुर रेलवे पर स्थित सभी कार्यालयों की गहन सफाई की गई। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल अपने सम्मानित यात्रियों से अपील करता है कि वे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में कचरा इधर-उधर न फैलाएँ एवं निर्धारित डस्टबिन का ही उपयोग करें तथा रेलवे को स्वच्छ रखने में हमें अपना सहयोग प्रदान करें।

## अंबेडकरनगर व महाराजगंज जिलों के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** सेना भर्ती कार्यालय अमेठी द्वारा अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड में 11 अगस्त 2025 को आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर और महाराजगंज जिलों के अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। इस रैली में कुल 1229 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 1075 (87.47 प्रतिशत) अभ्यर्थी रैली में शामिल हुए।

आज उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर और कुशीनगर जिलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए रैली आयोजित की जा रही है।

इस दौरानअभ्यर्थियों को शारीरिक फिटनेस परीक्षण से गुजरना पड़ा, जिसमें 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग-जैग संतुलन, डिच जंप और चिन-अप्स शामिल थे, जिसके बाद शारीरिक माप और दस्तावेज सत्यापन किया गया। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के झांसे में न आएँ या किसी भी अनुचित तरीके का सहारा न लें। सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करना है।

## डिप्टी सीएम पाठक ने किया इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कॉन्फ्रेस का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कान्फ्रेन्स' का भव्य उद्घाटन आज सायं उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए श्री पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विभिन्न धार्मिक समुदायों के मध्य परस्पर विश्वास को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जनमानस का आह्वान किया कि एकता व सौहार्द की भावना के साथ समाज के उत्तरोत्तर विकास में सक्रिय योगदान दें। विदित हो कि 'इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कान्फ्रेन्स' का आयोजन 11 से 13 अगस्त तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें इजिप्ट, अमेरिका, लेबनान, ब्राजील एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे विद्वजन अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि व देश-विदेश से पधारे विद्वजनों का हार्दिक स्वागत-अभिनन्दन करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि धर्म हमें जीवन मूल्यों पर चलना सिखाता है और हमारी आध्यात्मिक प्रगति करता है। सभी धर्मों का पूरा सम्मान सी.एम.एस. की विचारधारा में रचा-बसा है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सम्मेलन छात्रों व युवा पीढ़ी को सभी धर्मों का पूरा सम्मान करते हुए एकता व शान्ति के वातावरण में सामाजिक विकास हेतु प्रेरित करेगा। इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेंस की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की हेडमिस्ट्रेस ख्याति लांबा ने कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन विश्व के विभिन्न धर्मों के बीच समन्वय स्थापित करने में सफल साबित होगा। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने देश-विदेश से पधारे विद्वानों, धर्मावलम्बियों व न्यायविदों आदि के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक इन्द्रधनुषी छटा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले, सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु देश-विदेश से पधारे विद्वजन व धर्मावलम्बी अपरान्हः सत्र में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिले और इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्यों पर विस्तार से अपने विचार रखे। इन विद्वजनों ने एक स्वर से कहा कि 'धार्मिक समन्वय' सामाजिक विकास की धुरी है। धर्म इंसान को इंसान से जोड़ता है और इसी भावना के अनुरूप विभिन्न धर्मों की समानताओं पर गौर करते हुए समन्वय एवं भाईचारा बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

विद्वजनों का कहना था कि सी.एम.एस. के इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होगा। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इण्टरफेथ सम्मेलन के अन्तर्गत चर्चा-परिचर्चा का दौर कल 12 अगस्त, मंगलवार को प्रातः 8.30 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में प्रारम्भ होगा, जिसमें देश-विदेश से पधारे विद्वजन विभिन्न विषयों पर अपने सारगर्भित विचार रखेंगे।

# डीएम ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया शुभारंभ

## 28 तक ब्लॉकों में घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा, 28 लाख से अधिक आबादी होगी सुरक्षित

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद के गांधी इंटर कॉलेज रेलवे कालोनी बड़गांव गोण्डा में सोमवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं दवा का सेवन करते हुए सभी नागरिकों से अपील की कि जब आशा कार्यकर्ता दवा लेकर आएं तो वे भी दवा लें और अपने परिवार को भी प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह दवा फाइलेरिया मरीजों के इलाज के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोगों को इस लाइलाज बीमारी से बचाने के लिए घर-घर खिलाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने फाइलेरिया की गंभीरता बताते हुए कहा कि यह मच्छरों के माध्यम से फैलती है और इसके लक्षण 10 से 15 वर्ष बाद प्रकट होते हैं। जिले में अब तक 2,169 मरीज हैं, जिनमें 2,015 हाथीपांव (हाथ-पैर या महिलाओं के स्तन में सूजन) और 154 हाइड्रोसिल के मामले शामिल हैं। हाइड्रोसिल का ऑपरेशन संभव है, लेकिन हाथीपांव का कोई इलाज नहीं है। इसलिए दो वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को बचाव की दवा दी जा रही है।



**खाली पेट नहीं दी जाएगी दवा**

सीएमओ ने बताया दवा खाली पेट नहीं दी जाएगी और दवा सेवन के बाद लाभार्थी की उंगली पर निशान लगाया जाएगा। गर्भवती, गंभीर बीमार और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 385 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

**ब्लाकों में चलेगा अभियान**

सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि मनकापुर, रूपईडीह, तरबगंज और वजीरगंज ब्लॉक में संक्रमण नियंत्रण में है, इसलिए, अभियान वहां नहीं चलेगा। बाकी 12 ब्लॉकों में 2,305 प्रशिक्षित टीमें माइक्रोप्लान के अनुसार 28.81 लाख से अधिक लोगों को घर-घर जाकर दवा खिलाएँगी।

**सुरक्षित हैं दवाएं**

डॉ. वर्मा ने बताया कि दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। कुछ लोगों को हल्का बुखार, सिरदर्द या शरीर दर्द हो सकता है, जो पहले से मौजूद फाइलेरिया कृमियों के नष्ट होने की प्रतिक्रिया है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि व्यक्ति बीमारी से सुरक्षित हो रहा है। विशेष परिस्थितियों में चिकित्सकीय सहायता के लिए रेपिड रिस्पॉन्स टीम उपलब्ध है।

वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. सीके वर्मा ने कहा कि दवा सेवन से कोई वंचित न रहे इसके लिए माइक्रो प्लानिंग कर हर घर तक पहुंचने की रणनीति बनाई गई है। आशा कार्यकर्ताओं को सर्वे, हाउस मार्किंग, दवा सेवन और डेटा फीडिंग का प्रशिक्षण दिया गया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। गांवों, स्कूलों और राशन दुकानों पर बैनर, पोस्टर और पम्पलेट के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जा रही है। साथ ही, सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी सदस्य झिझक वाले परिवारों से संवाद कर टीम का सहयोग कर रहे हैं ताकि दवा सेवन में कोई बाधा न आए।

# दबंग ने ताकत व प्रभाव का गलत इस्तेमाल करते हुए निर्माणाधीन दीवार को गिराया

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** हाल ही में एक अजीब और हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जब एक दबंग व्यक्ति ने अपनी ताकत और प्रभाव का गलत इस्तेमाल करते हुए एक निर्माणाधीन दीवार को जमीन पर गिरा दिया।

दुर्जनपुर बनवरिया थाना कोतवाली नगर निवासी मलिक मोहम्मद पुत्र मोहम्मद शफी ने बताया कि विगत 19/6/ 2025 को हमारे दीवाल के बगल से जबरन मिट्टी खोद लिया जब मैंने मना किय तो विपक्षी सालार पुत्र शफीउल्लाह मुफिश पुत्र सफीउल्लाह अशफाक पुत्र सालार इश्तियाक पुत्र सालार आदि लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया यह घटना एक व्यस्त इलाके में हुई, जहाँ मजदूरों द्वारा निर्माण का कार्य जारी था। बताया जा रहा है कि आरोपी व्यक्ति ने बिना किसी कारण के दीवार को गिरा दिया, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह व्यक्ति इलाके में अपनी दबंगई के लिए प्रसिद्ध है और अक्सर ऐसे घटनाओं को अंजाम देता है। घटना के समय वहां मौजूद मजदूरों ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन दीवार गिरने से संपत्ति को काफी नुकसान हुआ। इस घटना से यह सवाल उठता है कि क्या किसी को अपनी ताकत का इस तरह से दुरुपयोग करने की छूट मिलनी चाहिए? क्या यह समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी नहीं है कि दबंगई और हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं? जब इस घटना की जानकारी नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी से मांगी गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है दूसरे पक्ष को बुलवाया गया है दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सर्प के काटने से बालिका सहित दो की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में सर्प के काटने से एक 11 वर्षीय बालिका सहित दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के बच्ची माझा गड़ेरियन पुरवा मौजा सोनौली मोहम्मद पुर निवासी लक्ष्मी प्रसाद की 11वर्षीय पुत्री नैंसी सोमवार की सुबह घर में चार पाई पर सो रही थी। सोते समय ही चार पाई पर चढ़ कर जहरीले शाप ने काट लिया जिस से उस की मौत हो गई। मृत्यु बालिका के पिता लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि इस समय बाढ़ का पानी घर के चारों तरफ भरा हुआ है। इसी की वजह से जहरीले जंतु आ गए है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के जानकी नगर निवासी 35 वर्षीय शिव कुमार पुत्र गांधी लाल खेत गए हुए थे। वहीं पर किसी जहरीले सर्प ने काट लिए इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### छत से गिरे व्यक्ति की इलाज के दौरान 11वें दिन हुई मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** धाने पुर थाना क्षेत्र के गोरथनिया निवासी 33वर्षीय अजय कुमार यादव पुत्र राम फेर यादव राज कोट में रहकर मजदूरी करता था। बीते एक अगस्त को छत से गिर कर घायल हो गया था। कुछ दिन वहां इलाज कराने के बाद गोंडा लेकर चले आए थे। एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। सोमवार के दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### करंट लगने से वृद्ध की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** छपिया थाना क्षेत्र के खम्हरिया खुर्द निवासी 65 वर्षीय नन्हें की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र कमलेश ने बताया कि रात्रि में घर के मड़हा में सो रहे थे।तभी पंखे का तार लगाते समय करंट लग गया जिस से मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है ।

### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की अगुवाई में गूंजा स्वच्छता का बिगुल



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** भाजपा संगठन द्वारा संचालित तिरंगा यात्रा के क्रम में विशेश्वरगंज ब्लॉक परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा, जब ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया। हाथों में झाड़ू और दिलों में तिरंगे का उत्साह लिए राकेश पांडेय ने पूरे परिसर की सफाई कर शहीदों को सादर नमन किया। राकेश पांडेय ने कहा—देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को स्वच्छ और सशक्त भारत ही हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। अभियान में ग्राम प्रधान कन्छर कृष्ण कुमार गिरि, सेमरौना प्रधान आज्ञा राम तिवारी, धनलाल पांडेय, गोगे पांडे, शिवानंद प्रधान, गप्पू शुक्ला, अभय तिवारी समेत भारी संख्या में लोग शामिल हुए। तिरंगे के रंग और जयघोषों से सराबोर इस आयोजन ने यात्रा को जोश और गौरव से भर दिया।

### एडीजी ट्रेनिंग बी.डी. पॉलशन पहुंचे बहराइच



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एडीजी ट्रेनिंग एंव पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी ट्रेनिंग) बी.डी. पॉलशन पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उप्र द्वारा बहराइच पुलिस लाइन में चल रहे आर.टी.सी. प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। एडीजी ट्रेनिंग पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0 प्र0 द्वारा पुलिस लाइन बहराइच का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आरटीसी-2025 के प्रशिक्षण का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह उपस्थित रहे व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीजी ट्रेनिंग द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्थलों का गहन निरीक्षण किया जिसमें भवन, लाइब्रेरी, बैरक, मेस, शौचालय, स्नानागार, जिम्नेजियम और क्लासरूम शामिल रहे । एडीजी ट्रेनिंग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और आवश्यक निर्देश भी दिए। क्लासरूम के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं। भवन, मनोरंजन हाल और बैरकों, शिक्षण कक्षों आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एडीजी ट्रेनिंग ने साफ-सफाई, विद्युत, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच आरटीसी-2025 के लिए -596 प्रशिक्षुओं की आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिसकी एडीजी ट्रेनिंग द्वारा सराहना की।

# गुणवत्ता के साथ तेजी से करें शिकायत निस्तारित

**आयुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित संदर्भों पर की समीक्षा संतोषजनक फीडबैक बढ़ाने के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर सोमवार को आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कमिश्नरेट सभागार में सभी मंडलीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल पर लंबित संदर्भों की समीक्षा करना और शिकायत निवारण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति तैयार करना रहा।

बैठक की शुरुआत में आयुक्त ने पोर्टल पर मौजूद लंबित मामलों की विभागवार स्थिति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान है, और इसके लिए सभी विभागों को सक्रिय, संवेदनशील और जवाबदेह रहना होगा।



एक अगस्त से 11 अगस्त के मध्य प्राप्त 62 संदर्भों के फीडबैक में से 51 फीडबैक संतोषजनक पाए गए जबकि 11 फीडबैक असंतोषजनक प्राप्त हुए। इसमें अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल, मुख्य अभियंता विद्युत, संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग के शत प्रतिशत फीडबैक असंतोष जनक पाए गए।

**जनता को होगा सीधा लाभ**

इन निर्देशों के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि लंबित संदर्भों के निस्तारण की रफ्तार में उल्लेखनीय सुधार होगा। शिकायतकर्ता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण समाधान मिलेगा, जिससे शासन-प्रशासन और जनता के बीच भरोसे का रिश्ता और मजबूत होगा। आयुक्त ने बैठक के अंत में कहा हम सबकी जिम्मेदारी है कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें। शिकायत निवारण केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सेवा का एक महत्वपूर्ण रूप है।

**नियमित मॉनिटरिंग व समीक्षा की व्यवस्था**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज सभी संदर्भों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि कोई भी फीडबैक असंतोषजनक ना होने पाए सभी अधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर संतोषजनक फीडबैक का प्रतिशत बढ़ायें।

# लहरों की भेंट चढ़े तीन आशियानें, खतरे के निशान से एक सेमी ऊपर बह रही घाघरा

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** घाघरा नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। इससे तटवर्ती गांवों को बाढ़ की समस्या से राहत मिली बावजूद इसके जानकी नगर में कटान तेज हो गई है। सोमवार को तीन आशियानें लहरों की भेंट चढ़ गए। प्रभावित ग्रामीण अपनी गृहस्थी को सुरक्षित स्थानों पर रखने में जुट गए हैं। एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान से एक सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बैराजों से पानी के डिस्चार्ज में कमी आने के बाद घाघरा का जलस्तर तेजी से घट रहा है।

जलस्तर कम होने के बाद तटवर्ती ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या से राहत मिली है। जानकी नगर निवासी परसन, रामचंदर आकांक्षा के आशियानें कट गए। कटान के भय से गांव के मगन, तीरथ, दन्ना ईंटों को सुरक्षित कर गृहस्थी समेटने में जुटे रहे। मुनऊ, त्रिभुवन, रामदास, बदलू, गंगाराम, रामनिवास, कैलाश, छोटकन्ने, प्रमोद, के आशियानें कटान के मुहाने पर हैं। सरयू ड्रेनेज खंड प्रथम के सहायक अभियंता वीवी पाल ने बताया कि सोमवार की शाम चार बजे शारदा बैराज से 142466 क्यूसेक, गिरिजापुरी बैराज से 125721 व सरयू बैराज से 5630 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा का जलस्तर लाल निशान 106.07 मीटर के सापेक्ष 106.08 मीटर रिकार्ड किया गया। एई ने बताया बैराजों से पानी के डिस्चार्ज में कमी दर्ज की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद ने राजस्व कर्मियों को बाढ़ व कटान की स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद दी जा रही है।



# "हर घर तिरंगा" अभियान अन्तर्गत आयोजित हुआ तिरंगा महोत्सव

**बहराइच।** प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से जनपद में 15 अगस्त तक संचालित होने वाले ''हर घर तिरंगा'' अभियान अन्तर्गत कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित तिरंगा महोत्सव/मेला/कल्चरल इवेन्ट का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में ओडीओपी, आईसीडीएस, ग्रामोद्योग बोर्ड व सहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड के स्टाल लगाये गये थे जबकि गुलाब व फूल महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तिरंगा सिलाई केन्द्र के स्टाल लगाये गये थे।

# पुलिस ने झांसा देकर शादी करने व धर्म परिवर्तन कराने के अभियुक्त को पकड़ा



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** एक अगस्त को थाना को0 नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी थी कि विपक्षी आजम हसन शेख उर्फ विनीत सिंह उर्फ बिल्टू पुत्र अकबर अली द्वारा उसके साथ हिन्दू होने का झांसा देकर शादी की गई, तथा धर्म परिवर्तन करने से मना करने पर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए मारापीटा व जानमाल की धमकी देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया।

वादिनी की तहरीर पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना उ0नि0 उदित कुमार वर्मा द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त आजम हसन शेख उर्फ विनीत सिंह उर्फ बिल्टू पुत्र अकबर अली को थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा टेक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर बर्धमान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# युवक की बाइक कुत्ते से टकराई, एक की मौत, दो घायल

**गोंडा।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के चचरी माझा मार्ग स्थित भट पुरवा ग्राम के पास एक बाइक पर सवार हो कर तीन दोस्त रविवार की देर रात्रि में डीजे बुक कराने जा रहे थे। तभी रास्ते में कुत्ता अचानक आ गया। जिस से बाइक टकरा कर नीचे गड्ढे में पलट गई। बाइक की पलटने से एक युवक की मौत हो गई दो युवक घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के नकार गोबरे पुरवा निवासी 22 वर्षीय बड़कऊ पुत्र गुल्ले 20 वर्षीय अनूप कुमार पुत्र गोमती प्रसाद और बहराइच जनपद के कैसर गंज थाना क्षेत्र के मंगल नगर निवासी श्रवण कुमार पुत्र भुसैली तीन एक ही बाइक पर सवार हो के डीजे बुक कराने चचरी बाजार जा रहे थे।तभी बाइक कुत्ते से टकरा गई। जिस में बड़कऊ की दर्द्नाक मौत हो गई। अनूप और श्रवण कुमार इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# अराजक तत्वों ने धार्मिक चबूतरा तोड़ा, काटे कई पेड़

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के महसी तहसील स्थित पडोहिया ग्राम में अराजक तत्वों ने देव स्थान पर बने चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही परिसर में लगे कई पेड़ों को भी काट डाला। सोमवार सुबह पूजा करने पहुंचे लोगों ने जब तोड़फोड़ देखी तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गांवट माता स्थान पर हुई इस घटना की सूचना पर महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।विधायक ने स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी ली और घटना में शामिल लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

ग्रामीणों ने भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस ने मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।विधायक ने कहा कि आज विधानसभा सत्र शुरू हुआ है, लेकिन मुख्यमंत्री से बात होने के बाद उन्होंने हमें घटनास्थल पर पहुंचने के लिए कहा। डीजीपी गृह सचिव समेत अन्य सभी अधिकारियों से बात हुई है। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो उन्हें हमेशा याद रहेगी।सीओ रवि खोकर, हर्षिता तिवारी थाना प्रभारी रामगांव राज कुमार पांडे समेत आसपास के थानों के पुलिस बल को तैनात किया गया है।



आपको बता दें कि महसी का इलाका काफी संवेदनशील माना जाता है। एक साल पहले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान इलाके के महराजगंज कस्बे में सांप्रदायिक हिंसा में एक युवक की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ था।सीओ ने बताया कि आज सुबह रामगांव थाने को सूचना मिली कि इलाके में स्थित एक धार्मिक स्थल के चबूतरे को कुछ लोगों के द्वारा तोड़ दिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# कृमि दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवा

**▸ एल्बेंडाजोल दवा एक सुरक्षित दवा है : डॉ धीरेन्द्र तिवारी**

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक) दवा सोमवार को खिलाई गई। दवा खाने से वंचित बच्चों को मॉपअप के तहत 14 अगस्त को दवा खिलाई जाएगी। इस संबंध मे सीएचसी पयागपुर अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा एक सुरक्षित दवा है। इस दवा का कोई भी साइड-इफेक्ट नहीं है। एल्बेंडाजोल दवा पेट में कीड़ों को खत्म करने के लिए दी जाती है।

उन्होंने बताया कि पेट में अधिक कीड़े होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्के से चक्कर जैसा लग सकते हैं या उल्टी हो सकती है। ऐसी स्थिति से बच्चों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में बच्चे को थोड़े समय के लिए खुली हवा में लिटा दें व पानी का सेवन कराएं। इसके बाद 5-7 मिनट में ही बच्चा अपने सामान्य अवस्था में आ जाता है। वहीं बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा अनिवार्य रूप से बच्चों को दी जानी है।

पेट में होने वाले कीड़े या कृमि से बच्चे के शरीर में खुराक नहीं लगती और बच्चों का शारीरिक व मानसिक रूप से विकास सही से नहीं हो पाता और वह कमजोर होने लगता है। बच्चे के शरीर को विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने लगती है। डॉक?टरों का कहना है कि एल्बेंडाजोल दवा का अभी तक कोई भी साइड-इफेक्ट जानकारी में नहीं आया है । अभियान अंतर्गत सभी सरकारी व निजी स्कूलों मदरसा, आंगनबाड़ी केंद्रों पर व स्कूल न जाने वाले बच्चों को आशा द्वारा गृह भ्रमण कर घरों पर खुराक दी जाएगी 1 से 02 वर्ष को आधी गोली 03 से 19 साल की आयु पर 01 गोली चबाकर सेवन करना है।अत्यधिक बीमार बच्चों को दवा सेवन से बचने के सुझाव दिए गए है। एआरओ अनुराग पाठक, एएनएम, आशा, नोडल अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मुख्य रूप से विद्यालयों में उपस्थित रहीं।

**निर्देश** — डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

# त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने की अपील, गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई तय

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीगणेश चतुर्थी पूजा, चेहल्लुम व अन्य त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि बुजुर्गों द्वारा कायम की गई साम्प्रदायिक सौहार्द की परम्परा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को अच्छे संस्कार, विचार एवं आचरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी समाज के बुजुर्गों एवं धर्म गुरूओं की है। डीएम श्री त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि आसन्न त्यौहारों को साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखते हुए हंसी खुशी के साथ मनायें। जिला प्रशासन की ओर से बिजली, पानी एवं साफ-सफाई के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि बैठक के दौरान संभ्रान्तजनों एवं आयोजकों की ओर से जो भी सुझाव प्राप्त हुए उनका अनुपालन कराया जायेगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजकों के साथ भ्रमण कर त्यौहार से जुड़े धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गों इत्यादि का भ्रमण कर आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करा दें। डीएम ने कहा कि जिले के अम्नों अमान व कानून व्यवस्था को बनाये रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीएम ने कहा कि त्यौहार के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्रयास किया जाता है तो जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करने से भी नहीं हिचकेगा। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी।

संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसा कार्य न करें कि जिससे एक दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी से सहयोग प्रदान करने तथा पारम्परिक मार्गों पर ही जुलूस का संचालन किये जाने की अपील की है।

इससे पूर्व बैठक के दौरान राजेन्द्र गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, तेजे खॉ, राकेश श्रीवास्तव, कल्बे अब्बास, ज़फर उल्लाह खॉ बन्दी, निशा शर्मा, हरिश्चन्द्र गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, कुलभूषण अरोड़ा, परशुराम कुशवाहा, सरदार परमिन्दर सिंह पम्मी सहित अन्य सभ्रान्तजनों द्वारा साफ-सफाई, बिजली पानी, सड़कों एवं मार्गों की मरम्मत इत्यादि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद सहित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व पीस कमेटी के सदस्यगण मौजूद रहे।

# महमूदाबाद में 50.78 तो मिश्रिख में 63.08 प्रतिशत मतदान



**महमूदाबाद (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर उपचुनाव सोमवार को सम्पन्न हो गया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का पहुँचना का सिलसिला शुरू हो गया। पालिका के 25 वार्डो में 53 बूथ बनाए गये थे। सभी बूथों पर पुलिस बल की तैनाती के बीच मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 26 हजार 503 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 50.78 प्रतिशत मतदान किया। चुनाव पर्यवेक्षक अपर आयुक्त राजस्व राकेश पटेल के साथ-साथ डीएम अभिषेक आनन्द, एसपी अंकुर अग्रवाल व अधिकारी मतदान केन्द्रों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। कई बूथों पर गहमा गहमी की स्थिति बनी रही जिसको प्रशासन ने तत्काल निपटारा कर दिया।

महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर उपचुनाव सोमवार को शुरू हुआ।

सुबह सात बजे से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। शुरूआती तीन घंटे में कई बूथों पर मतदाताओ की संख्या बहुत कम रही लेकिन समय बढ़ने के साथ-साथ मतदान प्रतिशत तेजी से बढ़ना शुरू हुआ। सुबह 9 बजे तक 11 प्रतिशत मतदान हो सका था। अगले दो घंटे में मतदान प्रतिशत बढ़कर 27 प्रतिशत सम्पन्न हो गया। सुबह जरूरी काम निपटाने के बाद महिलाएं घरों से निकलीं और बूथों पर जाकर मतदान किया। तीन बजे तक 42.54 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। रामकुण्ड स्कूल में बनाए गए बूथ पर सुबह से ही मतदाता पहुँचना शुरू हो गये थे। इसके अतिरिक्त पैगम्बरपुर, नूरपुर, सिरौली, नगर पालिका कार्यालय, काल्विन इण्टर कालेज में मतदाताओं ने पहुंचकर मतदान किया। दोपहर करीब दो घंअे बारिश के चलते मतदान की रफ्तार धीमी रही। महमूदाबाद में 27 हजार 641 पुरुष व 24 हजार 529 महिलाओं समेत कुल 52,191 मतदाता हैं जो यहां चुनाव लड़ रहे अध्यक्ष पद के 10 प्रत्याषियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

### दिव्यांगों व युवाओं ने दिया वोट

उपचुनाव में विकलांग और युवाओं में भी मतदान का उत्साह देखते ही बन रहा था। बूथों पर विकलांगों ने अपने अपने साधनों से पहुँचकर मतदान का प्रयोग किया। कई बूथो पर पुलिस विकलांगों के लिए सहारा बनती नजर आई। पैगम्बरपुर में 60 वर्षीय साजिदा ने अपने नाती इरफान के साथ पहुँचकर वोट किया। ठाकुरपुर के बूथ पर 70 वर्षीय सुमिरता ने दामाद रामसागर के साथ पहुँचकर मतदान किया। पालिका कार्यालय बूथ पर युवा शिवी जैन, सार्थक, शाश्वत आदि ने मताधिकार का प्रयोग किया।

### शांति पूर्ण माहौल में उपचुनाव सम्पन्न

नगर पालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य की चेयर मैन मुन्नी देवी का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा सुबह 7 बजे से शांति पूर्ण माहौल में उपचुनाव सम्पन्न कराया गया । कस्बा मिश्रिख और नैमिषारण्य के सभी बूथों सहित चप्पे चप्पे पर पुलिस की कड़ी निगरानी बनी रही । जिससे मिश्रिख नैमिषारण्य में शांति पूर्ण माहौल में उपचुनाव सम्पन्न हुआ । इस शांति पूर्ण चुनाव को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सभी मतदान केंद्रों का बराबर निरीक्षण करते रहे । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मिश्रिख नगर पालिका क्षेत्र के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय , उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र , महर्षि दधीचि इण्टर कालेज सहित नैमिषारण्य के सभी मतदान केन्द्रों का बराबर निरीक्षण करते रहे । पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिये थे । ताकि कोई शांति पूर्ण चुनाव में कोई गड़बडी न होने पाए । इस दौरान संबंधित उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे । नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य में सायं 5 बजे तक 63.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। आपको बता दे कि इस नगर पालिका क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 8847 महिला मतदाताओं की संख्या 7943 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 16790 है । सभी मतदाताओं ने चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्यासियों के भाग्य का फैसला आज मत पेटियों में बंद कर दिया है। जिसका फैंसला आगामी 13 अगस्त को हो सकेगा ।

### अधिकारी करते रहे निरीक्षण कार्य

उपचुनाव में पालिका क्षेत्र में बनाए गऐ बूथों पर अधिकारी भ्रमण करते रहे। चुनाव पर्यवेक्षक राकेश पटेल ने पैगम्बरपुर पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम अभिषेक आनन्द, एसपी अंकुर अग्रवाल ने नूरपुर बूथ पर पहुँचकर व्यवस्थाएँ परखीं और आवश्यक दिशा निर्देष दिए। डीएम एसपी ने अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया।

## कांग्रेस के गढ़ में सपाइयों का उमड़ा सैलाब



- दिल्ली में विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी के बाद हुआ जोरदार प्रदर्शन
- सपाइयों ने की जोरदार नारेबाजी, सरकार व चुनाव आयोग पर लगाया धांधली का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सपा जिला अध्यक्ष के वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जनाक्रोश की तस्वीर देखने को मिली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के बाद जिले भर में सपा कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सपा कार्यालय से लेकर कलेक्टरेट तक समाजवादियों ने पैदल मार्च निकाला। अखिलेश यादव ज़िंदाबाद, तानाशाही नहीं चलेगी और लोकतंत्र की हत्या बंद करो... जैसे नारों से रायबरेली की गलियां गूंज उठीं।

सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव नें कहां हम हारे नहीं, हमारे वोट चोरी हुए हैं। अब जब हमारे नेता ने संसद में सच्चाई बोलने की कोशिश की, तो मोदी और अमित शाह के इशारे पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ये लोकतंत्र पर सीधा हमला है।समाजवादी पार्टी ने साफ किया है कि वो इस %कृत्य% के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र और अपने नेता के सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे।

सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली बन गया है। एसआईआर का विरोध किया जा रहा है और जब चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं तो भाजपा के नेता चुनाव आयोग की तरफ से बयान दे रहे हैं जबकि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को सही बताने वाले टेस्ट गृहमंत्री कौन होते हैं एसआईआर को वापस लिया जाए यही हमारी मांग है।

अखिलेश यादव ने दिल्ली में इंडिया गठबंधन के मार्च में भाग लिया, जहां उन्होंने पुलिस बैरिकेड कूदकर अपना विरोध जताया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी इस प्रदर्शन में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह मार्च बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण और 2024 लोकसभा चुनाव में कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ किया गया था

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया से बचाव के चेयरमैन प्रतिनिधि सहित नगरवासियों ने खाई दवा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** फाइलेरिया से बचाव के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात व युवा नेता पीयूष साहू सहित प्रकाश नगर के 40 लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा आंगनवाडी की कार्यकर्त्री मीना सोनकर ने बताया कि प्रकाश नगर में चेयरमैन प्रतिनिधि के पूरे परिवार सहित 40 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई है वही किरन रस्तोगी शैलेश कुमारी ज्योति वर्मा द्वारा पैगंबर नगर रूद्र नगर आर्य नगर के लोगों को फाइलेरिया से बचने के लिए अपने सामने फाइलेरिया की दवा खिलाते हुए पानी पिलाया गया।

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की इलाज के दौरान मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत डीघा गोपालपुर में खेत में काम कर रहे एक युवक को अचानक किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। सूचना मिलने पर ग्रामीण आनन फानन में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर भागे जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, मृतक युवक दिल कुमार के उम्र लगभग 40 वर्ष के आठ आठ छोटे-छोटे बच्चे हैं। मेहनत मजदूरी कर के किसी तरह बच्चों का भरण पोषण करता था। ऐसे में उसके पालन पोषण की बड़ी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### आपदा से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 05368-298052 पर 24 घंटे संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम में प्रभारी अधिकारी के रूप में उप जिलाधिकारी नितेश राज को नियुक्त किया गया है। वहीं, कर्मचारियों की ड्यूटी इस प्रकार निर्धारित की गई है। प्रात: 6 से अपराह्न 2 बजे तक रमेश कुमार एवं गुलाब सिंह (होमगार्ड)। अपराह्न 2 से रात्रि 10 बजे तक वीरेंद्र सिंह एवं अखिलेश मिश्रा (होमगार्ड)। रात्रि 10 से प्रात: 6 बजे तक सौरभ कुमार सिंह एवं अंकित पांडेय (होमगार्ड)। अपर जिलाधिकारी ने सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों, समस्याओं व सूचनाओं को पंजीकृत करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल सूचित करने तथा उनका समुचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पति का निजी अंग काटने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद मे अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को देर शाम थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्ता नाजनी बानो पत्नी मो अंसार निवासी मैगलगंज मजरे कचनांव को गिरफ्तार किया कर लिया है। पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसके पति ने उससे यह झूठ बोल कर शादी की थी कि उसकी कोई शादी नहीं हुई है, किन्तु जब वह घर आयी तो अंसार की पहली पत्नी को देखा जिससे दोनों में विवाद होने लगा। अंसार अपनी पहली पत्नी को छोड़ने की बात कह रहा था किन्तु छोड़ नहीं रहा था । इसी बात को लेकर शनिवार की रात्रि में उसका उसके पति से विवाद बढ़ गया और उसने चाकू से अपने पति पर वार करके घायल किया और उसका निज अंग काट दिया था। कोतवाली प्रभारी जगदीशपुर ने बताया कि पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद किया गया है तथा गिरफ्तारी के संबन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मुसाफिरखाना धरौली मार्ग पर जल जमाव से आवागमन बाधित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड मुसाफ़िर खाना मुसाफिरखाना अन्तर्गत धरौली मार्ग पर जल जमाव से लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गत वर्ष पीडब्ल्यूडी द्वारा मार्ग पर लेपन का कार्य किया गया था लेकिन बारिश के चलते एक साल में ही मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो जाने की वजह से जगह जगह पर जल जमाव हो गया है। जिस के कारण लोगों को आने जाने में कठिनाई होती है। खासकर हनुमान मंदिर तिराहे के पास कुछ अधिक ही जल जमाव रहता है, ज्ञातव्य हो कि ग्राम में ही मॉडल विद्यालय आईटीआई व शेमफोर्ड विद्यालय भी है जिसके चलते छात्रों का काफी संख्या मे आना जाना लगा रहता है स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मार्ग ऊंचा कर दिया जाए तो इस समस्या से निजात मिल सकती है। ग्रामीणों ने मार्ग को ऊंचा करते हुए बनाने की मांग की है ताकि जल जमाव न हो सके।

## वेतन न मिलने से धरने पर बैठे रेलकोच कारखाने के कर्मचारी



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली मे रेल कोच फैक्ट्री के सैकड़ों ठेका कर्मचारियों का सब्र टूट गया। सोमवार सुबह हिंदुस्तान फाइबर ग्लास वर्क्स और एक्मी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सभी कर्मचारी अपनी-अपनी मशीनें छोड़कर सीधे फैक्ट्री के मुख्य गेट पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है। त्योहारी सीज़न में जेब खाली होने से उनकी नाराज़गी उबाल पर आ गई। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि लगातार वेतन रुकने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, घर का राशन-पानी तक मुश्किल से जुट रहा है। कई कर्मचारियों ने कहा कि त्योहार के वक्त भी बच्चों के लिए कपड़े और मिठाई तक खरीदने की स्थिति में नहीं हैं। धरनास्थल पर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि बकाया भुगतान तुरंत नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। उनका कहना है कि ज़रूरत पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी चले जाएंगे और फैक्ट्री का काम पूरी तरह ठप कर देंगे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ठेका कंपनियों की ओर से भुगतान में देरी की वजह ठेकेदारी व्यवस्था और बिल पास होने की प्रक्रिया में अड़चन बताई जा रही है। हालांकि, कर्मचारियों का कहना है कि ठेकेदार बहाने बना रहे हैं और उनकी मेहनत की कमाई रोककर खुद बच निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

## 15 को सीतापुर आएंगे स्वर्ण आर्मी युवा विंग के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्ण आर्मी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित संगठन के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रसाद चौबे भी जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी देते हुए सीतापुर युवा विंग जिला अध्यक्ष अनुज त्रिवेदी ने बताया कि संगठन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया जाएगा और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम लोग भारत माता के गौरव के गान के साथ-साथ संगठन के लक्ष्यो को पूर्ण करने के लिए संकल्पबद्ध भी होंगे।

## चंदापुर थानेदार की पत्रकार को धमकी- इमेज सुधार लो, नहीं तो ठीक कर दूंगा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चंदापुर थाना एक बार फिर विवादों के घेरे में है। ताजा मामला एक पत्रकार को धमकी देने का है, जहां थानेदार अरविंद सिंह ने पत्रकार अंजनी कुमार से कथित रूप से कहा - पहले अपनी इमेज सुधारो, नहीं तो मैं तुझे ठीक कर दूंगा। पत्रकार ने इस संबंध में क्षेत्राधिकारी (CO) प्रदीप कुमार को लिखित शिकायत सौंपते हुए थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पत्रकार अंजनी कुमार, निवासी डोमापुर, 11 अगस्त 2025 को अपने गांव की एक महिला के साथ थाने पहुंचे थे। महिला के पति की कुछ समय पूर्व दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उसे लगातार फोन पर धमकियां मिल रही थीं। इसी मामले की तहरीर देने वे चंदापुर थाना पहुंचे थे। लेकिन वहां मौजूद थानेदार अरविंद सिंह ने न सिर्फ तहरीर लेने से इनकार किया बल्कि पत्रकार को देख कर कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

पत्रकार का आरोप है कि थानेदार ने धमकी भरे लहजे में कहा - लामी कांड में अभी बहुत लोग अज्ञात हैं, तुम्हें भी फंसा दूंगा।

ज्ञात हो कि लामी गांव में कुछ माह पूर्व एक जघन्य हत्याकांड हुआ था, जिसकी जांच अब तक अधूरी है और कई नाम अब तक सामने नहीं आए हैं।

पत्रकार को इस केस में फंसाने की धमकी को लेकर अब पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शिवगढ़ में भी थे विवादों में

थानेदार अरविंद सिंह पूर्व में शिवगढ़ थाना प्रभारी रह चुके हैं, जहां पर भी उनकी कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतें मिलती रही थीं। वहां भी उन्हें अभद्रता और बदसलूकी के लिए जाना जाता था। अब जब से उन्होंने चंदापुर थाने की कमान संभाली है, आम ग्रामीण, खासतौर पर महिलाएं, बिना जनप्रतिनिधि या समाजसेवी के थाने जाने से डरते हैं।

### खुद की छवि दागदार, दूसरों को इमेज सुधारने की नसीहत

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस पुलिस अधिकारी की खुद की छवि विवादों से घिरी हो, वह दूसरों को 'इमेज सुधारने' की सलाह कैसे दे सकता है। पत्रकार अंजनी कुमार ने अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि इस घटना से उन्हें मानसिक और सामाजिक क्षति हुई है और अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### एक ओर लामी केस अधूरा, दूसरी ओर पत्रकार को धमकी

एक तरफ जहां पुलिस लामी हत्याकांड की जांच में कोई खास प्रगति नहीं कर पाई है, वहीं एक पत्रकार को इस केस में फंसाने की धमकी थानेदार की खीझ को दर्शाती है। यह कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है कि पुलिस पीड़ित की सुनवाई की बजाय, धमकी और दमन का सहारा ले रही है।

## लुप्त हो रही अपनी विरासत सम्हालिये : हरेन्द्र




**महोली सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. सतीश चंद्र वर्मा, महेंद्र सिंहल एवं अशोक सिंहल के सौजन्य एवं अथक प्रयासों से संस्कार भारती जिला समिति सीतापुर एवं आलोक लोक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय मुरली नारायण गेस्ट हाउस में एक भव्य अंतर्जनपदीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं अतिथियों के स्वागत-सत्कार के उपरांत कवयित्री बिंदु प्रभा द्वारा ज्ञान रूपी दीपक जला के कीजिए प्रकाश अंधकार जग का कहीं भी नहीं शेष हो के उच्चारण के साथ मां सरस्वती की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की गई।

कवि हृदय की वेदना व्यक्त करते हुए संस्था संरक्षक डॉ. सतीश ने कहा, तुम कहते हो गीत सुनाओ, स्वर संगम की सैर कराओ, हृद तंत्री में सूनापन है, निरुत्साह स्वर खालीपन है, रंचमात्र झंकार नहीं है, कैसे गाऊं गीत बताओ। बेटियों के प्रति अपने हृदय के उद्गार व्यक्त करते हुए संस्कार भारती जिलाध्यक्ष इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने कहा, सौम्य सुन्दर सहज सुहावन है, शोख चंचल बरसता सावन है। तेज उसमें है नर्मदा जैसा, बेटी गंगा की तरह पावन है। निज कई धर्म का निर्वाहन करते हुए संस्था उपाध्यक्ष डॉ. मनोज दीक्षित दिवाकर ने कहा, जिसमें हो भूखे की रोटी आओ ऐसा गीत लिखें, सहज हंसा दे आंखें रोती आओ ऐसा गीत लिखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ गीतकार सुकवि आलोक सीतापुरी ने कहा, ख्याते मा पलटौ न फूकौ पराली, श्री अन्न ते अब सजै सबकी थाली। सेहत का संग संग खजनवा चले, सरहद पर जैसे जवनवा चले। देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर कवि राज कुमार तिवारी ने कहा, तन में यमुना बसे मन में गंगा रहे, आदमी कोई भूखा न नंगा रहे, राज दिल में बसी बस तमन्ना यही, जग में ऊंचा सदा ये तिरंगा रहे। युवा कवयित्री अंजली वर्मा ने निज हृद उद्गार व्यक्त करते हुए कहा, अंतरिक्ष जाने वाली होती कल्पना नहीं तो, मेरा यह तिरंगा चांद पर फहराता कौन?

अपने हृदय की आकांक्षा व्यक्त करते हुए संयोजक राम किशोर श्रीवास्तव ने कहा, बन के सारी मुझे इसका जाम दे, दिल जो बहके अगर तो बहक जाने दे। इसके उत्तर में गीता ने कहा, मनाऊं मैं उन्हें कैसे वे मुझसे रूठ बैठे हैं, वफा के नाम पर मुझसे मेरी जां मांग बैठे हैं। उपरोक्त के साथ-साथ अंबिका तिवारी अंबुज, गुड्डू चक्रवर्ती, बाल गोविंद द्विवेदी, शिवांश सिंह सुंदरम, देवेंद्र चौहान देव, बैकुंठ सागर, बृजकांत वाजपेजी एवं अरुण शर्मा आदि ने अत्युत्तम काव्य पाठ करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा जिसका प्रारंभिक संचालन अंबिका अंबुज, एवं मुख्य संचालन अतुल मिश्र मधुकर ने किया, उपरोक्त कार्यक्रम में रूपचंद्र वर्मा, विशेष जी, जय देवी वर्मा, श्रीमती सिंहल, पवन सिंहल, दाताराम वर्मा, राम प्रसाद वर्मा, एड. हरिकरन नाथ दीक्षित, रामचंद्र वर्मा, संजय वर्मा, पीयूष मिश्रा, चंद्र कुमार शुक्ला, चंद्र मोहन त्रिपाठी, उत्तम वर्मा, सुमित वर्मा, डॉ. अरविंद वर्मा, रामनिवास गुप्ता, सुधीर वर्मा, पत्रकार शिवचंद्र त्रिवेदी, सुरेंद्र मिश्रा, पत्रकार पंकज मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## कोटवा मोहम्मदाबाद व सिरसा ग्राम पंचायत के मार्ग में कमर तक भरा है पानी



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ नेता बड़े-बड़े दावे करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ पक्की सड़क पर घुटने घुटने तक भरा हुआ पानी नेताओं को आईना दिखाने के लिए काफी है। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के सिरसा ग्रामपंचायत से निकली हुई सड़क जो कोटवा मोहम्मदाबाद से जोड़ती और हजारों हजार लोग इसी सड़क का प्रयोग करते हुए अपने स्थान पर निकलते हैं।

वही रायबरेली और अमेठी जिले से भी लोगों को यह सड़क जोड़ती है उसके बावजूद भी इस सड़क पर चलना दुश्वार है। इसी मार्ग पर जूनियर हाई स्कूल भी स्थित है जो कि सिरसा ग्राम पंचायत का है और स्कूल के अंदर भी भारी जल भराव है।ग्रामीण सोनू पंडित विजय शर्मा सभा शर्मा रंगबहादुर सिंह रामचंद्र सिंह रिंकू सिंह ने बताया कि लगभग 15 दिनों से विद्यालय बंद है और बच्चे पढ़ाई करने नहीं आ रहे हैं क्योंकि रास्ते के मार्ग में कमर तक पानी भरा हुआ है वही इस मार्ग पर गिरकर लोग चोटिल हुआ करते हैं लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है जबकि 2 किलोमीटर पर ही क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर का घर है और कोटवा मोहम्मदाबाद के प्रधान अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू महराजगंज ब्लॉक के प्रधान संघ अध्यक्ष हैं सांसद राहुल गांधीहै राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह है उसके बावजूद भी जनता लगभग दो किलोमीटर का यह रास्ता भारी जल भराव के बीच तय करती है।

लोगों ने बताया कि सिरसा कोटवा मोहम्मदाबाद सहित कई ग्राम पंचायत के लोग इस मार्ग से निकलते हैं कोटवा मोहम्मदाबाद की बाजार भी लोग इसी से जाते हैं अब इस समय पानी भरा होने की वजह से हम सभी बाजार जाने से भी वंचित हो रहे हैं लगभग 20 साल पहले 1995 में गन्ना विभाग द्वारा या पक्की सड़क पर बोल्डर डाले गए थे तब से लेकर अब तक कोई देखने नहीं आया बस हम लोग इसी बदहाल मार्ग पर चल रहे हैं किसी तरह जान जोखिम में डालकर।

### हत्या के प्रयास में वांछित अभियक्त बांका के साथ गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना जगदीशपुर में वांछित अभियुक्त अलाउद्दीन पुत्र स्व मो शफीक उर्फ बबऊ निवासी ग्राम पूरे निहालपुर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया है। घटना स्थल के निरीक्षण व साक्ष्य संकलन के दौरान घटनास्थल से मारपीट में प्रयुक्त एक बांका बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अलाउद्दीन ने बताया कि दिनांक रविवार को उसके गांव के ही निवासी मो शफीक के दामाद राजू से उसका झगड़ा हो गया था। इसी बात को लेकर शाम को जहीर पुत्र जान मोहम्मद से भी उसकी कहासुनी होने लगी थी तभी उसने बाका से जहीर पर वार करके मौके से फरार हो गया था।

## डीएम ने अस्थायी बगाही गोशाला का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विकास खंड जगदीशपुर के अंतर्गत संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, बगाही का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा एवं साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए केयर टेकर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में बताया गया कि आश्रय स्थल में 200 से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों की जानकारी लेते हुए पता चला कि वर्तमान में 2 गोवंश बीमार हैं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने हरे चारे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर एवं केयर टेकर के भुगतान संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया और इन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

### स्वतंत्रता दिवस पर 5 किमी क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ़ खान ने बताया कि वर्ष 25-26 में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त को डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 5 किमी क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के लिए प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जनपद के खिलाड़ी 14 अगस्त तक जिला खेल कार्यालय, अमेठी में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।

## सड़क हादसे में ट्रेलर में फंसी बाइक, युवक की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत रविवार को देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी बाइक ट्रेलर मे फंस गई। तेज रफ्तार ट्रेलर फंसी बाइक को घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गया जिससे बाइक के रगड़ने पर उसमें आग लग गई और युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को किसी तरह से बाहर निकालकर मृतक के परिजनों को सूचित किया। वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भाले सुल्तान शहीद स्मारक वारिसगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर- अयोध्या फोर लाइन हाईवे पर रानीगंज प्रेमगढ़ स्थित ओवर ब्रिज के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जहां देर रात्रि करीब 1 बजे सीमेंट लदी ट्रेलर और बाइक की आमने सामने भिडन्त हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि मृतक युवक रंजीत निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पुरे जालिम मल्लाह मजरे मडवा थाना जगदीशपुर जो कि वारिसगंज स्थित चौराहे के पास मोमोज की दुकान चलाता था बीते कुछ दिनों से घर से किसी बात को लेकर नाराज चल रहा था लोगों की माने तो बीती रात हाइवे पर स्थिति ढाबे पर खाना खाकर लौट रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक तनुज पाल ने बताया कि ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## अस्पतालों का मोहभंग

यह सरकार द्वारा वित्त पोषित, दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के लिये एक बड़ा झटका है कि हरियाणा के छह सौ से अधिक निजी अस्पतालों के मालिकों ने इस योजना से किनारा करने का मन बनाया है। निश्चित रूप से इतनी बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों का मोहभंग होना सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिये चिंता की बात ही कही जा सकती है। अस्पतालों की दलील है कि उन्हें पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निश्चय ही राजग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक खामियां ही उजागर हुई हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना में गंभीर रोगों का उपचार कराने वाले लोगों के प्रत्येक परिवार के लिये पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार का वायदा किया गया था। लेकिन अकसर निजी अस्पतालों की ओर से आरोप लगाया जाता रहा है कि इस योजना के तहत उपचार कराने वाले मरीजों के बिल का भुगतान कभी समय पर नहीं किया जाता है। निश्चय ही कोई योजना तब तक प्रभावी नहीं कही जा सकती, जब तक वह केवल कागजों तक ही सीमित रहती है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में आयुष्मान कार्डधारकों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाएं बंद हो जाएंगी। इस स्थिति में उन मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, जो गरीबी के चलते महंगे इलाज करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में उन्हें अपना या अपने परिजनों का कारगर इलाज करने में लंबे विलंब का सामना करना पड़ेगा। जाहिर बात है कि आयुष्मान योजना का लाभ न मिलने से मरीजों को मजबूरी में संसाधन विहीन सरकारी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ सकता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पताल पहले ही मरीजों के भारी दबाव को झेल रहे हैं और कई अस्पतालों में पर्याप्त व विशेषज्ञ चिकित्सकों का नितांत अभाव है। वहीं तमाम सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं की कमी अकसर बनी रहती है। वैसे सरकार की कल्याणकारी मंशा पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन समय पर योजना के लिये धन उपलब्ध न करा पाने की स्थिति निराशाजनक और नुकसान पहुंचाने वाली साबित हो सकती है। निस्संदेह, जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीज नौकरशाही की अड़चनों के कम होने का इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही गरीबी से जूझ रहे रोगी निजी अस्पतालों में उपचार नहीं करा सकते क्योंकि अधिक परिचालन लागत वाले अस्पताल बिना भुगतान के सेवाएं देने में असमर्थ हैं। निस्संदेह, यह संकट एक व्यापक मुद्दे की ओर इशारा करता है कि जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाते वक्त सावधानी, व्यावहारिक बजट और उसका कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन करना जरूरी है। ऐसे में समय पर धन आवंटन, नियमित ऑडिट और अस्पतालों व मरीजों के लिये एक शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये मजबूत तंत्र बनाया जाना चाहिए। इसके लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये अपने बजट में वृद्धि करनी चाहिए। यदि जीडीपी का सिर्फ दो फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च किया जाता रहा तो महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजनाएं हकीकत में लड़खड़ाती रहेंगी।

# जियो पॉलिटिक्स का नया हथियार बना टैरिफ

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

टैरिफ, जिसे अब तक केवल व्यापार घाटा सुधारने या घरेलू उद्योगों की रक्षा के आर्थिक औज़ार के रूप में देखा जाता था, डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में एक नए रूप में उभरकर सामने आया है, आज यह जियो पॉलिटिक?स का नया हथियार बनकर उभरा है । वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उजागर अमेरिकी प्रशासन के आंतरिक दस्तावेज़ बताते हैं कि ट्रंप ने टैरिफ को स्विस आर्मी नाइफ की तरह इस्तेमाल किया है, जो एक ऐसा बहुउद्देशीय औज़ार है जिससे एक साथ कई काम किए जा सकते हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नीति का मामला नहीं, निश्चित ही वैश्विक कूटनीति, सामरिक समीकरण और यहां तक कि वर्तमान दौर में यह निजी व्यावसायिक हितों के लिए आर्थिक हथियार के प्रयोग का उदाहरण बन गया है। जो डोनाल्ड ट्रंप, सार्वजनिक मंचों पर टैरिफ को 'अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा' और 'न्यायपूर्ण व्यापार' का अनिवार्य साधन बताते थे, पर दस्तावेज़ दिखाते हैं कि असल मकसद उनका कई बार अलग होता था।

व्यापार वार्ताओं में ऐसे मुद्दे जोड़ दिए जाते, जिनका पारंपरिक रूप से शुल्क समझौतों से कोई लेना-देना नहीं होता, जैसे रक्षा अड्डों की अनुमति, सैन्य तैनाती का समर्थन, पर्यावरण नीतियों में बदलाव या हथियार खरीद की शर्तें। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत समझ को बदल देने वाला कदम है।

भारत इसका प्रमुख उदाहरण है। वॉशिंगटन पोस्ट की यह रिपोर्ट बताती है कि व्हाइट हाउस ने भारत पर अमेरिकी रक्षा उपकरण खरीदने और अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने का दबाव बनाने के लिए टैरिफ को हथियार बनाया। रूस से कच्चा तेल खरीदने के बहाने 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी गई, जिसे बाद में लागू भी किया गया। भारत से अपेक्षा थी कि वह न केवल रक्षा बजट बढ़ाए बल्कि सामरिक मुद्दों पर अमेरिका के साथ पर्याप्त रूप से संरेखित हो, ताकि टैरिफ में रियायत मिले। यह दबाव अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा था, जिसका लक्ष्य भारत को रूस से दूर करना और चीन के खिलाफ गठजोड़ में मजबूती लाना था। यह नीति केवल भारत तक सीमित नहीं रही। दक्षिण कोरिया से रक्षा खर्च 2.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.8 प्रतिशत करने और अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर अधिक खर्च वहन करने की मांग की गई। प्रारंभिक मसौदों में सियोल से चीन के खिलाफ सार्वजनिक बयान जारी करने तक का सुझाव था। कंबोडिया पर 49 प्रतिशत टैरिफ की धमकी देकर अमेरिकी नौसेना को वहां के रियाम नेवल बेस पर प्रशिक्षण अभ्यास की अनुमति दिलाने का प्रयास हुआ। ब्राजील को चेतावनी दी




**रिपोर्ट का एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ मौकों पर निजी कंपनियों, जैसे ऊर्जा क्षेत्र की शेवरॉन और एलन मस्क की स्टारलिंक के लिए अन्य देशों से रियायतें दिलाने के विकल्पों पर चर्चा की। यह अंतरराष्ट्रीय नीति और कॉर्पोरेट हितों के खतरनाक मेल का संकेत देता है। वस्तुतः इसीलिए आज अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय में 25 साल काम कर चुकीं वेंडी कटलर कहती हैं कि उन्होंने पहले कभी किसी व्यापार समझौते में इस तरह की शर्तें नहीं देखीं। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत नॉर्म्स से एक बड़ा विचलन था, जो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसी संस्थाओं की भूमिका और वैश्विक व्यापार व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।**

गई कि अगर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं रोकी गई तो 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। कोलंबिया में अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल किया गया।

रिपोर्ट का एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ मौकों पर निजी कंपनियों, जैसे ऊर्जा क्षेत्र की शेवरॉन और एलन मस्क की स्टारलिंक के लिए अन्य देशों से रियायतें दिलाने के विकल्पों पर चर्चा की। यह अंतरराष्ट्रीय नीति और कॉर्पोरेट हितों के खतरनाक मेल का संकेत देता है। वस?तुत÷ इसीलिए आज अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय में 25 साल काम कर चुकीं वेंडी कटलर कहती हैं कि उन्होंने पहले कभी किसी व्यापार समझौते में इस तरह की शर्तें नहीं देखीं। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत नॉर्म्स से एक बड़ा विचलन था, जो विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसी संस्थाओं की भूमिका और वैश्विक व्यापार व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

इसे अब हम भारत के संदर्भ में और अधिक गंभीरता से देख सकते हैं; वस्तुतः भारत के लिए यह नीति कई स्तरों पर चुनौती है। पहली- रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा। भारत दशकों से बहुध्रुवीय कूटनीति अपनाता रहा है, जिसमें रूस, अमेरिका, यूरोप, जापान और खाड़ी देशों के साथ संतुलन साधा जाता है। अमेरिकी दबाव इस संतुलन को बिगाड़ सकता है। स्वायत्तता की रक्षा के स?तर पर यह भारत को कमजोर करने वाली है। दूसरी- ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में। रूस से सस्ता कच्चा तेल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अहम है; टैरिफ धमकियां इस आपूर्ति को बाधित कर सकती हैं। हालांकि अभी ऐसा हुआ नहीं, पर कोशिश तो यही है। तीसरी बात यह कि रक्षा खरीद में विविधता के स्तर पर केवल अमेरिकी हथियारों पर निर्भरता तकनीकी और रणनीतिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है। जिसके लिए ड्रंप ने अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। यह एक तथ्य है कि आर्थिक साधनों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव के लिए नया नहीं है। औपनिवेशिक दौर में व्यापार रियायतें राजनीतिक नियंत्रण का औजार थीं। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ ने सहायता, हथियार और व्यापार समझौतों को सामरिक प्रभाव के लिए इस्तेमाल किया। फर्क यह है कि ट्रंप युग में यह सब खुले तौर पर, व्यापक पैमाने पर और निजी कॉर्पोरेट हितों के साथ जुड़कर हो रहा है। कहना होगा कि ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दौर शुरू किया है, जिसमें आर्थिक औज़ारों को राजनीतिक और सामरिक लक्ष्यों के लिए खुलकर प्रयोग किया जा रहा है।

भारत जैसे देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे इस नई हकीकत को समझें, उसके अनुरूप अपनी रणनीति बनाएं और आत्मनिर्भरता के साथ-साथ बहुआयामी कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करें। अतः कहना होगा कि टैरिफ अब सिर्फ व्यापार संतुलन का साधन नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सक्रिय हथियार है, ऐसे में इसकी समझ और जवाबदेही ही किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति की मजबूती का पैमाना होगी। इस स्थिति से निपटने के लिए फिलहाल तो भारत को यही कारणा है कि वह बहुआयामी नीति अपनाए।

## विचार

# भारत में सभी के सह-अस्तित्व का सम्मान

**डॉ. निवेदिता शर्मा**



धरती पर जीवन का सौंदर्य तभी पूर्ण होता है जब मनुष्य और वन्यजीव एक-दूसरे के साथ संतुलन में रहें। भारत की मिट्टी में बसे अनगिनत किस्से, लोककथाएँ और परंपराएँ इस संतुलन के साक्षी रहे हैं। भारत की धरती पर जब सुबह का सूरज जंगलों की हरियाली को सुनहरे रंग में रंग देता है, तब दूर पहाड़ियों से आती एक धीमी-सी आवाज़ कानों में पड़ती है, जो धीरे-धीरे गूंज में बदल जाती है; यह आवाज़ है हाथियों के झुंड की, जो अपने पारंपरिक रास्तों से होकर नदी किनारे की ओर बढ़ रहा होता है। यह दृश्य सदियों से भारतीय परिदृश्य का हिस्सा रहा है।

'हाथी' केवल एक जीव नहीं, बल्कि हमारे देश की संस्कृति, आस्था, लोककथाओं और पारिस्थितिक संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। भारत में 'हाथी' का स्थान केवल जंगल तक सीमित नहीं है; वह मंदिर के आंगन में पूजनीय है। गणेश जी, जिन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है, का स्वरूप हाथी के सिर से है। दक्षिण भारत के मंदिरों में हाथियों को पवित्र माना जाता है और कई बार उन्हें विशेष पूजा और अनुष्ठानों में शामिल किया जाता है। केरल के प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम में सजे-धजे हाथियों की शोभायात्रा केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी ऐतिहासिक रूप से हाथियों का उपयोग युद्ध और राजसी शोभायात्राओं में किया गया। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में हाथियों का उल्लेख युद्ध के मैदानों से लेकर राजमहलों तक मिलता है। इसी महत्व और संबंध को स्मरण करने के लिए हर वर्ष 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस तमिलनाडु के कोयंबटूर में, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और तमिलनाडु वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से विशेष रूप से आयोजित हो रहा है। कोयंबटूर का चयन केवल भौगोलिक संयोग नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक महत्व रखता है। यह क्षेत्र तमिलनाडु के उन इलाकों में से एक है जहां हाथियों की संख्या उल्लेखनीय है और जहां राज्य ने लंबे समय से मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए व्यापक प्रयास किए हैं। यहां के जंगल, पहाड़ियां और नदियां सदियों से हाथियों के प्रवास पथ का हिस्सा रहे हैं। इस वर्ष के आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव करेंगे, उनके साथ केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु सरकार के वन एवं खादी मंत्री थिरु आरएस राजकन्नप्पन भी मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक ऐसा अवसर है जहां नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, वन अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग एक साथ बैठकर चर्चा करेंगे कि कैसे हम अपने राष्ट्रीय विरासत पशु को सुरक्षित रख सकते हैं। 'हाथी' केवल भारत का नहीं, बल्कि पूरे एशिया का साझा

**'हाथी' केवल एक जीव नहीं, बल्कि हमारे देश की संस्कृति, आस्था, लोककथाओं और पारिस्थितिक संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। भारत में 'हाथी' का स्थान केवल जंगल तक सीमित नहीं है; वह मंदिर के आंगन में पूजनीय है। गणेश जी, जिन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है, का स्वरूप हाथी के सिर से है। दक्षिण भारत के मंदिरों में हाथियों को पवित्र माना जाता है और कई बार उन्हें विशेष पूजा और अनुष्ठानों में शामिल किया जाता है। केरल के प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम में सजे-धजे हाथियों की शोभायात्रा केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी ऐतिहासिक रूप से हाथियों का उपयोग युद्ध और राजसी शोभायात्राओं में किया गया।**

धरोहर हैं। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार और थाईलैंड तक फैला उनका ऐतिहासिक आवास हमें याद दिलाता है कि संरक्षण की जिम्मेदारी सीमाओं से परे जाती है लेकिन भारत में यह जिम्मेदारी खास है, क्योंकि यहां उनकी आबादी सबसे ज्यादा है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन केवल सरकारी प्रयासों से नहीं होगा। इसमें आम लोगों की भागीदारी अनिवार्य है। यही कारण है कि इस आयोजन के हिस्से के रूप में 5,000 स्कूलों के 12 लाख बच्चों को शामिल करते हुए एक राष्ट्रीय जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह भविष्य में बदलाव की नींव रखेगा, क्योंकि जो बच्चे आज हाथियों के महत्व को समझेंगे, वे बड़े होकर उनके संरक्षण के सबसे बड़े समर्थक बनेंगे। वास्तव में भारत को दुनिया भर में हाथियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में देखा जाता है। यह गर्व का विषय है कि दुनिया के लगभग 60 प्रतिशत जंगली 'हाथी' हमारे देश की धरती पर विचरण करते हैं। यहां 33 हाथी अभयारण्य और 150 चिन्हित हाथी गलियारे हैं, जो उनके लिए जीवन रेखा का काम करते हैं। ÷राष्ट्रीय विरासत पशु÷ का दर्जा प्राप्त 'हाथी' हमारे धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर लोकगीतों तक और किसानों की फसलों से लेकर जंगल के पर्यावरणीय संतुलन तक, हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। तमिलनाडु की पहाड़ियों और पश्चिमी घाट के जंगलों में हाथियों के लंबे प्रवास पथ हैं। इन्हें हाथी गलियारे कहा जाता है।

## अलविदा रजिस्टर्ड डाक : एक युग की खामोश विदाई

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

इस साल 01 सितंबर को जब भारतीय डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है- उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरुआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की।

रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज़ पर स्याही से अपने जज़्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफ़ाफ़े में कई अनकही बातें, लंबा इंतज़ार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज़, केवल कागज़ का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था- कि यह ज़रूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को दूर शहर में नौकरी कर रहे बेटे से, पिता को ससुराल गई बेटियों से और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। एक समय था जब डाकिया केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था। उसकी आवाज़, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफ़ाफ़ों का इंतज़ार हर किसी को रहता था। कोई सरकारी पत्र हो, मनीऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार- सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता था। और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था- उसके कागज़ की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध- सबमें अपनापन होता था।

लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीक़ों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फ़ोन, त्वरित संदेश सेवाएँ, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतज़ार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है।

इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है। परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी अब इतिहास बन जाएगी। रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है। वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएँ नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहाँ संवाद सिर्फ़ बात नहीं, एक भावना होता था। हमारे पुराने संदूक़ों में आज भी ऐसी चिट्ठियाँ मिलती हैं – पीले पड़े कागज़, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था। वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुँचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है – कि उसने शब्दों को अमर बना दिया।

## राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**बृषभः-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

कर्कः- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# प्रतिबंधित साहित्य में दर्ज आजादी के मुखर स्वर

**संदीप जोशी**

भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान अनेक भाषाओं में साहित्यकारों ने अंग्रेजों के अन्यायकारी कृत्यों को उजागर करने और जनचेतना जगाने का बीड़ा उठाया। अंग्रेजी दस्तावेजों के इतर यह देशी साहित्य अधिक मुखर और जन-पक्षीय था इसलिए ब्रितानी सरकार भयभीत हो गयी। उसने ऐसी पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं को जब्त कर ब्रिटेन भेज दिया। यह साहित्य हमारे आजादी के इतिहास का हिस्सा नहीं बन सका। सरकारी संस्थाओं, विश्वविद्यालय के संबंधित विभागों या अन्य संगठन द्वारा ऐसी कोशिशें नगण्य रहीं। जबकि आमजन की आकांक्षाओं, दुःख-दर्द से भरी इन हजारों जब्त पुस्तकों की खोज अपेक्षित थी।

लंदन स्थित इंडिया ऑफिस लाइब्रेरी से जब्त साहित्य को खोजकर लाने में लेखिका के प्रयास उल्लेखनीय हैं।'उन्हें यह फिक्र है हरदम नई तर्ज जफा क्या हैध् हमें यह शौक है देखें कि इसकी इंतेहा क्या है गुनहगारों में शामिल हैं गुनाहों से नहीं वाकिफ सजा को जानते हैं हम खुदा जाने खता क्या है।' आजादी के मतवालों द्वारा गाए जाने वाले ये तराने न केवल क्रांतिकारियों के मनोभावों को व्यक्त करते हैं बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को चेतावनी देते हैं कि उनकी यन्त्रणाएं उनके आजादी प्राप्त करने के पावन उद्देश्य को कुंद नहीं कर सकती। देशभक्ति से ओतप्रोत और रोमांचित करने वाले इसी तरह के दस्तावेजों की हम उन्नीस सौ नब्बे के दशक में आमजन को इतिहास से रूबरू कराने के लिए प्रदर्शनियां लगाते थे। ऐसा ही एक दस्तावेज 26 जनवरी 1930 को 'स्वतन्त्रता दिवस' के रूप में मनाने के सम्बन्ध में था। वो यह कि सोनीपत (हरियाणा) के तत्कालीन म्युनिसिपल कमिश्नर, लाला कांशीराम जुलूस के साथ उस आयोजन में शामिल होते हैं, तिरंगा फहराते हैं और एक नज्म गाते हैं 'शहीदों के खूं का असर देख लेना मिटायेंगे जालिम का घर देख लेना किसी के इशारे के मुन्तजिर हैं बहा देंगे खूं की नहर देख लेना'। उक्त आयोजन और नज्म के गाये जाने से ब्रितानी हुकूमत की भवें तन जाती हैं। कांशीराम को नज्म पढ़ने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया जाता है। इल्जाम यह कि यह नज्म राष्ट्र-विरोधी है जिसे प्रतिबंधित किया जा चुका है। कांशीराम सफाई में कहते हैं कि यह नज्म सिर्फ 'जोशीली' है राष्ट्र विरोधी नहीं और जिस पुस्तिका से पढ़ी गई है वह अभी तक प्रतिबंधित या जब्त नहीं की गई है। परन्तु उनकी कोई दरख्वास्त नहीं सुनी गई और तुरंत पद से बर्खास्त कर दिया गया। तभी से लेखिका के मन में एक तीव्र विचार प्रतिबंधित साहित्य की खोज में बीज-तत्व बनकर मनरूपटल की उष्ण भूमि में रोपित हो गया। खोज शुरू हुई कि कौन हैं इस नज्म के रचयिता? कहां है वह पुस्तक जिसमें संगृहीत एक नज्म का अंश भर पढ़ने से अंग्रेजी हुकूमत इस कदर आक्रोशित और भयभीत हुई कि उस म्युनिसिपल कमिश्नर को पद से हटा दिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया? क्या यह केवल एक प्रशासनिक या राजनीतिक घटना थी या फिर यह समझा जाये कि अंग्रेजी ऐतिहासिक सन्दर्भों और दस्तावेजों के इतर 'कलम' का यह देशी नैरेटिव या देशी साहित्य अधिक मुखर और अधिक जन-पक्षीय था इसलिए ब्रितानी सरकार भयभीत हो उठती और अविलम्ब न सिर्फ इस साहित्य को प्रतिबंधित कर देती बल्कि अधिकांश कृतियों को जब्त करके देश की सीमाओं से बाहर अर्थात इंग्लैंड ले जाकर पटक देती। साहित्य समाज का दर्पण होता है, दीपक भी होता है और मशाल भी। समाज की विचारधारा का प्रतीक भी होता है और अक्स भी। भारत के स्वाधीनता संग्राम में विशेषकर जलियांवाला बाग काण्ड (1919) से लेकर भगतसिंह की शहादत (1931) तक गुलाम देश की कलम से जो क्रान्ति- ज्वाला निकली उसने देश की समस्याओं, दुर्गति, अन्यायों, अत्याचारों को उजागर करने, आमजन में जागृति पैदा करने के उद्देश्य से जो वृहत, निर्भीक साहित्य रचा उसने अंग्रेज सरकार की नींद हराम कर दी। हुकूमत तत्परता से उसे प्रतिबंधित करने के नोटिफिकेशन जारी करती रही और इन प्रकाशनों को जब्त करती रही। इस साहित्य की मेरी खोज का सफर भारतीय अभिलेखागार, राज्य अभिलेखागारों और अंततः आखिरी पड़ाव के रूप में इंडिया ऑफिस लाइब्रेरी लंदन (अब ब्रिटिश लाइब्रेरी) तक पहुंचा। यह संकेत भी देती चलूं कि इस प्रतिबंधित और जब्त साहित्य की खोज के दौरान मुझे उक्त नज्म भी मिली और वह पुस्तकें भी मिल गई जिनमें यह नज्म शामिल थी। ये दोनों ही पुस्तकें जब्त कर ली गई थीं और इस अब उक्त पुस्तक के तेईसवें नम्बर पर 'शहीदे वतन' जो कलकत्ता से प्रकाशित हुई थी तथा दूसरी अबोहर (पंजाब) से छपी 'राष्ट्रीय गान' पुस्तक के तीसवें नम्बर पर समाहित हैं, नज्म के रचनाकार खुजंदी थे। इन्हें मैंने लन्दन स्थित इंडिया ऑफिस लाइब्रेरी से प्राप्त किया। ऐसी रचनाएं यहां-वहां कई पुस्तिकाओं में प्रकाशित होती रहती थीं।

**लंदन स्थित इंडिया ऑफिस लाइब्रेरी से जब्त साहित्य को खोजकर लाने में लेखिका के प्रयास उल्लेखनीय हैं। 'उन्हें यह फिक्र है हरदम नई तर्ज जफा क्या है हमें यह शौक है देखें कि इसकी इंतेहा क्या हैध् गुनहगारों में शामिल हैं गुनाहों से नहीं वाकिफसजा को जानते हैं हम खुदा जाने खता क्या है।'आजादी के मतवालों द्वारा गाए जाने वाले ये तराने न केवल क्रांतिकारियों के मनोभावों को व्यक्त करते हैं बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को चेतावनी देते हैं कि उनकी यन्त्रणाएं उनके आजादी प्राप्त करने के पावन उद्देश्य को कुंद नहीं कर सकती।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी करने पर शव रखकर हाईवे किया जाम

▸ 55 मिनट तक लगे जाम में बस, एम्बुलेंस व फंसे रहे अधिकारी

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



बहन उर्मिला की मौत के बाद पुत्र की तहरीर देने की उपरांत रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी करने से नाराज उसके मायके के लोगों ने हाइवे पर शव रखकर जाम लगा दिया और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजने की मांग रख दी।

आनन फानन में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराई। तब कहीं जाकर जाम खुल सका। इस दौरान 55 मिनट तक हाइवे जाम रहने से दोनों तरफ हजारों वाहनों के साथ रोडवेज बसें एवं एंबुलेंस फंस गई।

रविवार को भाई को बचाने के दौरान उर्मिला के सिर में गंभीर चोट लग गई थी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सोमवार को ननिहाल आए मृतका के पुत्र रोहित ने मामा महेश कुमार के पड़ोसी विजय नारायण, शेषनारायण,रानी देवी,आशा देवी, मधु, मुन्ना विश्वकर्मा को नामजद करके पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी। पोस्टमार्टम के बाद शव वापस आने पर फिर से मुकदमा दर्ज करने के लिए मृतक के मायके वाले थाने पहुंचे। पुलिस के आनाकानी करने पर इन्होंने वापस आकर तपोभूमि के सामने हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों के साथ मोहल्ले के लोगों ने जाम लगाने में शामिल रहे। सभी ने हाथों में डंडे थाम रखे थे और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। जाम की सूचना पाकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। लेकिन सभी मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को तत्काल जेल भेजने की मांग पर अड़े हुए थे। बात नहीं बनने पर चौकी इंचार्ज ने थानाध्यक्ष अनूप सिंह को अवगत कराया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। लेकिन सभी मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे।

मामला बिगड़ता देखकर पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज करके एफआईआर की कॉपी परिजनों को उपलब्ध कराई। मुकदमे में सभी आरोपियों के नाम दर्ज होने पर उन्होंने जाम खोल दिया। 55 मिनट हाईवे जाम रहने से दोनों ओर हजारों वाहन फंस गए। जिसमें रोडवेज बसें, एंबुलेंस के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन भी फंसे रहे। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# पुण्यतिथि पर खुदीराम बोस को किया नमन

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत कमतर आयु की मातृभूमि की वेदी पर आहुति खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि खुदीराम बोस जैसे युवा बलिदानी की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

इनका त्रैलोक्य नाथ बोस और लक्ष्मीप्रिया देवी के घर 3 दिसम्बर 1889 को पश्चिमी बंगाल के मेदिनीपुर जिले में जन्म हुआ था। इनके सिर से बचपन में ही माता-पिता का साया उठने पर इनकी बहन अपरूपा ने इनकी परवरिश की थी। ये प्रारम्भ से ही देशसेवी थे। उस दौरान मुजफ्फरपुर के जज किंग्सफोर्ड क्रांतिकारियों के विरोधी थे। इसलिए खुदीराम बोस ने जज को मारने का निश्चय किया। बोस ने अपने साथी युवा क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी के साथ 30 अप्रैल 1908 को किंग्सफोर्ड पर बम फेंका था। संयोग से किंग्सफोर्ड बच गये। इस घटना में दो महिलाएं मारी गई। गोरों ने बोस को पकड़कर न्याय का नाटक करते हुये फांसी की सजा दी। इन्हें 11 अगस्त 1908 को मुजफ्फरपुर जेल में मात्र 18 वर्ष की आयु में फांसी पर लटका दिया गया। इस श्रृद्धांजलि कार्यक्रम के बाद संस्था द्वारा बांकी के युवा ज्ञानेन्द्र दीक्षित और कस्बा के जितेन्द्र कुमार उर्फ बन्टा के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। इस मौके पर सिद्धा, बाबूलाल, प्रेम, कमलेश सोनकर, भोलू सिंह, विकास, दस्सी, राहुल प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिहार के होटल व्यवसायी को बता दिया बांग्लादेशी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** बिहार के रहने वाले एक होटल व्यवसायी को कथित रूप से बांग्लादेशी कहकर कुछ असामाजिक तत्वों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल कर दिए। पुलिस ने इस प्रकरण की पूरी जांच की तो आरोप बेबुनियाद निकले। पुलिस ने मीडिया सेल के माध्यम से आरोपों को निराधार बताते हुए पोस्ट करने वालों को चेतावनी दी। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि शहर के एक मोहल्ले में बिहार के एक मुस्लिम व्यक्ति ने वायरल पोस्ट का पुलिस ने संज्ञान लेकर कराई जांच तो बात निकली झूठी एएसपी ने मीडिया सेल के माध्यम से पोस्ट डालने वालों के खिलाफ कही कार्रवाई की बात अपना नया होटल खोला है। कुछ लोगों ने व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के चलते सोशल मीडिया में उसे बांग्लादेशी नागरिक बताते हुए पोस्ट डाल दीं। इस प्रकरण पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच कराई तो पता संचला कि वह व्यक्ति काफी समय से बांदा के अलग-अलग होटलों में खाना बनाने का काम कर चुका है। अब उसने अपना खुद होटल खोला है। वह व्यक्ति बिहार का रहने वाला है। मुस्लिम है। अपर पुलिस के अधीक्षक ने पोस्ट डालने वालों को चेताते मीडिया सेल के माध्यम से कहा है कि इस संबंध में अगर कोई ठोस साक्ष्य हो तो के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष पेश करें, अन्यथा पोस्ट डालने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सूरत में काम करते समय मजदूर की मशीन में दबकार मौत



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी करने के लिए युवक दूसरे प्रदेशों में रहकर कंपनियों में मजदूरी का काम करते हैं क्षेत्र के गांव के एक युवक की मशीन में दबाकर मौत हो गई जिसका शव सूरत से गांव में लाकर अंतिम संस्कार किया गया मिली जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के किशवाही गांव निवासी बृजेश 23 पुत्र रज्जन वाल्मीकि गरीबों के चलते हैं गुजरात प्रदेश के सूरत में साड़ी पेंटिंग करने वाली कंपनी अनन्देश्वरी पांडेसरा मैं मजदूरी कर अपने परिजनों का भरण पोषण करता था तभी दिनांक शनिवार की सुबह 11:00 बजे वह अचानक मशीन के चपेट में आ गया जिससे घटनास्थल पर ही दबाकर दर्दनाक मौत हो गई यह खबर उसके परिजनों को दी गई मौत की खबर सुनते ही परिजनो में कोहराम मच गया और उसका शव अपने पैतृक गांव लाकर सोमवार के दिन अंतिम संस्कार किया गया है मृतक पांच भाई बहन मैं सबसे छोटा था एवं अविवाहित था 10 वर्ष पहले बीमारी के चलते पिता रज्जन की मौत हो गई थी इस घटना से मां बहन भाइयों का रो रो कर बुरा हाल है वही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### जलाला गांव में आज भी राहुल पांडेय हैं जिलाधिकारी



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक क्षेत्र का एक ऐसा विद्यालय है। जहां आज भी राहुल पांडेय जिलाधिकारी है और अजीत कुमार निगम खंड शिक्षा अधिकारी है जबकि इन अधिकारियों का तबादला हुए एक वर्ष बीत चुका है। विकासखंड क्षेत्र के जलाला गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय के बगल में जिले के अधिकारियों के नाम की पट्टिका बनी हुई है। जिसमें करीबी एक वर्ष पूर्व स्थानांतरित होने वाले जिलाधिकारी राहुल पांडेय आज भी यहां पर जिलाधिकारी हैं। इसी तरह खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम का स्थानांतरण भी काफी समय पहले हो गया था। लेकिन आज भी इनका नाम पट्टिका में अंकित है। छात्र छात्राओं ने पूछने पर बताया कि जनपद के जिलाधिकारी राहुल पांडेय हैं। वहीं कुछ बच्चों ने कुछ कहने से बचते रहे। बच्चों का कहना था कि अगर वह कुछ बोलेंगे तो प्रधानाध्यापिका उनको दंड देंगी। प्रधानाध्यापिका इरम शाहिद ने कहा कि अभी पेंटिंग का बजट नहीं आया है। बजट आने पर नाम बदल दिए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने बताया कि विद्यालयों में लिखे नामों के अपडेट करने के आदेश पहले से जारी है।अगर कहीं ऐसा है तो प्रधानाध्यापिका के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी

### ननिहाल आए मृतका के पुत्र ने छह लोगों के खिलाफ दी हत्या करने की तहरीर

**हमीरपुर भरुआ, सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की इमलिया थोक में अपने भाई के बचाव के दौरान हुई बहन की मौत के मामले में मृतका के पुत्र ने छह लोगों के खिलाफ हत्या किए जाने की तहरीर सौंपी है। पुलिस ने सोमवार को मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। मुकदमा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दर्ज किया जाएगा। रविवार को दोपहर में इमीलिया थोक में भाई को राखी बांधने बहन उर्मिला आई था। तभी पड़ोसियों से भाई का झगड़ा हो गया। झगड़े में बीचबचाव करते समय पड़ोसियों की महिलाओं ने बहन को धक्का मार दिया। जिससे वह सिर के बल चबूतरे में गिरकर बेहोश हो गई थी। इलाज को सदर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। मां की मौत की सूचना पाकर ननिहाल आए इकलौते पुत्र रोहित कुमार ने पड़ोसियों के छह लोगों के खिलाफ मां की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पुत्र की तहरीर मिली है। सोमवार को मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जाएगी उधर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपियों के घरों के आसपास पुलिस बल तैनात है।

### जय मां दुर्गे श्रृंगार समिति के अध्यक्ष बने रानू

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** जय मां दुर्गे श्रृंगार समिति टाकीज रोड के चुनाव में इस वर्ष रितेश खरे रानू को अध्यक्ष, आशीष गुप्ता एवं शुभम गुप्ता को उपाध्यक्ष, हृदयांश गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। कमेटी के सदस्यों में प्रभात गुप्ता, रचित गुप्ता, विशाल गुप्ता, आशीष शिवहरे, पारस शिवहरे को चयनित किया गया है। यह जानकारी कोषाध्यक्ष हृदयांश गुप्ता द्वारा दी गई है।

# नाले की सफाई न होने के कारण बरसात का पानी खेतों में भरा

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



11 अगस्त विकास खंड क्षेत्र के सरसई गांव से कस्बा कुरारा के मगही नाले से होकर निकलने वाले बरसात के पानी के निकास की व्यवस्था व हाइवे किनारे दोनो तरफ बने नाले की सफाई न होने के कारण खेत पानी से लबालब भरे हुए है। क्षेत्र के सरसई गांव से लेकर भैंसा पाली डामर, कुशौली पुरवा सहित कई गांव का बरसात का पानी हाइवे के किनारे बने नाले से निकलकर कस्बा कुरारा में जल संस्थान की टंकी के पास मगही नाले से होकर हमीरपुर के रोहाईन नाला में जाकर मिलता है। कस्बा निवासी मनोज पालीवाल, डामर गांव निवासी किसान रामसनेही यादव, विनोद कुमार, भारत आदि किसानों ने बताया कि हाइवे किनारे बन रहे नए प्रतिष्ठान , मकान, आदि में लोग केवल एक पाइप डालकर जगह जगह रोक लगा रखी है। तथा नाले का साइज छोटा हो रहा है। जिससे बरसात के पानी का रुकाव होता है। तथा रुक रुक कर पानी निकलता है। तथा स्पीड से पानी नहीं निकल पाता है। इससे खेतों में जलभराव होता है। किसानो ने बताया कि आखिरी बरसात होने पर खेत में पानी भर जाता है। जो की फसल बुवाई के समय खेत खाली नहीं हो पाते है। जिससे समय से रबी फसलों की बुवाई नहीं हो पाती है। जिससे फसल उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है। जिससे किसान परेशान रहता है। हाइवे की किनारे नालों की सफाई कभी कराई जाती है। इससे किसान परेशान रहता है। क्षेत्र के किसानों ने जलभराव की समस्या का समाधान कराए जाने की मांग प्रशाशन से की है।

# जनजागरण के उद्देश्य से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली निकाली

**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भाजपाइयों के द्वारा कस्बे में सोमवार को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रवासियों के साथ साथ विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए भारतीय जनता पार्टी कुरारा के इस कार्यक्रम के संयोजक महामंत्री दिनेश द्विवेदी द्विवेदी ने बताया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर जनजागरण के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ब्लॉक परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति पट्टिका में पुष्पांजलि के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई जो मंडी समिति के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि उपवन में समाप्त हुई जहां पर महर्षि बाल्मीकि जी की प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण किया। यात्रा के दौरान युवाओं के हाथों में तिरंगा हमारी शान है, हर घर तिरंगा हर मन तिरंगा जैसे स्लोगन लिखी पत्रिकाएं लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष कुरारा मोहन कुशवाहा, भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता जगत राज प्रजापति, मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पालीवाल, शिवम गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कामता कुशवाहा, देवेंद्र सिंह टप्पू, प्रभात श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिपाठी, अखलेश सिंह गौर, विराट सोनकर, रामबालक प्रजापति, देवीशरण सिंह सहित सैकड़ों भाजपाई एवं सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक एवं नवयुवक छात्र छात्राएं एवं महिलाएं सैकड़ों की संख्या में सम्मिलित रहीं।

### पिता-पुत्र सहित नौ अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर मारने का मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमनौड़ी में 9 अगस्त को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र सहित आठ नौ अज्ञात को नामजद करके गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गए हैं। गत 9 अगस्त को सिमनौडी गांव निवासी चंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव निवासी राम किशुन यादव उसके पुत्र वीरु यादव ने आठ नौ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके नलकूप पर हमला बोला था और भाई धर्मेंद्र को तलाश रहे थे। उसने भागकर जान बचाई थी। बाद में यह गांव पहुंचे और पशुबाड़े में मौजूद भाई धर्मेंद्र को पकड़कर जमकर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला करके लहुलुहान कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस कीधारा 191 (2),191 (3),115(2), 352,351(3), 333 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी भूमिगत हो गए हैं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान का सीएमओ ने किया शुभारम्भ

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को डा. विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ अपर प्राथमिक बालिका विद्यालय कनवारा तथा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बांदा में किया गया। उनकी उपस्थिति में बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल 400 एमजी की टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री अशोक त्रिपाठी, सहायक प्रधानाध्यापक यूपीएस कनवारा तथा श्रीमती निमिषा मिश्रा, प्राचार्य जीजीआईसी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई, जैसे एनीमिया, कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र, और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के साथ ही, डिवर्मिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया कि यह बच्चों को स्वस्थ रखने, उनकी लर्निंग कैपेसिटी, स्कूल में उपस्थिति, और एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद करता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को स्वस्थ खान-पान अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। हरी सब्जियां, फल, और पोषण युक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, द्वारा यूपीएचसी कनवारा के विद्यालय परिसर का भी भ्रमण किया गया, जो मानकों के अनुसार बहुत ही अच्छा था, जिसकी सराहना भी समस्त टीम सदस्यों द्वारा की गयी।

कार्यक्रम के समापन पर नोडल अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा, हमारा विभाग विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी निरंतर कार्यरत है और आगे भी पूरी सजगता के साथ काम करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अर्चना भारती ने किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी / एसीएमओ डा. अजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरएन प्रसाद, डीपीएम कुशल यादव, डीक्यूएसी डा.सत्येन्द्र शुक्ला, डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप, चौतन्य कुमार परिवार नियोजन मैनेजर तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के सदस्य डा. अर्चना भारती, डा. एस.पी. सिंह, एमडी शरीफ, और जियाउद्दीन उपस्थित रहे।

### वैष्णो देवी दर्शन को पैदल यात्रियों का जत्था रवाना



**कमासिन/बांदा, समृद्धि न्यूज।** कामेश्वर नाथ मंदिर कमासिन में माथा टेककर पूजा अर्चना करने के उपरांत कस्बा कमासिन के देवी भक्त राहुल गुप्ता बिंद्रेश यादव राम रतन यादव बोल बम अरविंद शर्मा वैष्णो देवी के बुलावे पर जनकल्याण की भावना को लेकर पैदल यात्रा प्रारंभ की इस मौके पर ग्राम प्रधान कमासिन प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने सभी यात्रियों का तिलक चंदन कर पुष्प माला पहना करके विदा किया पैदल यात्रियों के जत्थे का कमासिन बांदा मार्ग पर चंदेल फिलिंग स्टेशन के प्रबंधक रमेश यादव ने भी टीका लगाकर विदाई दी। पैदल यात्रियों को बेर्राव हनुमान मंदिर के महंत बृजेश पुरी ने तिलक लगाकर यात्रा पूर्ण करने की कामना की और सभी को यात्रा के लिए रवाना किया।

# खाद की समस्या को लेकर किसानों के साथ पहुंचे जिला पंचायत सदस्य



▸ खाद न मिलने की किया शिकायत

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू तहसील परिसर के एसडीएम कार्यालय पर सोमवार की दोपहर किसानों की खाद की समस्या को लेकर किसानों के साथ जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, बबेरू तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी रजत वर्मा को सहकारी समिति में किसानों को खाद न मिलने को लेकर शिकायत किया है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव ने बताया की जो सोसाइटी का सचिव है, वह अपने चाहेतो को खाद्य वितरण करता है। और जो अन्य किसान है, उनको एक भी बोरी खाद नहीं मिलती है। जिससे किसान परेशान है, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के ऊपर भी हमला किया है, कि योगी सरकार में हर वर्ष खाद की किल्लत हो जाती है। और जो किसान सहकारी समिति के सचिव के चाहेते हैं उनको खाद उपलब्ध करा दी जाती है, चाहे धान की रोपाई का समय हो, चाहे बुवाई का समय हो, किसानों को समय से खाद नहीं मिलती, जिसको लेकर उप जिला अधिकारी के पास आए हैं, जिससे उप जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया है, की सभी किसानों को टोकन के माध्यम से खाद वितरण किया जाए। इस मौके पर आधा सैकड़ा किसान मौजूद रहा।



### एक पेड़ मां के नाम 2.0 जागरुकता कार्यक्रम का महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को शासन के निर्देशानुसार हर घर झंडा अभियान के अन्तर्गत राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के निर्देशन में समारोहिका डाक्टर सबीहा रहमानी के द्वारा छात्राओं में शहीदों के बलिदान के प्रति जागरूकता हेतु वीर सपूतों के जीवन पर आधारित कहानियों के प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । छात्रा यशी द्विवेदी और अदीना ने चंद्रशेखर आजाद एवं वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित कहानियों का वाचन किया । विभागाध्यक्ष इतिहास डॉक्टर जयप्रकाश सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करने हेतु वीर सपूतों के जीवन प्रकाश डाला। मेरा युवा भारत की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, समारोहिका डॉक्टर सबीहा रहमानी, डॉक्टर सपना सिंह, डॉ. माया वर्मा ने अपने व्याख्य एन एस एस वाटिका में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पांच पेड़ कॉलेज की वाटिका में लगाए गए। मेरा युवा भारत, बांदा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के एम टी एस रवि अवस्थी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बसपा नेताओं ने बांटी राहत सामग्री



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाढ प्रभावित क्षेत्र गांव तारा,बच्चा डेरा,खजुरी, बजरंगी डेरा,अमलोर सहित अन्य गांवों में जाकर बाढ प्रभावित लोगों को बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने राहत सामग्री बांटी है, और पीड़ित ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर बल्देव प्रसाद वर्मा जोन कोर्डिनेटर, रामसेवक प्रजापति जिलाध्यक्ष ,जिला कोषाध्यक्ष कमलाकांत द्विवेदी ,मंडल कोर्डिनेटर अवधेश दिनकर, लखे श्रीवास महासचिव, मनोज वर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, लल्लू निषाद जिला प्रभारी, शिवबरन वर्मा जिला संयोजक भाईचारा,सुल्तान प्रजापति विधानसभा प्रभारी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# सोशल मीडिया में वायरल हो रहे रील बनाने के वीडियो पर शिक्षिका ने दी सफाई

▸ शिक्षिका ने जिला अधिकारी के सामने रखी अपनी बात

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिका का विद्यालय समय में विद्यालय की छात्राओं के सामने रील बनाते हुए वीडियो वायरल हुआ है। शिक्षिका का फिल्मी अंदाज में छात्राओं के सामने फिल्मी गाने की धुन पर कि कुछ देखने की इजाजत नहीं है तुम्ही तुम निगाहों में हो, के गाने पर रील बनाते हुए वीडियो वायरल हुआ है।

जिस पर शिक्षिका ने अपनी सफाई पेश करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से मीडिया के माध्यम से अपना पक्ष रखा है। और बताया है कि मेरे साथ षड्यंत्र करके मेरे खिलाफ साजिश रचने का कुचक्र किया गया है। जैसा कि विद्यालय में संगीत कला नृत्य पर विद्यालय में छात्राओं के लिए उनको सिखाने के लिए मेरे द्वारा वीडियो बनाया गया था, लेकिन उस वीडियो को विद्यालय की वार्डन ने मेरे अकाउंट से उसे वायरल किया है और मुझे बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। फिलहाल शिक्षिका ने वायरल वीडियो पर अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि मैं शिक्षा विभाग के शिक्षक पद पर कार्यरत हूं मेरे द्वारा कोई ऐसा कार्य नहीं किया गया, जिससे आम-जनमानस और मेरे पेसा पर कोई सवालिया निशान लग रहा हो, लेकिन इसके बावजूद भी अगर किसी को बुरा लगा है तो मैं हाथ जोडकर सभी से उस वीडियो के संबंध में माफी मांग रही हूं। गौरतलब है विद्यालय की शिक्षिका ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपनी सफाई में अपने आप को निर्दोष बताते हुए सिर्फ विद्यालय की अनियमित को उजागर न कर सकूं इसके लिए मेरे खिलाफ षड्यंत्र वार्डन के द्वारा रचा गया है। वायरल वीडियो का संज्ञान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने लिया वायरल वीडियो की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कजली मेला महोत्सव : सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा संरक्षण एवं विकास समिति, महोबा के तत्वाधान में आयोजित कजली मेला महोत्सव- 2025 के अंतर्गत कीरत सागर सांस्कृतिक मंच में आयोजित कार्यक्रम का कल शाम जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा एवं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी नें उपस्थित सभी लोगों को कजली मेले कि शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारा महोबा अपनी वीरता और शौर्य के लिए जाना जाता है। कजली मेला उत्तर भारत का अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मेला है।जनपद महोबा के आल्हा एवं ऊदल ने महोबा का नाम अपने महत्वपूर्ण कार्यों में वीरता से नाम रोशन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वप्रथम सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा मां चन्द्रिका वंदना, संगीता तिवारी द्वारा लोक गायन, अबोध सोनी संगीताचार्य द्वारा स्वागत गीत, ज्ञानेश्वर ज्ञानी लखनऊ द्वारा मन मन में राम गीत की शानदार प्रस्तुति की गई।इसके पश्चात उमाशंकर सेन एवं ब्रजेन्द्र कुमार के द्वारा आल्हा गायन, आल्हा उदल के महोबा के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सरिता यादव लखनऊ के द्वारा लोकनृत्य एवं रामसेवक तिवारी एंड पार्टी द्वारा मांडो की लड़ाई के नाटक की शानदार प्रस्तुति भी की गई। इसके पश्चात स्वरांजलि ग्रुप की कविता पौडवाल द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उप जिलाधिकारी सदर एवं अन्य उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दामाद ने 55 वर्षीय सास पर किया जानलेवा हमला

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के समदनगर मोहल्ले में महिला पर हमले की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां 55 वर्षीय श्यामबाई पर उनके ही दामाद जालम ने चाकू से पेट पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना स्थल पर लोग पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद दामाद जालम मौके से फरार है।

जानकारी के मुताबिक, घायल महिला श्यामबाई समदनगर के चंदेल पेट्रोल पंप के पास रहती हैं। उनके पुत्र प्रकाश ने बताया कि उनकी बहन, जो दिल्ली में अपने पति जालम के साथ रहती थी, को पति की धोखाधड़ी और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। जालम ने बहन के खाते से लगभग 10 लाख रुपए धोखाधड़ी के माध्यम से निकाल लिए थे। इस कारण बहन मायके आकर रहने लगी और दोनों के बीच पिछले एक वर्ष से मुकदमा चल रहा है।

पीड़िता के बेटे ने बताया कि जालम उनसे और परिवार से रंजिश रखता है। इससे पहले भी उसने बहन और मां के साथ मारपीट की थी। वहीं, रविवार शाम प्रकाश प्राइवेट बस स्टैंड इलाके में ठेला लगाए हुए थे, जबकि उनकी मां कजली मेला देखकर वापस आ रही थीं। इसी दौरान अचानक जालम ने चाकू से हमला कर दिया।

परिवार ने बताया कि इस घटना के बाद महिला की हालत गंभीर है और पुलिस को सूचना दे दी गई है। पूरे इलाके में इस वारदात से खलबली मची हुई है और लोग घटना की निंदा कर रहे हैं। यह घटना पारिवारिक विवाद और धोखाधड़ी की कहानी सामने लाती है, जिसमें एक महिला की जान को खतरा उत्पन्न हो गया। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाएं अधिकारी: डीएम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने डीआरडीए गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अधिकारी प्रभावी कदम उठाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में हुई दुघर्टनाओं की समीक्षा करके उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिये आवश्यक कदम उठाए जाए। दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित करते हुए उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय किए जाए। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को अमल में लाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि असेनी मोड़ पर कई घटनाएं हो चुकी है यहाँ पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। जिलाधिकारी द्वारा गोल्डन ब्लॉसम से असेनी मोड तक मार्ग पर कुछ गड्ढे होने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है जिसको ठीक कराने के निर्देश दिए गए। दारापुर कट भी दुर्घटना बाहुल्य है इसलिये यहाँ पर भी आवश्यक उपाय किये जाये। केवाडी मोड़ से सफेदाबाद तक बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी है इसलिये केवाड़ी मोड़ कट को बंद कराने के निर्देश दिए। एनएचआई के अधिकारी आवश्यक कार्यवाही संपादित करें और रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। रसौली व लक्षबरबजहा में भी जरूरी आवश्यक कार्यवाही की जाए जिससे दुघर्टनाओं को रोका जा सके। जिले के दुर्घटना बाहुल्य स्थानों असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़, बभौरा मोड़, आदि स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर दुर्घटनाओं के रोकने के विशेष प्रयास किये जायें तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

**संबंधित ठेकेदार पर होगी एफआईआर**

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न कार्यों को समय पर न करने के दृष्टिगत संबन्धित ठेकेदार पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं है। बैठक में जो भी निर्देश दिए जाते हैं उन सभी निर्देशों का संबन्धित अधिकारी समयान्तर्गत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़क के किनारे स्थित पेड़ों के समीप मिट्टी की कटाव न होने पाए।

**अधिकारियों को सभी ब्लैक स्पॉट का जॉइंट विजिट करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही संपादित करें।

**सड़कों पटरियों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के दिये आदेश**

जिले के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# अल्लाह के अलावा जो कुछ दुनियां में है वो मखलूक है

▸ इस्लाम के नज़रिये में आदम अ को मिट्टी और पानी से बनाया गया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अल्लाह के अलावा जो कुछ दुनियां में है वो मखलूक है। इस्लाम के नज़रिये में आदम अ को मिट्टी और पानी से बनाया गया। अल्लाह ने आदम अ को अपनी मर्ज़ी से जैसा चाहा वैसा बनाया। मिट्टी उनसुर नहीं अनासिर का मजमुआ है। पंजतन की ज़ात वह ज़ात है जिसे मलायका को भी सर उठाकर देखना पड़ता है। अली अ. की जमा को आलीन कहते हैं जिन पर आदम का सजदा नहीं। पंजतन का तअररुफ अर्श पर अली अ., फर्श पर मोहम्मद स. अ. व. और चादर में फ़ातिमा ज़हरा है यह बात जावेद अस्करी द्वारा आयोजित क़र्बला सिविल लाइन में सालाना मजलिस को सम्बोधित करते हुए आली जनाब मौलाना मीसम ज़ैदी साहब ने कहा। उन्होंने यह भी कहा सूफियत और शीयत में तौहीद के नज़रिये अलग अलग हैं। शीयत में इंतेक़ाल तो सूफियत में विसाल होता है। आखिर में क़र्बला वालों के मसायब पेश किये जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मजलिस से पहले डा. रज़ा मौरानवी, अजमल किंतूरी, डा. मुहिब मौरानवी, आरिज़ ज़रगावी, जेना जफराबादी, मो. मेंहदी नक़वी और हाजी सरवर अली कर्बलाई ने नज़रनाये अक़ीदात पेश किये। आरम्भ मौलाना हिलाल अब्बास ने तिलावत से किया। बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## खबरें एक नजर में

### झगड़े में पांच गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नबादा में किसी बात को लेकर आपस में गाली-गलौज और कहा सुनी हो गई थी पुलिस ने मौके पर पहुँच कर 5 लोगो को गिरफ्तार कर शान्तिभंग में पाबंद किया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नबादा में रविवार की शाम कुछ लोगो में किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी और गाली-गलौज होने लगी जिसकी सूचना गांव के लोगो ने लवेदी पुलिस को दी पुलिस फोर्स मौके पर पहुँचा और आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे शिव नाथ पुत्र श्याम बरन,रूद्र प्रताप पुत्र प्रेम प्रताप,शिव पाल पुत्र अनुरूद सिंह, आदित्य कुमार पुत्र जनेश सिंह के अलावा सोनू पुत्र पूरन सिंह निवासीगण ग्राम नबादा थाना लवेदी को मौके से गिरफ्तार कर शान्तिभंग में पाबंद कर उपजिलाधिकारी चकरनगर के समक्ष पेश किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**ऊसराहार, इटावा।** क्षेत्र के कस्बा ऊसराहार में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा कस्बा ऊसराहार से भरतिया कोठी तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाइक रैली के रूप में निकली इस यात्रा में कार्यकर्ताओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों के साथ गगनभेदी नारों की गूंज रही। तिरंगा यात्रा में कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा का नेतृत्व भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपकनंदन व स्थानीय पदाधिकारियों और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया। भाजपा नेता विवेक शाक्य ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है, इसकी रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम में युवाओं के साथ वरिष्ठ नागरिक भी पूरे उत्साह से शामिल हुए। यात्रा भरतिया कोठी पहुंचकर राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए आजादी के महत्व और तिरंगे के सम्मान की शपथ दिलाई।

### मोहम्मद इरफान बने एंटी करप्शन ब्यूरो के जिलाध्यक्ष



**इटावा।** पत्रकार मोहम्मद इरफान को एंटी करप्शन ब्यूरो का इटावा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफचल रही मुहिम को नई गति देगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम पांडे ने जिले की जिम्मेदारी मोहम्मद इरफान को सौंपते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाना हमारा प्रमुख मकसद है। इरफान ने इस मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। संगठन ने उषा प्रजापति को भी प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ती रही हूं। यह नई जिम्मेदारी मुझे और अधिक सक्रियता से काम करने का अवसर देगी। संगठन ने बताया कि जल्द ही एंटी करप्शन ब्यूरो का पूरे उत्तर प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। जिले के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। इस नियुक्ति पर सभी वर्गों के लोगों ने खुशी जाहिर की है। मोहम्मद इरफान और उषा प्रजापति की यह जोड़ी भ्रष्टाचार के खिलाफएक नई लहर पैदा करेगी, ऐसा माना जा रहा है।

### अजपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव।** स्वामी प्रसाद मौर्य पर हुए हमले पर अपनी जनता पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर विरोध प्रकट किया। डीएम को दिये ज्ञापन में अजपा ने कहा कि श्री मौर्य के ऊपर अराजकतत्वो द्वारा किये गये हमले का प्रमुखता से विरोध करते हुए मांग की गयी कि स्वामी प्रसाद मौर्य को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाये। ज्ञापन देने वालो में संदीप कुशवाहा, संजय मौर्य, मुन्नालाल, राजकुमार, विनीत, दिलीप, सतीश यादव, संजय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### तिरंगा कार्यक्रम 14 को

**उन्नाव।** नगर क्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम 14 अगस्त को मनाया जायेगा। नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पं0 विशम्भर दयालु त्रिपाठी पार्क से यात्रा निकाली जायेगी जिसमें तिरंगा झण्डा का वितरण भी किया जायेगा।

### संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने रविवार रात्रिगशत के दौरान कुलहा पुलिया के पास बाइक सवार युवक राधेश्याम यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी मेहरबानखेडा को रोका और जामातलाशी ली तो उसके पास से पंद्रह बोर का अवैध तमंचा व चार कारतूस एक बाइक जिसके कागजात ना दिखा पाने पर सीज कर दी और युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर सोमवार अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया।

### थाने में तैनात दरोगा के विरोध में भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने दिया धरना

**उन्नाव।** बीघापुर ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मोहनलाल यादव एडवोकेट के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया तथा बीघापुर थाने में तैनात दरोगा सूरज सिंह द्वारा किसान व गरीबों के साथ किए जा रहे जुल्मों को लेकर 15 अगस्त के बाद आंदोलन किए जाने का ऐलान किया। यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ पंकज गौतम बीघापुर को दिया और ज्ञापन में की गई मांगों को पूरा किए जाने की की मांग की। जिला अध्यक्ष ने कहा बीघापुर में तैनात दरोगा सूरज सिंह किसानों, गरीबों व महिलाओं पर गैर कानूनी चालान करके तथा उनकी बेरहमी से पिटाई खुलेआम कर रहा है। कई शिकायतों की जांच सीओ स्तर पर लंबित है दरोगा के विरुद्ध निलंबन कार्रवाई नहीं की गई तो यूनियन के कार्यकर्ता 15 अगस्त के बाद सीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने बीडीओ को बताया कि पांडेपुर गौशाला में पशुओं को खुलेआम छोड़ दिया जाता है जिसकी कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी किसानों की बर्बाद हो रही फसल की सुरक्षा नहीं हो पा रही। भारी बरसात में ग्राम पंचायत रावतपुर में नालियां बजबजा रही हैं तथा मुख्य मार्ग में आवागमन मुश्किल है।प्रधान व सचिव कोई सुनवाई नहीं कर रहे। यूनियन ने किसानों को समय से खादबीज, नहरों में पानी, पेंशन के लिए कैंप लगाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को एक सप्ताह में बनवाने तथा आधार कार्ड संशोधन के लिए भी विशेष कैंप लगाए जाने की मांग की है। इसमें सत्यपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, विजयपाल कुशवाहा, राम लखन, शिव प्रकाश त्रिवेदी, सुमन रावत, सोनू कुशवाहा मौजूद रहे।

# अराजकतत्वों ने बाइक में मारी टक्कर, गिरे अबोध की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पुरवा कोतवाली क्षेत्र में अपने आठ माह के अबोध बच्चे को लेकर साले व पत्नी के साथ अलग-अलग बाइको से राखी बंधवाने जा रहे युवक की बाइक में बाइक सवार अराजकतत्वों ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी और बच्चा छिटककर दूर जा गिरा। जिसे आनन-फानन उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। दुर्घटना के बाद अराजकतत्व बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गये।

लखनऊ के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के गांव दरोगाखेड़ा निवासी राघवेंद्र पुत्र बच्चूलाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया 9 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी पत्नी तनुष्का व 8 माह के पुत्र रुद्रांश और अपने साले प्रियांशु सागर और मामा छुन्नालाल के साथ बीघापुर थाना क्षेत्र के रुझिई गांव स्थित अपने घर बहन से राखी बंधवाने के लिए जा रहा था, मैं अपने साले प्रियांशु के साथ मोटरसाइकिल पर अपने 8 माह के बच्चे रुद्रांश को गोद में लेकर बैठा था तभी तारागढ़ी गांव के पास पासाखेड़ा की तरफ से तीन युवक तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाते हुए आए और मेरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी और मेरा बाया हाथ फ्रेक्चर हो गया तथा मेरा बच्चा गोद से सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया।

# ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर विकासखंड त्रिवेदीगंज में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर अवधेश वर्मा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका समापन उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा से न केवल राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बढ़ती है एवं उन सैनिकों के बलिदान को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वीर शहीदों के बलिदान से ही हम स्वतंत्र वातावरण में जी रहे हैं उन सभी शहीदों के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता।

सैकडो मोटरसाइकिल पर निकली तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीत बजते रहे और लोगों ने हाथों में तिरंगे को लेकर भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा मंडल महामंत्री राजेश रावत जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणविजय सिंह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रधान सचिन सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान भानु बाजपेई पूर्व प्रधान पंकज सिंह बाबा वरिष्ठ भाजपा नेता सहज राम बाजपेई राजन शुक्ला पंकज सिंह पूर्व प्रधान संतदीन प्रधान हरिओम दिक्षित मनोज सिंह गप्पू वर्मा सहित भारी संख्या में देश प्रेमी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध कारणों से युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के सीठूमऊ गांव में एक युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यलय भेजा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी श्री कृष्णा यादव का 21 वर्षीय पुत्र जगन्नाथ यादव सोमवार की सुबह 10:00 बजे खाना खाने के बाद घर से बाहर निकल गया था। नाले के उस पार मालिनपुर गांव के ग्रामीणों ने एक युवक को नाले के किनारे लगे आम के पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता हुआ देखा जिस पर आवाज लगाई यहीं पर अपने खेतों में दवा डालने गये इसी गाँव निवासी आशीष यादव ने जब नजदीक जाकर देखा तो जगन्नाथ को फांसी के फंदे से लटकता पाया। तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी।

# लाखों की लागत से निर्मित 'कूड़ाघर' निष्प्रयोज्य



▸ गांवों को हाईटेक बनाने के सभी प्रयास विफल
▸ कूड़ा उठाने वाले आटो भी गायब

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड मियागंज क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांवों में साफ-सफाई हो और लोग बीमारियों से बचें जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रो का निर्माण तो करा दिया गया। साथ ही गांव की गलियों से कूडा एकत्र कर केंद्र तक पहुंचाने के लिए आटो भी पहुंचा दिए गए लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत एकदम विपरीत है। गांव की गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं, गंदगी भरी हुई है बीमारियाँ फैल रही है आटो ग्राम प्रधानों के निजी सम्पत्ति बन गए हैं और आरआरसी सेंटरों में ताले लगे हुए हैं। ब्लाक मियागंज क्षेत्र की 74 ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा आरआरसी सेंटरों का निर्माण कार्य ढाई लाख रुपये की लागत से करा दिया गया। जहां सूखा और गीला कचरे की छटाई कर अलग-अलग कर उससे खाद बनाई जाए और हर घर कूडा उठाने के लिए इलेक्ट्रिक आटो वाहन ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करा दिए गए। इसके बावजूद भी अधिकांश सेंटरों पर कूडे का नामोनिशान तक नहीं है। ग्राम प्रधानों द्वारा निर्माण कार्य कराने के बाद ताला जड़ दिया गया जबकि गांव की गलियां आज भी गंदगी से पटी पड़ी हैं जिम्मेदार भी अपना हिस्सा मिलने के बाद नजरें फेर कर बैठ गए हैं उन्हें ग्रामीणों की असुविधा से कोई सरोकार ही नहीं है। इस सम्बंध में जब एडीओ पंचायत प्रवीण दुबे से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि लखनऊ में हैं।

# बाल अपचारी सहित हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गतदिवस औरास थाना क्षेत्र में घूरे के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार आरोपियो व एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि गत 9 अगस्त को चन्द्रप्रकाश पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम धमियाना थाना औरास ने थाना औरास पर तहरीरी सूचना दी कि 9 अगस्त को रात समय करीब 21.30 बजे अपने चाचा रामविलास पुत्र रोहन व चाची गुड्डी व चचेरी बहन मोनिका व सजंय पुत्र रामस्वरूप निवासीगण ग्राम धमियाना थाना औरास को मोहन पुत्र परागी, सर्वजीत पुत्र हरीराम, बहादुर पुत्र ईश्वरी, सन्दीप पुत्र हरीराम, प्रदीप पुत्र हरीराम, रामू पुत्र मोहनलाल, अमरजीत पुत्र हरीराम निवासीगण ग्राम धमियाना थाना औरास व हरिपाल यादव पुत्र शिवराज निवासी ग्राम अलोलापुर मजरा धमियाना थाना औरास के द्वारा मारपीट मे आयी चोटो से चाचा रामविलास की मृत्यु हो जाना व अन्य को मारपीट कर घायल कर देने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0-251/2025 धारा-191 (2)/ 191 (3)/ 115(2)/ 109/ 103(1) बीएनएस मे आरोपियो के विरूद्द पंजीकृत कराया गया था। मुकदमे मे नामजद व वांछित अमरजीत, सर्वजीत, बहादुर व हरीपाल यादव को आलाकत्ल 3 बांस के डंडो सहित पंडितखेडा तिराहे से गिरफ्तार किया गया तथा 1 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो व बाल अपचारी को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### हाईवे पर मरणासन्न हालत में मिला युवक, हालत गंभीर

**उन्नाव।** अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर स्थित मिश्रीगंज गांव के समीप शनिवार को मरणासन्न हालत में मिले अज्ञात युवक की शिनाख्त शिवम पुत्र रामनरेश लोध निवासी हिन्दूखेड़ा अजगैन के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी है। बताते है कि 10 अगस्त को देरशाम अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे शिवम को टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मरणासन्न हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

# ब्रह्माकुमारी मंजू का 13वां स्मृति दिवस मना



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइन शाखा की द्वितीय केंद्र संचालिका मंजू का 13वां स्मृति दिवस श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया मानवीय मूल्यों को अपने में समाहित कर दूसरों की प्रेरणा स्रोत बनने वाली मंजू बहन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वर्तमान केंद्र संचारी का बीके नेहा ने कहा कि दुनिया में रहकर हम कुछ ऐसे श्रेष्ठ कर्म करें जिससे अपना भी पुण्य का खाता जमा हो और बाद में भी उससे प्रेरणा लेकर लोग लाभान्वित हो सके मंजू बहन ने बालिका से 55 वर्ष की अल्प आयु तक इसका सरकार उदाहरण प्रस्तुत किया मंजू बहन ने लौकिक शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ अनेक आत्माओं का परमपिता परमात्मा से संबंध जुड़वा कर उन्हें आत्मिक सुख का अनुभव कराया हम भी अपने आत्म स्वरूप को पहचान कर परमात्मा प्यार व पालन का अनुभव करें और मन में सच्ची शांति प्राप्त करें यही मंजू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी मुख्य अतिथि जेलर जिलाकारागार राकेश वर्मा ने कहा कि आध्यात्मअनुभूति का विषय है हमें अपने कर्तव्य का निर्वहन इस प्रकार करना चाहिए कि हमारे बाद भी लोगो के लिए हम प्रेरणा के स्रोत बने रहें। विशिष्ट अतिथि बिरजानंद शर्मा ने कहा कि परोपकार मानव जीवन का ध्येय होना चाहिए। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करके मंजू बहन को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर विनय कश्यप वह एकता सिंह ने गीत के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# वोट चोरी को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गिरफ़्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इलेक्शन कमीशन का घोटाला उजागर कर वोट चोरी के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा जिस तरह से उन्हें और प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे को गिरफ़्तार किया गया वह निंदनीय है। धरना प्रदर्शन के दौरान सीओ सिटी अभयनारायन राय व शहर कोतवाल यशवंत सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। उक्त बात शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कही। पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वोट चोरी का मतलब है। कि देश के सभी नागरिकों से उसका अधिकार छीन लेना। अगर इलेक्शन कमीशन अपनी ज़िद पर डटा रहा तो कांग्रेस पार्टी देशव्यापी धरना प्रदर्शन करेगी। जिलाप्रवक्ता ज़ुबैरी मैं अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि जिस तरह से इलेक्शन कमीशन ने देश का सबसे बड़ा घोटाला किया है। वह बहुत ही शर्मनाक है। आज देश का हर आम नागरिक राहुल गांधी के साथ में है। धरना प्रदर्शन में कोमल सिंह कुशवाहा, कामरेड प्रेमशंकर यादव, वाचस्पति द्विवेदी, श्याम सिंह कुशवाहा, अफ़ज़ाल वारसी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, सतीश नागर, अंबुज त्रिपाठी, अवनीश वर्मा, सतीश शाक्य, अंशुल यादव, आसिफ जादरान, सरवर अली, मोहम्मद नजम, सरला जाटव, हरिओम सिंह, सचिन शंखबार, अल्ताफ अहमद, नरेंद्र यादव, अंसार अहमद, इमरान अंसारी, मोहसिन अली, सुहेल वारसी, मोहम्मद शानू, असलम अंसारी, तहसीम अंसारी उपस्थित रहे।

# व्यापारी ही तय करेगा 2027 की सरकार : राजीव चंदेल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी व्यापार सभा इटावा की मासिक बैठक दिनांक 10 अगस्त दिन रविवार को शहर के शास्त्री चौराहे के पास स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट पर सम्पन्न हुई मुख्य अतिथि जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी विकास गुप्ता विक्की एवं विशिष्ट अतिथि भरथना समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रताप सिंह वर्मा, व्यापारी नेता गोरखनाथ वर्मा, और आकाशदीप जैन की गौरवमयी उपस्थित में बैठक की अध्यक्षता राजीव चंदेल और संचालन जिला मंत्री हरीश जौहरी के द्वारा किया गया रहीस मंसूरी गुड्डू तथा ओम कृष्ण सोनी और व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए बैठक के आयोजन में महामंत्री नवीन कुमार राजवंशी,जिला उपाध्यक्ष जैनुल आब्दीन, उपाध्यक्ष सन्तोष सोनी, जसवंत नगर विधानसभा अध्यक्ष सुरेश वर्मा, शहर अध्यक्ष मोहम्मद शाह खालिद, इटावा विधानसभा सचिव दिलशाद पहलवान, शहर सचिव आसिफ़ वारसी ने इटावा व्यापारियों के बीच सदस्यता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया ताकि अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़कर प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं में साथ खड़े होकर निदान किया जा सके। रहीस मंसूरी गुड्डू ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि सरकार के हर विभाग में लूट और रिश्वत का इतना खुला खेल हमने अपने जीवन काल में नहीं देखा अंत में व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल ने सभी का आभार जताते हुए बताया 2027 की सरकार व्यापारी ही तय करेगा सत्ता में बैठे लोग ये अच्छी तरह समझ लें कि व्यापारी बड़ी संख्या में इस व्यापार विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है उन्होंने कहा अब तो बीजेपी के वोटर और कार्यकर्ताओं की ओर से भी बस एक ही आवाज सुनाई दे रही है कि आने वाले चुनाव में बीजेपी को एक झटका देना ज़रूरी हो गया है अब बदलाव आवश्यक हो गया है इसलिए व्यापार को मटियामेट करने वाले सत्ता से खदेड़ना होगा दुष्यन्त कुमार , रिज़वान कुरैशी, मनोज गुप्ता श्याम सिंह तोमर, हरिओम सिंह, रंजीत सोनी, श्रीपत वर्मा,आकाश सिंह लल्ला, सूरज वर्मा, राज सोनी,विनोद बाबू,शीलू यादव,रणजीत वर्मा, वीरेंद्र सिंह, सचिन सोनी, अजित जैन आदि उपस्थित रहे।

### तिरंगा यात्रा के दौरान बंदर का हमला

**इटावा।** सदर इलाके में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सोमवार को निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा के समापन स्थल नुमाइश पंडाल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय सहायक पर एक बंदर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, कल्याण बोर्ड के कार्यालय सहायक विवेक कुमार पुत्र स्व. गया प्रसाद निवासी विजयनगर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर दोपहर करीब 12 बजे नुमाइश पंडाल पहुंचे थे। इसी दौरान एक खूंखार बंदर ने अचानक उन पर झपट्टा मारते हुए उनके हाथ में गहरा काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। हमले के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

# खेलो इंडिया अस्मिता प्रतियोगिता में जीते पदक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




ताइक्कांडो की तीन महिला खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया के अस्मिता सिटी लीग ताइक्कांडो प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल तीन पदक पर जीत हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह प्रतियोगिता 6 से 9 अगस्त के मध्य कानपुर के प्रतिष्ठित ग्रीनपार्क खेल स्टेडियम में हुई थी।

पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सिद्धि त्रिपाठी ने 29 किग्रा भार वर्ग के अंतर्गत स्वर्ण, आराध्या सिंह ने 68 किग्रा भार से अधिक की श्रेणी में रजत और वैष्णवी यादव ने 37 किग्रा. भार के अंतर्गत कांस्य पदक जीत कर अपने जनपद का नाम रोशन किया। पदक जीतने के बाद तीनों खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षकों नबीला, हरि गोविंद सिंह और श्यामजी सक्सेना तथा अपने माता-पिता को जीत का श्रेय दिया। प्रशिक्षक और कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि सिद्धि को आगे खेलों इंडिया अस्मिता लीग फेज 2 के लिए चयनित किया गया है। यह बेहद प्रतिष्ठित और कठिन प्रतियोगिता है जिसके लिए सिद्धि के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यकम को निर्धारित किया गया है।

खिलाड़ियों के इस विजय अवसर पर सचिव रोहित द्विवेदी और मीडिया प्रभारी तरुणरंजन गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया और खिलाड़ियों को सफलता की बधाई दी।

# कोचिंग शिविर में छात्र-छात्राएं बहा रहे पसीना

## 15 दिवसीय टेबल टेनिस कोचिंग शिविर का नवोदय विद्यालय में किया जा रहा आयोजन




टेबल टेनिस शिविर में प्रतिभाग करते छात्र- छात्राएं व मौजूद कोच

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

15 दिवसीय कोचिंग कैंप में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के नवोदय विद्यालयों, विशेषकर लखनऊ संभाग से चयनित कुल 30 खिलाड़ी (15 बालक एवं 15 बालिकाएं) भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन को और निखारने के उद्देश्य से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कैंप के समापन के पश्चात ये सभी खिलाड़ी असम के सोनितपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। क्षेत्र के अनौगी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विगत 31 जुलाई को किया गया था। कोचिंग शिविर में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के 15 छात्र एवं 15 छात्राएं कुल 30 छात्र- छात्राएं प्रतिदिन अभ्यास कर पसीना बहा रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षिका अमीषा वर्मा एनआईएस कोच एवं प्रशिक्षक अमित कुमार पूर्व नेशनल स्कूल गेम्स टेबल टेनिस खिलाड़ी छात्र- छात्राओं को टेबल टेनिस खेल की बारीकियां की जानकारी देकर प्रतिदिन अभ्यास करा रहे हैं। शिविर का संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य एवं टीम मैनेजर फिरोज अहमद और फिरोजाबाद के शारीरिक शिक्षक डॉ हैदर अली एवं जेएनवी कन्नौज के शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार एवं शारीरिक शिक्षिका सुषमा पाल की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी टेबल टेनिस खिलाड़ी 18 से 20 अगस्त तक नवोदय विद्यालय सोनितपुर (असम) में होने वाली नवोदय विद्यालय समिति राष्ट्रीय टेबल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## दो दिनों से लापता महिला के नदी में छलांग लगाने की संभावना बढ़ी

**कालपी,जालौन।** गत 9 अगस्त को घर से दवा लेने निकली विवाहिता लापता हो गई। वह पति की मौत के बाद मायके में रह रही थी। मामले की शिकायत पिता ने पुलिस से की है। नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी कमाल पुत्र पुत्र अब्दुल बारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि उसकी पुत्री मेहनूर की शादी लगभग साढ़े 6 साल पहले रामचबूतरा निवासी नवील पुत्र बुद्धू अन्सारी के साथ हुई थी लेकिन शादी के डेढ़ साल बाद पति की मौत हो गई थी जिससे उसकी पुत्री अपनी पुत्री के साथ आकर मायके में ही रह रही थी लेकिन पति की मौत के सदमे से उसकी मानसिक हालत ठीक नही रहती थी जिसके चलते वह दवा भी ले रही थी।



## ग्लोबल एजुकेशन महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन महाविद्यालय में पौधारोपण करके बड़े होने तक उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। छात्र-छात्राओं एवं प्रधानाचार्य सहित प्रबंधक ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रबंधक एहतिशामुद्दीन ने कहा प्रकृति में संतुलन बनाए रखने तथा अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पेड़ पौधे लगाना बहुत जरूरी हैं। इनके माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर बहुत उपकार करती है। प्राचार्य डॉक्टर राजीव कुमार ने कहा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र कुमार यादव, रजत, श्रवण कुमार एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जालौन में सपा-कांग्रेस का प्रदर्शन, चुनाव आयोग का पुतला फूंका

**उरई,जालौन।** जिला मुख्यालय उरई में सोमवार को सपा और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया। दिल्ली में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। शहीद भगत सिंह चौराहे पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर और कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सेंगर के नेतृत्व में सपा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और झंडे लेकर जोरदार नारेबाजी की। लोकतंत्र बचाओ केंद्र सरकार हाय-हाय और फ़चुनाव आयोग इस्तीफ़ दो जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबा रही है।

# श्याम सिंह यादव अध्यक्ष व शैलेंद्र शुक्ला बने महामंत्री

## उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) की इकाई का चुनाव



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) की इकाई के चुनाव में श्याम सिंह यादव को अध्यक्ष एवं शैलेंद्र शुक्ला को महामंत्री चुना गया। संगठन के संरक्षक एवं प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा की देखरेख में सर्वसम्मति से हुए चुनाव में श्याम सिंह यादव अध्यक्ष, राम्जीत गुप्त कोषाध्यक्ष, शैलेन्द्र शुक्ल महामन्त्री एवं विवेक दीक्षित, वीर प्रताप सिंह, अजय कुमार चौरसिया, नितिन सेंगर व श्रीमती हेमलता जिला प्रतिनिधि चुने गए। इस अवसर पर मुकेश सिंह चौहान, नारायण गुप्त, दीपक कुमार, मजबूत सिंह पाल, राजीव कुमार शुक्ला, कुलदीप मिश्र, प्रभात कुमार शुक्ल, सुरजीत कुमार, रुपेश खण्डेलवाल, समीर सिंह चौहान व सुश्री पूनम कश्यप आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक निकाली तिरंगा रैली




**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति का जोश जगाते हुए तिरंगा रैली निकाली। बच्चों ने राष्ट्रीय नारे लगाते हुए मुख्य बाजार और बनवारी नगर के मोहल्लों में रैली निकाली, जिसका समापन विद्यालय परिसर में हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और स्वतंत्रता के महत्व को समझाना है। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा दी। रैली में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्र, प्रधानाध्यापक राजेश पाठक, शशिकांत शुक्ला, श्वेता यादव, ऋचा यादव, सुमित गुप्ता, विशयेन्द्र दीक्षित, अनिल कुमार, आराधना, सीता राजपूत, पायल तिवारी, रंजीत मौर्य, वंदना यादव, सरोज यादव और निशा यादव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने मृतका रूपाली के परिजनों को दी सांत्वना

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नगर के मोहल्ला बजरिया में मृतका रूपाली गुप्ता, पत्नी वीरेंद्र कुमार गुप्ता, के परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया।

उन्होंने रूपाली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ÷ईश्वर मृत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति दे। प्रिया शाक्य ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि 2 अगस्त को सुबह अचानक आग लगने से रूपाली गंभीर रूप से झुलस गई थीं। सौ शैया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सैफई और फिर नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिंदगी की जंग लड़ते हुए 6 अगस्त को उनका निधन हो गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, नरेश चंद्र गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता, गणेश चंद्र गुप्ता, शिवशंकर लाल गुप्ता और जितेंद्र कुमार जीतू गुप्ता मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा निकालकर जगाई देशभक्ति की अलख



- बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा लहराते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छिबरामऊ विधानसभा के प्रेमपुर मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसने देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया। शहीद हरिओम राजपूत स्मारक डांडे नगला से शुरू होकर रामलीला मैदान विशुनगढ़ में समाप्त हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा लहराते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को यह यात्रा प्रेरणादायी रूप से जनता तक ले जा रही है। राहुल रतन पांडेय ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सभी इस अभियान से जुड़ें और अपने घरों में तिरंगा फहराकर देशभक्ति का जज्बा जगाएं। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि यह यात्रा न केवल देशप्रेम को बढ़ावा देती है, बल्कि शहीदों के बलिदान को भी सम्मान देती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रत्येक घर में तिरंगा फहराकर इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति भरे नारे लगाए और एकता का संदेश दिया।

# 45.1 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगरपालिका के वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखरनगर के सभासद की मृत्यु हो जाने के बाद यहां कराए गए उपचुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। यहां तीन बूथों पर 2197 मतदाताओं में 990 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही मतदान को लेकर गहमागहमी देखी गई। भारी सुरक्षा के बीच सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। शाम पांच बजे तक यहां 45.1 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

नगरपालिका के वार्ड नं.23 चंद्रशेखरनगर का मतदान केंद्र अस्पताल रोड चौराहा पर नगरपालिका के बारातघर में बनाया गया था। यहां तीन बूथ बनाए गए थे। बूथ नंबर 66 पर 622, बूथ नंबर 67 पर 729 और बूथ नंबर 68 पर 846 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल थे। सोमवार की सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक साथ तीनों बूथों पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। दोपहर तक मतदान को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। वोट डालने को लेकर लोगों में काफी जोशो खरोश देखा गया। हालांकि मतदान केंद्र पर महिला पुलिस समेत भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सुरेशकुमार मलिक, नायब तहसीलदार रामप्रकाश, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, सौरिख थानाध्यक्ष दिनेशचंद्र मतदान केंद्र पर कड़ी निगरानी करते रहे। शाम पांच बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों बूथों पर 990 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

-बूथ संख्या 66, कुल वोट 622, कुल पड़े वोट 343 (206 पुरूष व 137 महिला)।
-बूथ संख्या 67, कुल वोट 729, कुल पड़े वोट 332 (189 पुरूष व 143 महिला)।
-बूथ संख्या 68, कुल वोट 846, कुल पड़े वोट 315 (175 पुरूष व 140 महिला)।

**-पूरे समय डेरा जमाए रहे भाजपा के दिग्गज**

छिबरामऊ। मतदान केंद्र से 200 मीटर से अधिक दूर अस्पताल रोड पर सूरज पैथालॉजी के संचालक मनोज दीक्षित के प्रतिष्ठान के पास भाजपा विधायक अर्चना पांडेय के पुत्र राहुलरतन पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, जिला उपाध्यक्ष अरवेश पाल, डॉ.सरित दुबे, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, पूर्व सभासद अतुल वर्मा, शम्मी दुबे, प्रदीप कुमार सिंह, आनंद बाजपेई, विवेक दुबे, रविशंकर चतुर्वेदी, गौरव दुबे, मुनीष मिश्रा, रजत त्रिपाठी, शिवऔतार गुप्ता समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

**-इन प्रत्याशियों की किस्मत पेटियों में हुई कैद**

छिबरामऊ। वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखरनगर में कराए जा रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पंकज दुबे और एएमआईएमआई प्रत्याशी नौसीन इकबाल के अलावा तीन निर्दलीय प्रत्याशी नजीम अली, मुइद्दीन व सबनम के भाग्य का फैसला मतपेटिकाओं में कैद हो गया। 13 अगस्त को मतगणना कराई जाएगी। उस दिन पांचों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा।

# इंद्रपाल जयपुरा को गुजरात में मिला सम्मान



उरई, समृद्धि न्यूज।

जयपुरा के इंद्रपाल गुजरात में पिछले कई वर्षों से कलर कांट्रेक्टर के तौर पर काम कर रहे हैं। एशियन पेंट कंपनी द्वारा इन्हें अच्छा काम करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिससे कि इंद्रपाल के गांव जयपुरा में ग्राम वासियों ने बधाई देकर खुशी जाहिर की। आज जब इंद्रपाल गुजरात से लौटकर वापस अपने गांव आए तो ग्राम वासियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। राजकुमार पाल ने कहा कि गुजरात में अपने गांव का व पाल समाज का नाम रोशन करने वाले इंद्रपाल को संगठन में उचित स्थान दिया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभी मित्रों व दर्ज़नो ग्राम वासियों ने मिलकर इंद्रपाल को सम्मानित किया।

# कृष्णा फाउंडेशन ने किया पौधरोपण




छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

ग्राम हसनपुर सानी में विनोद कुमार पाल के मंदिर स्थल पर कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी के नेतृत्व में 50 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आम, अमरूद, केसिया, गोल्ड मोहर, सहजन, सागौन, नींबू, पारस पीपल, और इल्कटोनिया के कुल 50 पौधे रोपित किए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया। इस पुनीत कार्य में रजनीश कुमार, राजीव पाल, रामू सिंह पाल, अजीत सिंह पाल, अनिकेत कुमार, ग्रीष चंद्र पाल, कमलेश सिंह, विनोद सिंह पाल, अभिषेक कुमार, शिवा कर, मुकुल यादव, और अंश गुप्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। कृष्णा फाउंडेशन की यह पहल गांव में हरियाली बढ़ाने और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# नौनिहालों ने तिरंगा रैली निकाल राष्ट्र प्रेम का दिया संदेश



- प्राथमिक विद्यालय में तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

हर घर तिरंगा अभियान तहत के क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, जलालपुर में नौनिहालों ने रैली का आयोजन करते हुए राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति की अलख जगाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने कहा कि यह एक कार्यक्रम ही नहीं है। बल्कि देश के नागरिकों को जम्मू कश्मीर से लेकर के कन्याकुमारी तक एकता एवं अखंडता के सूत्र ने पिरोने का सशक्त माध्यम है। देश के हर नागरिक को इस अभियान से जुड़ करके सम्मान पूर्वक अपने अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लगा करके इस मुहिम का साक्षात साक्षी बनते हुए संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं अक्षुण्णता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर सहायक अध्यापक प्रगति कुमार, सिराज अहमद, शिक्षामित्र पंकज सिंह, रावेंद्र कुमार , रसोइया चंदावती , मीरा, ग्राम प्रधान उर्मिला बाथम सहित आदि लोग रहे।

# हाईवे पर यूरिया पंपों में संयुक्त छापेमारी, 7 संचालकों को नोटिस, 6 के भरे सैंपल

उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।



हाइवे पर संचालित यूरिया पंपों की संयुक्त छापेमारी करती टीम।

जनपद में अवैध रूप से डीईएफ यूरिया अथवा अनुदानित नाइट्रोजनयुक्त यूरिया के दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रशासनिक टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। उप जिलाधिकारी कालपी मनोज सिंह, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव एवं उनकी टीम ने नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर स्थित कई यूरिया पंपों पर संयुक्त छापेमारी एवं निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान सात संचालकों को नोटिस थमाये गये जबकि 6 स्थानों से सैंपल भरे गये। इस दौरान लगभग सात संचालकों को नोटिस थमाए गए तथा छह संचालकों के सैंपल जांच हेतु भरे गए। जिन प्रतिष्ठानों पर नोटिस दिए गए उनमें परासर मोटर्स, जे.के. कंप्यूटर्स धर्मकांटा, विमल मोटर्स, जय बाबा खाटूश्याम, संतोष कुमार मोटर्स काशीखेड़ा एवं ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कदौरा प्रमुख हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह कार्यवाही शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है, ताकि आगामी रबी सीजन में अनुदानित उर्वरकों की कालाबाजारी एवं गैरकृषि उपयोग पर रोक लगाई जा सके। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ संचालक यूरिया की आड़ में अनुदानित नाइट्रोजनयुक्त यूरिया का अवैध प्रयोग या विक्रय कर रहे हैं, जिससे टैक्स चोरी और उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच में कोई भी संचालक दोषी पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर अपर कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर अमन-चैन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क

- शांति समिति की बैठक में डीएम, एसपी ने दिए निर्देश

उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।



आगामी त्यौहारों चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शांति समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवाओं और अन्य तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क निगरानी रखी जाए, सार्वजनिक स्थानों की सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और आमजन में भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए सतत संवाद किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों पर गश्त को और तेज किया जाएगा, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी तथा भीड़-नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जनपद के सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि जालौन पुनीत मित्तल, चेयरमैन प्रतिनिधि उरई विजय चौधरी, समाज सेवी लक्ष्मण दास बाबानी, विकास, चंद्र प्रकाश, गजराज, चंद्रपाल सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, अलीम सर, हाफिज शेख मोहम्मद, जमील अहमद, मोहम्मद दावर, सलीम अंसारी, मौलाना सुल्तान कादरी, आदि गणमान्य नागरिक और विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# नकाबपोश चोरों के आने की फैलायी जा रहीं झूठी अफवाहें: सीओ

**पुलिस जाँच में ऐसा कोई भी तथ्य सामने नहीं आया, लोग सतर्क/सुरक्षित रहें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से फतेहगढ़ में रात्रि के समय नकाबपोश चोरों के आने की सूचनाएं मिल रही हैं। जिससे आमजन के बीच भ्रम और भय का वातावरण बना हुआ है। अफवाहें फैलाई जा रही है कि चोर क्षेत्र में घूम रहे है।

जनपद के कई थाना क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार की सूचना दी गई, लेकिन पुलिस जाँच में किसी भी क्षेत्र में ऐसी किसी गतिविधि का होना नहीं पाया गया। पिछले कुछ दिनों में डायल 112 के इवेंट्स पर पहुँच कर पुलिस द्वारा चोरों की अफवाह पर जांच की गयी। इस बीच अन्य आपराधिक प्रकरणों के अनावरण में अपराधी पकड़े गए। कहीं भी अब तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है जिसमें कहीं पर कोई चोरी करने वाला गिरोह या रेकी करने वाले व्यक्ति पकड़े गये हों। बताते चलें कि कुछ शरारती तत्व ग्रामीणों में भय व्याप्त करने हेतु इस प्रकार की अफवाहों को बल दे रहे हैं। कोई बाहरी व्यक्ति को जो रात्रि में अपने परिजनों या अन्य साथियों के साथ जा रहा है तो उन्हें भी कई बार चोर मान लिया जाता है। किसी एक व्यक्ति द्वारा चोर देखे गये कहने पर अफवाह फैल जाती है। भले ही किसी ने कुछ न देखा हो। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देए तो 112 पर कॉल करें या नजदीकी थाने को सूचित करें। अफवाहें न फैलाएं। बिना पुष्टि के कोई सूचना न साझा करें। अपने मोहल्ले गांव में अधिक से अधिक ससीटीवी कैमरे लगवाएं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पहले भी सफल प्रयास हो चुके हैं।

### ऐसे में क्या करें, क्या न करें


जानकारी देतीं क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय

सुनी सुनाई बातों को बिना पुष्टि शेयर न करें, पुराने फोटो या वीडियो को नए घटनाक्रम बताकर ग्रुपों में शेयर न करें, सोशल मीडिया पर लाइक वायरल पाने के लिए भ्रामक या सनसनीखेज पोस्ट न करें, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, स्वयं कोई कार्रवाई न करें। पुलिस द्वारा गाँवों में जाकर जनसभाएं की जा रही हैं। रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी किया गया है। सभी सूचनाओं का विश्लेषण किया जा रहा है। प्रत्येक गांवों में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। सतर्क रहें तथा सुरक्षित रहें।

# नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


घटनास्थल पर मौजूद लोग

सोमवार सुबह एक युवक का शव घर के पास स्थित नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आशीष दुबे के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के श्रृंगीरामपुर निवासी शांतीस्वरूप दुबे की पत्नी रामा देवी अपने मायके गयी थीं। घर पर उनका 24 वर्षीय पुत्र आशीष दुबे अकेला था। सोमवार सुबह उसका शव पास के नीम के पेड़ पर फांसी पर लटका देखा गया। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिवारजन का रो-रोकर बेहाल हो गया। सूचना पर चौकी प्रभारी खुदागंज शिवकुमार, कमालगंज इंस्पेक्टर राजीव कुमार व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां से साक्ष्य जुटाए। मायके से पहुंची मृतक की मां रामा देवी ने पोस्टमार्टम के लिए तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के हत्यारे पति को छह वर्ष का कारावास

**40 हजार रुपए के अर्थदंड से भी हुआ दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने दहेज हत्या के मामले में रोहित पुत्र मनीराम निवासी ग्राम कन्हूयाकूबपुर मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व 40 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते चार वर्षों पूर्व कोतवाली पुलिस को हरीराम पुत्र बुद्धि निवासी खसौरा हरपालपुर हरदोई ने दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री सीमा 24 वर्षीय की शादी रोहित के साथ तीन वर्ष पूर्व हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार की थी। शादी के बाद से ही पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और मांग पूरी न करने पर उसके साथ मारपीट करते रहे। जिसकी सूचना पुत्री ने मुझे कई बार फोन पर दी थी। दिनांक 30.04.2021 को दिन में मारपीट की। इसकी भी सूचना मेरी पुत्री ने मुझे दी। रात में करीब दो बजे मेरी बेटी को उसके पति रोहित, जेठ, सास, ननद, जेठानी, ससुरए ने मिलकर सीमा की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने पति रोहित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व चालीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अन्य सभी परिजन को साक्ष्य के अभाव से दोष मुक्त कर दिया।

# 15 सेंटीमीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं गंगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाढ़ के पानी में ट्रैक्टर से आवागमन कर रहे ग्रामीण


कालेश्वरनाथ मंदिर तक पहुंचा पानी

गंगा खतरे के निशान से 15 सेमी ऊपर बह रही हैं। जिससे ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ गयी हैं। करीब 55 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 15 साल में पहली बार कालेश्वर नाथ मंदिर में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 15 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। सोमवार को गंगा का जलस्तर बढ़कर 137.25 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। रामगंगा का जलस्तर भी 136.60 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है। जनपद के लगभग 55 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नरौरा बांध से 305041 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। रामगंगा में खो बैराज से 6992, हरेली बैराज से 372 और रामनगर बैराज से 22337 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कम्पिल में करीब 15 वर्षों के बाद द्वापर युग के प्रसिद्ध कालेश्वर नाथ मंदिर में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। मुगल घाट भी जलमग्न हो गया है। प्रशासन ने शमशाबाद-शाहजहांपुर मार्ग को बंद कर दिया है। कंपिल-बदायूं मार्ग की पुलिया में गड्ढे हो गए हैं और उसके ऊपर से पानी बह रहा है। कायमगंज तहसील क्षेत्र में लगभग 25-30 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रशासन ने लोगों की मदद के लिए मोटर वोट और नावें उपलब्ध कराई हैं। कई गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया है। फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यक कदम उठा रहा है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र गंगा और रामगंगा दोनों की चपेट में है ऐसे में यहां स्थितियां बिगड़ रही हैं। अमृतपुर क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में हैं कई गांव की झोपड़ियों में पानी भर गया है। ग्रामीण सड़कों के किनारे तिरपाल डालकर रह रहे हैं।

ग्रामीण नाव के सहारे आवाजाही कर रहे हैं। प्रशासन ने यहां 24 नाव लगाई हैं। चित्रकूट डिप पर डीएम के निर्देश के बाद बैरिकेडिंग कर दी गई है। यहां करीब 3 फीट पानी बह रहा है। बताते चलें कि कंपिल थाना क्षेत्र में गांव माधवपुर, पथरामई, हमीरपुर टपुआ, कारव, विरामपुरए सहित कई गांव बाढ़ की चपेट में पूरी तरह से हैं। रविवार की रात पानी बढ़कर कंपिल कस्बा में स्थित द्वापर कालीन मंदिर कालेश्वर नाथ तक पानी पहुंच गया बाढ़ का पानी मंदिर में अंदर भर गया इसके अलावा द्रोपदी कुंड रामेश्वर नाथ मंदिर के पास पानी सड़क पर बह रहा है। कंपिल बाईपास मार्ग पर बाढ़ का पानी बह रहा है। जबकि रायपुर चिनहटपुर के आगे बदायूं मार्ग पर बनी पुलिया के ऊपर से पानी दो दिन से बह रहा है। वही पुलिया की मिट्टी धंस गई है। ऐसे में पुलिया में गड्ढे हो गए हैं हालांकि यहां पुलिस पिकेट तैनात की गई है। कंपिल कस्बा के लोगों ने बताया कालेश्वर नाथ मंदिर में करीब 15 वर्ष बाद पानी आया है ऐसी बढ़ 15 वर्ष पहले उन्होंने देखी थी। बताया अगर पानी बाद तो रामेश्वर नाथ मंदिर के पास से नाव चलानी पड़ेगी।

## भीषण जाम में फंसी प्रसूता, ई-रिक्शा पर ही बच्ची को दिया जन्म

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी चाँदनी उम्र 28 वर्षीय पत्नी रोहित कुमार दिवाकर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन 11:45 पर ई-रिक्शा द्वारा कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आ रहे थे। जैसे ही वह तहसील रोड पर पहुँचे, जहाँ उन्हें भीषण जाम लगा मिला। प्रसूता को प्रसव पीड़ा तेज होने पर ई-रिक्शा चालक ने जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन भीषण जाम होने के कारण उसका ई-रिक्शा जाम में फंस गया। दर्द से परेशान प्रसूता ने ई-रिक्शे में ही बच्ची को जन्म दिया। जाम खुलने के बाद परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती कराया। स्टाप नर्स शीतल ने बताया की जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। रोहित ने बताया कि इससे पहले उसकी पत्नी ने एक लड़की व एक लड़के को जन्म दिया था। आशा कामनी साथ मे मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### बंदरों के हमले में छात्र घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योना निवासी गगन उम्र 13 पुत्र राघवेन्द्र जो कि राम सिंह इण्टर कालेज में कक्षा 6 का छात्र है। वह गाँव से अपने घर जा रहा था। घर के पास पहुंचते ही उस पर पीछे से बन्दरों ने हमला कर घायल कर दिया। परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ उसके रैबीज का इन्जेक्शन लगाया गया।

### बदमाशों की आशंका पर ताबड़तोड़ फायरिंग से अफरा-तफरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नादी वीरपुर में रविवार रात खेतों की ओर गए कुछ लोगों ने बदमाशों की चहलकदमी को देखा। खेतों से घरों की ओर भागकर आए लोगों ने बदमाशों के होने की जानकारी लोगों को दी। खेतों में बदमाशों की आशंका पर ग्रामीणों ने हाथों में टार्च, लाठी-डंडे व असलहों को लेकर खेतों में घेराबंदी कर शोर शराबा कर फ्रायरिंग शुरू कर दी। लोगों की ताबड़तोड़ फायरिंग से आसपास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई। लोग छतों पर चढ़कर शोर मचाने लगे। इसी दौरान बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से निकल गए। इसके साथ ही नवाबगंज नगर के मौहल्ला नया गनीपुर, सिरमौरा बांगर आदि में भी खेतों में बदमाशों की आशंका पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडे व टार्च लेकर शोर शराबा कर घेराबंदी की। लोगों द्वारा शोर मचाने व घेराबंदी करने से बदमाश मौके से भाग गए। लोगों ने रात भर छतों पर जागकर रात काटी।

### गैंगेस्टर के आरोपी को छः वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उमेश पुत्र बाबूराम निवासी अद्दूपुर थाना शमशाबाद को गैंगेस्टर एक्ट में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते लगभग 27 वर्षों पूर्व थाना नवाबगंज पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत फूल सिंह, उमेश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना पुलिस ने करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उमेश को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मुकदमा विचारण के दौरान फूल सिंह की मृत्यु हो गई थी।

### बाइक दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव हिरन खुदा निवासी विनय कुमार 27 जुलाई को थाना क्षेत्र के गांव मढ़िया आया हुआ था। विनय कुमार उसी दिन रात लगभग साढ़े नौ बजे वापस घर जा रहा था, तभी रास्ते में नवाबगंज मंडी के पास गांव के ही निवासी बाइक चालक रवीश ने विनय कुमार के टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से विनय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया था। जहां घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया था। जहां से घायल को सैफई भेज दिया गया था। जहां घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना पुलिस ने घायल के पिता रामदीन उर्फ कलक्टर की तहरीर पर थाना गांव के ही निवासी बाइक चालक रवीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### दबंगों ने युवक को सरे बाजार दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने एक युवक को सरे बाजार दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार बीती रात नगर के पल्ला स्थित रेलवे रोड पर दबंगों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मारपीट के दौरान युवक गिर गया। इसके बाद भी दबंगों ने उसे पीटना बंद नहीं किया। बताते चलें कि युवक से मामूली विवाद हो गया था। जिसके बाद उसकी पिटाई की गयी। मारपीट के दौरान किसी ने उसके सिर में डंडा से प्रहार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, इसके बावजूद अभी तक पुलिस ने इस पर कोई संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत


मृतक का फाइल फोटो

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बांके बिहारी के दर्शन करने मथुरा वृंदावन जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौखंडा निवासी देवेश पाठक उम्र 30 वर्ष पुत्र कुंवर पाल पाठक बीते दिवस की रात्रि 9 बजे के करीब बाइक द्वारा फर्रुखाबाद जा रहा था। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परमनगर के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाही से चलाकर बाइक में टक्कर मार दी गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया गया है दुर्घटना के बाद काफी देर तक बाइक सवार मौके पर पड़ा रहा। राहगीरों के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी हुई, तो मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने डायल 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को आने की सूचना दी। बताते हैं एंबुलेंस चालक बाइक सवार को सीएचसी बरौन लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह के वक्त जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई, तो कोहराम मच गया। परिजन सीएचसी पहुंचे और शव घर ले आये। मृतक दो भाई था। छोटा भाई ऋषभ के अलावा पिता कुंवर गोपाल पाठक जो पूर्व में विदेश मंत्रालय में रहे, मां पुष्पा पाठक का भी भी बेटे के शव पर रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। मृतक के पिता ने बताया बेटा हर वर्ष की तरह इस बार भी बांके बिहारी महाराज के दर्शन करने मथुरा वृंदावन जा रहा था।

# चोरों ने घर से पार की हजारों की नकदी व जेवरात


पीड़ित के घर के पास मौजूद ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात घर में घुसे चोरों ने हजारों की नकदी व जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही उन्होंने लोगों से सावधान रहने को कहा। कोतवाली क्षेत्र के गाँव सुभानपुर के मजरा सत्तारनगर निवासी वारिस के घर में घुसे चोरों ने अलमारी से 53 हजार की नकदी व कीमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। जबकि वारिस विदेशी कुत्तों का व्यापार करते हैं। कुत्ते बाड़े में बंद थे और चोर माल चुरा ले गए। घटना की सूचना हल्का इंचार्ज जगदीश वर्मा को दी गयी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की। बताते चलें कि इस समय चोरों की आहट से नगर व ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोग रात में जाग-जागकर अपने पशुओं व अपने घरों की सुरक्षा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बाढ़ के चलते कई लोग बेघर हो गये हैं। जो सड़कों पर रहकर गुजारा कर रहे हैं। संभावना जतायी जा रही है कि यह वही लोग हो सकते हैं। वहीं पुलिस ने भी ग्रामीणों से रात में सुरक्षित और सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं।

## एसडीएम सदर व एआरटीओ ने पकड़े चार डम्पर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी सदर के नेतृत्व में एवं एआरटीओ प्रवर्तन के साथ बघार कें पास संयुक्त छापेमारी के दौरान दिनांक 10 जुलाई को कुल चार डम्पर खड़े पाए। जिसमें एक डम्पर को चौकी सेंट्रल जेल की अभिरक्षा में तथा तीन डम्पर मय मौरम लदे चौकी आईटीआई की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त कार्यवाही से दोनों विभाग को राजस्व के रूप में लगभग रुपये 7,63ए,50/- प्राप्त होंगे। ओवरलोड एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध यह कार्यवाही जिलाधिकारी के निर्देशन में अनवरत चलती रहेगी। बताते चलें कि एआरटीओ प्रवर्तन आये दिन ओवरलोड ट्रक, ट्रैक्टर, डम्परों, बसों को पकड़कर उन्हें सीज कर रहे हैं।


पकड़ा गया डम्पर

# बीडीओ के नेतृत्व में कस्बे में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा में तिरंगा यात्रा निकालते ब्लाक कर्मचारी

शासनादेश के अनुसार आकांक्षात्मक ब्लॉक के विकास खंड अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय से विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने शासनादेश के अनुसार कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें देशभक्ति के उद्घोष से कस्बा गूंज उठा। कर्मचारी भारत माता की जय, महात्मा गांधी अमर रहे, पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे, 15 अगस्त अमर रहे आदि उद्घोष लगाते हुए चल रहे थे। कस्बा नवाबगंज विकास खंड कार्यालय से निकाली तिरंगा यात्रा कस्बा चौराहे से लेकर नगर पंचायत कार्यालय होते हुए विकास खंड कार्यालय पर समापन किया गया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेश सिंह, वरिष्ठ लिपिक स्थापना आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, नवनीत कुमार, ग्राम पंचायत सचिव आकांक्षा सक्सेना, जगवीर सिंह यादव, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, मोतीलाल यादव, अरविंद कुमार, सुनील कुमार गौतम, कुलदीप राजपूत, कर्मचारी मनोज कुमार शाक्य, लवलेश कुमार यादव, रवि करण, राजकरण, दानवीर सिंह यादव, इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय सहित विकास खंड के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जर्जर विद्यालय से बच्चों को पंचायत घर में किया गया शिफ्ट


पंचायत भवन में शिक्षाध्ययन कर रहे बच्चे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी ने जर्जर विद्यालय होने पर सुरक्षा की दृष्टि से छात्रों को पंचायत घर में शिफ्ट किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगौरा में चल रहे प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर क्षतिग्रस्त होने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक शर्मा की गुहार लगाने के बाद छात्रों को बचाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में छात्र-छात्राओं को पढ़ने की अनुमति दे दी। वहीं प्रधानाध्यापक अभिषेक शर्मा अपने सहायक अध्यापक के साथ बच्चों का शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इस बाबत जब ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की ग्राम प्रधान संजीव कुमार शाक्य ने हमको फोन पर बच्चों के भविष्य को देखते हुए जर्जर विद्यालय से पंचायत भवन में शिक्षण कार्य करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन जब से पंचायत भवन में शिक्षण कार्य शुरू हुआ है तब से पंचायत सहायक की बल्ले बल्ले हो गई है और ग्राम पंचायत के विकास कार्य रुक गए हैं। ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत सहायक ने पंचायत कार्यालय पर आना बंद कर दिया और ग्रामीण जनता को ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए पंचायत भवन में पंचायत सहायक के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं अवरुद्ध हो गई हैं। वहीं इस बाबत जब ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद शुक्ला से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की पंचायत सहायक का कहीं बाहर जाने पर एक्सीडेंट हो गया था। जिसके चलते पंचायत सहायक पंचायत कार्यालय पर नहीं बैठ रही हैं।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो मासूम बच्चों को लगा करंट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुर भिखारी निवासी जय ओम के मकान की छत के ऊपर 11000 की विद्युत लाइन गुजरी है। रविवार की शाम 6:30 बजे के करीब कुछ बच्चे खेल रहे थे। बताते हैं ऊपर गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन जिसकी चपेट में 5 वर्षीय कार्तिक तथा पुलकित आ गए। छत पर खेल रहे अन्य बच्चों में ललित तथा प्राची ने यह नजारा देखा तो दौड़कर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पर नन्नू, रिंकू, महाराज ने जैसे-तैसे लाठी-डंडों के सहारे मासूम बच्चों को बचाया। बताते हैं दोनों बच्चों को क्षेत्र के एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां दिखाया गया। जहां उपचार के बाद घर भेज दिया गया। गृह स्वामी ने बताया छत के ऊपर गुजरी हाईटेंशन लाइन की विद्युत लाइन के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। बेसमेंट में इस मकान के ऊपर एक मंजिल मकान ओर बना दिया गया। जिससे खतरा और बढ़ गया। परिजनों ने यह भी बताया जिस वक्त हादसा हुआ उस दौरान अचानक बिजली चली गई। जिससे एक बड़ी अनहोनी की घटना बच गई। उन्होंने यह भी बताया मकान के ऊपर गुजरी हाईटेंशन विद्युत लाइन हुसैनपुर विद्युत उपकेंद्र से संचालित थी। बरसात में जल भराव होने के कारण वर्तमान में हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र से संचालित कर दिया गया।

## गैर इरादातन हत्या के मामले में पिता-पुत्र, भाइयों समेत तीन पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष ई.सी. एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने गैर इरादातन हत्या के मामले में मुन्नू पुत्र नत्थूलाल, सोवरन, हंसना उर्फकमलेश पुत्रगण मुन्नू निवासी दानमंडी जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तिथि नियत की गयी है। बीते लगभग 11 वर्षों पूर्व थाना जहानगंज पुलिस को रामबरन पुत्र रामफेरे द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2014 को मौखिक सूचना दी गई। जिसमें बताया कि समय करीब आठ बजे सुबह खेत की मेड़ काटने को लेकर विपक्षीगणों द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मुझे व मेरे पिता व मां को मारापीटा गया। जिससे हम लोगों के काफी चोटें आयी थीं। पुलिस सूचना के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली थी। घायल रामफेरे व गुड्डी देवी को इलाज के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान रामफेरे की मृत्यु हो गई थीष। उक्त एनसीआर को गैर इरादातन हत्या में तरमीम किया गया। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने मुन्नू, सोवरन सिंह, हंसना उर्फ कमलेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर 13 अगस्त की तिथि नियत की है।

## नगर में धूमधाम से निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान पर जोर दिया गया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत तपस्वी वाले बाग से की गई तथा विशाल मूरत हनुमान गढ़ी हनुमान मंदिर मैन रोड के पास संपन्न हुई। इस मौके पर सभी लोगों ने भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, वीर सपूत अमर रहें, वंदे मातरम आदि के नारों से नगर गुंजायमान रहा। वहीं सभी लोग भक्ति गीतों पर झूमते हुए नजर आए। इस मौके पर जिला मंत्री गुरु चरण आजाद, विशाल शर्मा, संजय कमल, कुलदीप कुशवाहा, राजेश वर्मा, राजेश प्रताप सिंह, गोपाल पालीवाल, दिलीप श्रीवास्तव, गौ रक्षा प्रकोष्ठ के अब्दुल जब्बार, सदन दुबे, शिवम राजपूत सहित नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने तिरंगा यात्रा में चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुल पर नहाने गया युवक डूबा, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर मौजूद ग्रामीण व परिजन

गांव के लोगों के साथ पुल पर नहाने गया युवक लापता हो गया। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। वहीं देर शाम गोताखोरों ने उसके शव को निकाल लिया। शव देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी मुलायम सिहं उम्र 28 वर्षीय पुत्र राम नरेश अपने गांव के लोगों के साथ पुल पर नहाने आया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया। साथियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद उसकी मां नन्हीं देवी, भाई सुनील कुमार, मोरपाल, गोविंद और बहनें गिरजा व पूनम मौके पर पहुंचीं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने काफी देर तक युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं देर शाम गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद मुलायम सिंह का शव बूढ़ी गंगा से निकालकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहॉ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# कम्पिल के करीब 60 गांव बाढ़ की चपेट में

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**


पुलिस द्वारा की गयी बेरीकेडिंग

विगत कई दिनों से बांधों से लगातर 3 लाख से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे क्षेत्र मे बाढ़ से भयंकर तबाही का मंजर दिख रहा है। क्षेत्र के गांव राईपुर, दूंदेमई, नुनेरा, इकलहरा, पुंथर दयामाफी, धर्मपुर, नसरूलापुर, सिंघनपुर, शेखपुर,, बिहारीपुर, शाहपुर, गंगपुर, मधवापुर, बादामनगला, हमीरपुरपुर मजरा जात, पथरामई, पलीतपुरा, मिसतनी, बहबलपुर, अहिवरन नगला, धीमर नगला, रैपुरा, शाहीपुर, रौकरी, भटमई, कमरुद्दीनपुर, बिल्हा, जमुनिया नगला, अर्जुन नगला, अकबरपुर सहित लगभग साठ गाँवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। ग्रामीण क्षेत्र में खाने पीने की चीजों का संकट खड़ा हो गया है। सुखी लकड़ी ईधन के लिए नहीं मिल पा रही है। सबसे बड़ी चुनौती मवेशी हैं। जिनके लिए चारे का इंतजाम करने मे ग्रामीणों के पसीने छूट रहे है। कंपिल-बदायू मार्ग पर तेज रफ्तार से पानी बह रहा है। पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिया कट भी रही है, लेकिन ग्रामीण हादसे के डर के बिना आवाजाही कर रहे हैं। लोग गांव छोड़कर पलायन करने लगे हैं। बाढ़ के तेज बहाव से गांव राईपुर चिंघटपुर के पास बनी पुलिया टूट जाने से कंपिल -बदायू मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। कस्बे के रामेश्वर नाथ मंदिर के पास बेरीकैडिंग लगा दी गयी है। मौके पर पुलिस भी तैनात है। गंगा के बढ़ते जलस्तर से कस्बे के महाकालेश्वर नाथ मंदिर के अंदर पानी घुस गया है। प्राचीन रामेश्वर नाथ मंदिर के बाहर भी सड़क पर बाढ़ का पानी बह रहा है। मोहल्ला पट्टी मदारी, गंगा टोला के घरों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे कस्बे के लोग परेशान है। 2010 के बाद बाढ़ का पानी कस्बे में आया है। इससे पहले 2007 मे भी बाढ़ ने कस्बे में दस्तक दी थी।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत डीएम के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

▸ एनसीसी, स्काउट गाइड व विभिन्न विद्यालयों ने किया प्रतिभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के निर्देशानुसार चलाये जा रहे 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को स्वर्गीय ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ से जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में एक भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा/रैली निकाली गई। रैली में जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में शामिल हुए। मुख्य रूप से राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज, जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, रखा बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर, सी.पी. अग्रवाल पब्लिक स्कूल आदि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्र-छात्राओं के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों के सभी अधिकारी व कर्मचारियों व काफी संख्या में



तिरंगा यात्रा में भाग लेते डीएम, शिक्षक व अन्य

अध्यापक, अध्यापिकाएं, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट्स, पी.आर.डी. के जवान, होमगार्ड के जवान, पुलिस कांस्टेबल शामिल हुए। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। आजादी के सेनानियों की याद में बैंड धुन बजाते हुए बच्चे रैली में सबसे आगे चल रहे थे। ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखी गई। रैली में बच्चों की भारी संख्या को देखते हुए चिकित्सा विभाग द्वारा दो एंबुलेंस लगाए गए, जो रैली में साथ-साथ चली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक कपिल कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह व संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला आयुक्त बुलबुल पुष्पा सिंह, मजहर मोहम्मद खान, अतुल दास, गजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तिरंगा मेले का डीएम ने किया शुभारम्भ, लगाये गये स्टाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तिरंगा मेले का आयोजन किया गया।

तिरंगे मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मुख्य गेट पर फीता खोलकर किया। स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने रोली, चंदन लगाकर व फूल बरसाकर जिलाधिकारी का स्वागत किया किया। मेले में तिरंगे के रंगों पर आधारित वस्त्रों, श्रृंगार के सामानों, शॉल, कपड़े, बैंड, टोपी, बैच के स्टॉल लगाएं गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खाद्य सामग्री, तिरंगे झंडे, चूड़ियां, कड़े, सोलर लाइटिंग के समान, सोलर बल्ब, एलईडी बल्ब, पंखे व घरेलू सामान जैसे दाल, दलिया, बेसन, रिफाइंड, फिनायलए हार्पिक, सर्फ, झाड़ू, डस्टर आदि के स्टॉल



स्टालों का निरीक्षण करते डीएम

लगाए गए। बांके बिहारी स्वयं सहायता समूह, महागौरी स्वयं सहायता समूह, नव ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह, दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह एवं आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी के अंतर्गत जरी के वस्त्र, ब्लॉक प्रिंटिंग के सूट, साड़ियां, शॉल आदि वस्त्रों के स्टॉल लगाए गए। मेले में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्टॉल पर सामानों की खरीदारी की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनीन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक कपिल कुमार, उद्योग विभाग के प्रबंधक जौहरी, सहायक प्रबंधक आजम खान, जिला मिशन मैनेजर आजीविका मिशन महेंद्र नामदेव, ब्लॉक मिशन मैनेजर बृजेंद्र कुमार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गागर चादर पेश कर मांगी गई अमन चैन की दुआ



चादर गागर जुलूस में मौजूद अकीदतमंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऐतिहासिक दरगाह हज़रत सय्यद शाहबुद्दीन औलिया लोको शरीफ फतेहगढ़ में चार दिवसीय के तीसरे दिन गागर चादर पेश की गई। अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा दरगाह के सज्जादा नशीन मुहम्मद शरीफ उर्फ मोहब्बत शाह के सरपरस्ती में आयोजन किया गया है। सोमवार को नमाज फज्र कुरान ख्वानी व नमाज जोहर हज़रत मुजद्दीद अलिफसनी रह अलैह सरहिंद शरीफ पंजाब का कुल शरीफ बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। गागर व चादर में बेहतरीन अंदाज में कव्वालों ने बेहतरीन अंदाज में कव्वालों पेश की। गागर व चादर शरीफ दरगाह से उठ कर हज़रत भुल्लन शाह रह अलैह के दरगाह से होते हुए अहले बस्ती में घूम कर मखदूम ऐ पाक की दरगाह पर चादर पेश की गई। नायब सज्जादा नशीन मुहम्मद वसीम ने मुल्क के अमन व चैन की दुआ की। अकीदतमंदों का जन सैलाब उमड़ा रहा।

इस मौके पर सूफी फहीम उर्फराजा, मौलाना शोएब आतीर मदारी, मिन्हाज उर्फ लवली, फहीम उर्फराजू, मोहसिन साबरी, अनवर खान, हाजी शाहनवाज, उमर खान, मुबीन खान साबरी, अंसार साबरी, प्रवीन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवम, मोहसिन खान, अनवर खान, इसरार साबरी, मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू, उमेश आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्रायें

## हस्तशिल्प कला थर्मोकोल क्राफ्ट प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सर्वोदय इंटर कालेज पिपरगांव मोहम्मदाबाद में हस्तशिल्प कला थर्मोकोल क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सोमवार को सर्वोदय इंटर कालेज में कला शिक्षक शिवाजी द्वारा थर्मोकोल क्राफ्ट द्वारा घर बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल ने छात्रों की कला प्रतिभा का मूल्यांकन किया और पुरुस्कार प्रदान किये। प्रतियोगिता में कक्षा-9 की छात्रा स्वाती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा-10 की छात्र देवांश दीक्षित ने द्वितीय व कक्षा-10 की छात्रा नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य धनंजय सिंह ने विजेताओं को बधाई दी और उनकी कला प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# चार केन्द्रों पर होगी सामान्य ज्ञान परीक्षा विजयी छात्र को मिलेगी साइकिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट 24 अगस्त रविवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित करायेगा।

परीक्षा में सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्रए-छात्रायें प्रतिभाग करेंगे। पत्रकार वार्ता में इंस्टीट्यूट के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 24 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षा सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज श्याम नगर, जेएस इंटर कॉलेज नवाबगंज, एसआरआरएस इंटर कॉलेज राजपुर, अवन्ती बाई पब्लिक इंटर कॉलेज भरगवां शाहजहाँपुर सहित कुल चार केन्द्रों पर आयोजित होगी। जूनियर वर्ग की



जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय व आकांक्षा सक्सेना

परीक्षा प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक होगी। जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्र एवं सीनियर वर्ग की परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी, जिसमें कक्षा 10 से ऊपर के छात्र छात्रायें परीक्षा देंगे। प्रबन्ध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। मेगा पुरस्कार साइकिल, प्रथम पुरस्कार मिक्सी, द्वितीय पुरस्कार इलेक्ट्रिक केटल, सांत्वना पुरस्कार दीवाल घड़ी आदि प्रदान करने के साथ ही 10 से 50 प्रतिशत तक कि छात्रवृत्ति भी प्रदान की जायेगी।

# भाजपा पूर्वी मण्डल द्वारा निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



तिरंगा बाइक यात्रा में भाग लेते भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर घर तिरंगा फहराएंगे, गर्व से आजादी का पर्व मनाएंगे नारों के साथ भाजपा पूर्वी मण्डल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाइक यात्रा निकाली गई। मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और यात्रा में मुख्य भूमिका निभाई। तिरंगा यात्रा दुर्गा पैलेस महरूपुर सहजू से चलकर याकूतगंज स्टेशन तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्निल दिवाकर, अमित पाल, शैलेंद्र भदौरिया, विजय राठौर, शिवम कटियार, धर्मेंद्र कटियार, अजय कटियार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरों ने परचून की दुकान से दीवार काटकर कीमती सामान किया पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस चौकी के निकट परचून की दुकान में नकब लगाकर चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया। तलैया फजल इमाम निवासी शिव नारायन गुप्ता की आईटीआई चौराहे पर परचून की दुकान है। बीती रात चोरों ने नकब लगाकर हाथ साफ कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर जब शिव नारायन गुप्ता दुकान पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। दुकान के पीछे कोल्ड स्टोरेज का खाली पड़ी जगह पर चोरों ने आड़ा लगाकर चोरी की। दुकान में रखा किराने का सामान चोर चोरी कर ले गये। रात्रि में दीवाल तोड़कर घुसे चोरों ने दुकान से कीमती सामान को



घटना की जानकारी देता दुकानदार

चिन्हित कर चोरी किया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। शिव नारायन गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने पहुंचकर पुलिस से मांग की कि शीघ्र चोरी का खुलासा किया जाये।

# फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रमला राठौर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा फतेहगढ़ भोलेपुर हनुमान के मंदिर से शुभारंभ होते हुए मिलिट्री चौराहे पर संपन्न हुई। फतेहगढ़ के मुख्य मार्ग पर तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा पहुंचाने का संदेश दिया गया। भारत माता व वंदे मातरम के नारे लगाये गये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, डीएस राठौर, संजीव गुप्ता, ममता सक्सेना, सुमित कटियार, अमन गुप्ता, राजीव श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, संजीव, सोनी शुक्ला, विनीत मिश्रा, गुरजीत कटियार, सुमन राजपूत, प्रतिभा सिंह, गीता सिंह, अनुज वर्मा, चित्र अग्निहोत्री आदि मौजूद रही।

# पं. रामनारायन आजाद का मनाया गया 78वां शहादत दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमर शहीद पं0 रामनारायन आजाद का 78वां शहादत दिवस उनके निवास कायमगंज चौराहा स्थित आजाद भवन में मनाया गया। मुख्य अतिथि क्रांतिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय सहित भगतसिंह के साथी एवं लाहौर षड्यंत्र केस के मुख्य आरोपी उनके पौत्र सुधीर पाण्डेय रहे। उन्होंने कहा कि पंडित रामनारायन आजाद देश के बड़े क्रांतिकारी थे। हमारे बाबा भी उनके पास आते थे। हमारा एसएचआरए समय-समय पर आजाद की मदद लेता था। हमारा सौभाग्य है कि रामनारायन आजाद की धरती पर आया हूं। आजाद के अनेकों कारनामों में देश को गौरंवित करते है । अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि रामनारायन आजाद जिले के गौरव थे। रामनारायन आजाद के पौत्र बॉबी दुबे आजाद ने कहा कि आजाद ने अनेकों दस्तावेज दिखाये। उनके विषय में लोगों को बताया और कहा कि मैं भी देश का वंशज हूं। वह हमारे नहीं पूरे देश के लिए लड़े। संचालन आदित्य दीक्षित ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र पाण्डेय, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, सरल दुबे, रवि चौहान, कुलभूषण श्रीवास्तव, राजू भारद्वाज, विकास गुप्ता, अरविन्द शुक्ला, कुलदीप गुप्ता, रीतेश शुक्ला, मनोज जैन, धीरज पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, नारायन दत्त द्विवेदी, रविशंकर चौहान, गौरव मिश्रा, नन्हे पंडित, विपुल शंकर दुबे, अनिल तिवारी, शशांक मिश्रा, बाबू अग्निहोत्री, आलोक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीआई में 15 अगस्त तक होंगे आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नवीन आवेदन कर्ताओं के ऑन लाइन आवेदन 11 अगस्त की जगह अब 15 अगस्त रात्रि 12 बजे बेवसाइट पर ऑन लाइन लिये जायेंगे। आईटीआई कालेज फर्रुखाबाद सहित चौथे चरण के लिए राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पूर्व पंजीकृत अभ्यार्थी द्वारा नवीन विकल्पों के ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण लिये जा रहे है। बेवसाइट पर जाकर चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यार्थी अपना आवेदन करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

# गंगापार महात्मा गांधी इं.का. के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



रैली में भाग लेते अध्यापक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बच्चे हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जयकार के उद्घोष कर रहे थे। बच्चों का जज्बा देखकर राजेपुर के निवासी भी उत्साहित हुए। रैली के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी विशिष्ट अतिथि अजीत पाठक सहायक खंड विकास अधिकारी रहे। प्रधानाचार्य अनिल सिंह के नेतृत्व में रैली का आयोजन हुआ। बच्चों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत धूमधाम से रैली निकाली गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य ने भाग लिया।

# उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसो. की जिला कमेटी घोषित

▸ प्रांतीय अध्यक्ष ने दायित्वों की दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नरेन्द्र सरीन मान्टेसरी स्कूल फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कार्यकारणी का निर्वाचन एवं अधिवेशन हुआ। प्रान्तीय अध्यक्ष तापश कुमार मिश्रा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष शमसाद खांन अतिथि के रुप में मौजूद रहे। प्रान्तीय अध्यक्ष ने बेसिक शिक्षा परिषद के लिपिकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की एवं हर समस्या के समाधान हेतु उपस्थित होने का वचन दिया।




शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी

संचालन मजहर मोहम्मद खां ने किया। सभा की अध्यक्षता आई0पी0 सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर ने की। उन्होने अध्यक्षीय भाषण में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आर्शीवाद दिया एवं कार्यो को ईमानदारी से करने की नसीहत दी। अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी ने अपनी कमेटी घोषित की। जिसमें सचिव/महामंत्री अरशद सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनुराग सक्सेना, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, उपाध्यक्ष पूर्णेश मिश्रा, उपाध्यक्ष रिषभ शुक्ला, महिला उपाध्यक्ष सुमन मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष प्रतिभा दिवाकर, आडिटर निर्मल बौद्ध, संगठन मंत्री सुशील सक्सेना, गजेन्द्र सिंह को बनाया गया। उत्तर प्रदेशीय जू0हा0 स्कूल शिक्षक संघ के प्रातीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद, जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। तापस कुमार मिश्रा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करायी। इस मौके पर त्रिपुरारी त्रिवेदी, सरिता बाथम, राहिमीन खान, मनोज कुमार, नीरज शुक्ला, उमेश चन्द्र, महेन्द्र वर्मा, सुनील कुमार, अवधेश कुमार, सहदेव सिंह, प्रतीक यादव, श्रीनिवास आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल मिला एसडीएम से

## समस्या का निस्तारण करने की उठाई मांग, मिला आश्वासन



एसडीएम से वार्ता करते शिक्षक पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, ब्लाक अध्यक्ष निर्देश गंगवार, आर्येद्र यादव, मुकेश राजपूत, विक्रांत पाठक, वीरेंद्र सिंह, देवेन्द्र सत्यार्थी सहित दर्जन भर शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी में प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज हेड, दिव्यांगों व प्रसूति अवकाश पर चले रही महिलाओं की ड्यूटी लगाने से शिक्षकों में घोर असंतोष के चलते शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने एसडीएम कायमगंज से वार्ता की। वार्ता के बाद एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिनकी जायज समस्या होगी उन्हें बीएलओ ड्यूटी से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बीएलओ तत्काल अपनी ड्यूटी रिसीव करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।



बैठक में मौजूद भाकियू स्वराज के पदाधिकारी

## भाकियू स्वराज की पंचायत में छाया रहा बाढ़ का मुद्दा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज की पंचायत मोहल्ला जवाहरगंज में सम्पन्न हुई। पंचायत में कायमगंज कंपिल क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ पर चर्चा हुई। बाढ़ की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। शासन-प्रशासन से गंगा तराई क्षेत्र के किसानों को राहत सामग्री और मुआवजे की मांग को उठाया गया। पूर्व में भी एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को दिया गया था। जिसमें शमसाबाद तराई से बहबलपुर मिस्तनी तक बंधा बनाने की मांग की गई थी, लेकिन सिंचाई विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों ने गलत आख्या लगाई। जिसमें लिखा गंगा का दोआबा क्षेत्र है बांध नहीं बन सकता, जबकि कोई दोआबा क्षेत्र नहीं है। सिंचाई विभाग का भ्रष्ट जेई काम नहीं करना चाहता है। वह किसान विरोधी है। शासन को गलत आख्या भेजकर गुमराह कर रहा है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए। कहीं न कहीं इस भीषण बाढ़ का जिम्मेदार प्रशासन ही है, जो इतने लंबे समय से भाकियू द्वारा बंधा बनवाने की मांग को अनदेखा किया और परिणाम आप सबके सामने है। किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। तराई क्षेत्र के किसान बेघर हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन स्वराज की मांग है जनहित में शमसाबाद तराई से बहबलपुर मिस्तनी तक बंधा का निर्माण कराया जाये और पीड़ित किसानों को हरसंभव मदद पहुंचायी जाये। इस मौके पर प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह गंगवार, जिला सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत सक्सेना, अनुज आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में स्काउट प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड के बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में स्काउट और गाइड प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षिका व जिला प्रशिक्षण आयुक्त भारती मिश्रा व प्रधानाचार्य श्रीरामकृष्ण बाजपेई उपस्थित रहे। भारती मिश्रा ने प्रवेश कार्यक्रम के अन्तर्गत भैया बहिनों को स्काउट गाइड प्रार्थना, झण्डा गीत व सैल्यूट, स्काउट के नियम एवं सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना होता है। इस अवसर पर आचार्य मनीष दुबे, कुमारी गायत्री एवं अन्य आचार्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्रा0पं0 ककिउली वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 11/08/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत ककिउली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12/08/2025 से 18/08/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/08/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1- | डामर रोड से फूलचन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.05 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(रामवती) ग्रा0पं0 ककिउली, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(आकांक्षा सक्सेना)

# वोटर लिस्ट संशोधन के मुद्दे पर सड़क पर उतरी सपा

- अखिलेश यादव की गिरफ्तारी पर भड़के सपाई, गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन
- अखिलेश यादव को तत्काल रिहा किया जाय : देवी प्रसाद चौधरी





**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव के जरिये वोट चोरी के आरोप पर विरोध करने पर दिल्ली में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरोध में सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च करते हुये कलेक्ट्रट पर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह को सौपा। जिसमे मांग की गई कि बिहार के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान कथित धांधली की जॉचकर दोषियों की गिरफ्तारी एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिहा करने की मांग की गई थी।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव वोटर लिस्ट संशोधन (एसआईआर) के मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग तक मार्च निकाल रहे थे। पुलिसकर्मियों ने आगे जाने से रोका और वह धरने पर बैठ गये। इस दौरान उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। ये सब भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है। भाजपा लोकतंत्र का गला घोट रही है।

आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष द्वारा यह कार्रवाई की गई है। कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर धरना प्रदर्शन करने वालो में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, आशीष यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला 'लल्लू', दामोदर प्रसाद मौर्या, राजेश भारती, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, परवीन बानो, ज्योति गुप्ता, रामगोपाल बिन्द, मेवालाल प्रजापति, रंजीत फौजी, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, श्यामअचल यादव, अतीक खान, शकील अहमद, अरशद अली, धनन्जय सिंह, बलराम यादव, जितेन्द्र यादव, जैनेन्द्र सिंह, रवि यादव, अशोक यादव, राजकुमार यादव, रमाशंकर कोल, राममिलन यादव, बबलू पाण्डेय, अर्जुन यादव, लाल बहादुर यादव आदि मौजूद रहें।

## श्री सत्य साई प्रेम वाहिनी रथ यात्रा पहुंची सीखड़




**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा में विराजित भगवान श्री सत्य साई बाबा के पावन चरण पादुका रथ विकास खंड सीखड़ के खैरा, खानपुर, सीखड़ के भक्तों ने दर्शन पूजन किया। भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव पर उत्तर प्रदेश में श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा कई जिलों में भ्रमण करते हुए सोमवार को सीखड़ विकास खंड में प्रवेश किया। काफी संख्या में भक्तों ने भगवान का दर्शन किया उसके बाद रथ यात्रा वाराणसी के लिए प्रस्थान किया। सत्य साई सेवा संगठन के अध्यक्ष जेपी उपाध्याय ने बताया कि भगवान श्री सत्य साइन बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव पर पूरे उत्तर प्रदेश में रथ यात्रा निकाला जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने रथ पर स्थापित साई बाबा का दर्शन पूजन किए।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की ठोकर लगने से बालक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में सोमवार को घर के पास बालक को बाइक चालक द्वारा धक्का मार दिया गया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों द्वारा बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया गया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी मनोज कुमार का 8 वर्षीय बेटा प्रिंस घर के पास खड़ा था की तेजगति से आ रहे बाइक सवार ने धक्का मार दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे बालक के परिजनों द्वारा बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा बालक का प्राथमिक उपचार करने के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे द्वारा बताया की बाइक से धक्का लगने से बालक गंभीर रूप से घायल होने पर बालक के परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आए थे प्राथमिक उपचार के बाद बालक को रेफर कर दिया गया है।

### महंगाई, भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्र द्वारा महंगाई एवं भ्रष्टाचार के विरोध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी फरेंदा के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्र द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को उपजिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में भ्रष्टाचार एवं महंगाई तथा फरेन्दा तहसील, थाना, ब्लॉक,एवं नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया गया है कि तहसील थाना चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाये नगर पंचायत आनंदनगर, बजमनगंज विकासखंडों में पंचायती राज व्यवस्था के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसके कार्यों की जांच कराई जाय। नगर पंचायत आनंद नगर एवं बजमनगंज में प्रोफेसर शिब्बन लाल सक्सेना सहित स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्ति स्थापित किया जाय।पीपीगंज, कैंपियरगंज, बृजमनगंज रेलवे स्टेशन का नाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखा जाए ,लखनऊ बलरामपुर गोंडा से आने वाली ट्रेनों का लेहड़ा स्टेशन पर भी ठहराव किया जाए क्योंकि वहां से आदि शक्ति जगदंबे का शक्तिपीठ मंदिर है जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। फरेंदा तहसील में तमाम सड़के चलने लायक नहीं है उसे अबिलंब सही कराया जाय। ज्ञापन देते समय कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य भरत भुआल चौधरी, अमरजीत निषाद, प्रधान गण,अमर भारती, एहसान, अफजल, शमशेर आलम गोरख प्रसाद, राजदेव यादव, रामस्वरूप सहानी ,श्री राम साहनी, अमर जायसवाल, महेश जैसवाल, बेचन यादव, लक्ष्मण यादव, पिंटू सिंह, प्रहलाद प्रसाद ,राजेश, डॉ. सोमनाथ ,हरिराम प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, बाबूराम लोधी, रियाज,शंकर वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### सीएम युवा कार्यशाला में डीएम ने दी सफलता की कुंजी करोड़ों का ऋण पाकर दमके युवाओं के चेहरे



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने के उद्देश्य से सोमवार को विकास भवन सभागार में सी.एम. युवा कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यशाला की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलन कर की गई, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने 5 लाभार्थियों को ऋण वितरण के डेमो चेक प्रदान किए। इस मौके पर उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। युवाओं ने जिलाधिकारी और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। कार्यशाला में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, आईटीआई के प्रधानाचार्य, उपायुक्त उद्योग, सभी बैंकों के जिला समन्वयक, सी.एस.सी. प्रतिनिधि, बैंकर्स, सी.एम. फेलो, ट्रेनिंग पार्टनर और समाधान समिति के विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनी समस्या, पांच मामले प्राप्त, नहीं हुआ किसी का निस्तारण



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस पर एसडीएम महेंद्र सिंह ने समस्या को सुना। थाना समाधान दिवस पर कुल पांच मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका एसडीएम ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व चकबंदी व पुलिस टीम को रवाना किया जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से थाना तहसील का चक्कर ना लगाना पड़े। एसडीएम ने थाना समाधान दिवस पर आने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का साथ निस्तारण कर आख्या लगाने का निर्देश दिया है। मामले में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, शिव कुमार चौबे, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,एसआई श्याम लाल, अच्छेलाल यादव, महेंद्र प्रताप यादव, लेखपाल सर्वेश सिंह, अमिताभ यादव सहित राजस्व व चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा देश के प्रति प्रेम व सम्पर्ण की भावना दर्शाती है : सोहन



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के बरी गांव स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा से हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत भाजपा हलिया मंडल की तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी के नेतृत्व में सोमवार को तिरंगा यात्रा डीजे के साथ निकाली गई। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्री माली ने सरदार बलभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की शुरुआत किया तिरंगा यात्रा पैदल शुरू होकर बरी गांव से होते हुए हलिया बाजार से हलिया के पंचायत भवन पर पहुंचकर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्री माली ने कहा की तिरंगा यात्रा हमारे देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को दर्शाती है। हमें हमारे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराती है। इस दौरान एसडीएम महेंद्र सिंह, बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एससी एसटी के पूर्व उपाध्यक्ष मनीराम कोल,तारा चंद्र अग्रहरी, धर्मेंद्र दुबे, विकास सोनकर, ग्राम प्रधान बरी विजय प्रकाश सिंह, भटवारी राजेश कुमार, शिवा अग्रहरी, सचिव शैलेन्द्र कुमार, बाल कृष्ण, संदीप कुमार, लक्ष्मी शंकर यादव, सोनू सिंह, अवध राज सिंह, विभूति नारायण सिंह, मंतोष अग्रहरि, अवधेश पाल, शिव कुमारी राय, दिलीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ़ बबलू, अनिल सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग मिश्र सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय एसआई सुरेंद्र कुमार व कांस्टेबल राजेश मौर्य लगे रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला तिरंगा यात्रा



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के सीखड़ विकास में भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा तिरंगा तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा से पूर्व खैरा के आजाद चौक चौराहे पर स्थापित भारत माता, चंद्रशेखर आजाद, सरदार पटेल आदि महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि जगदीश सिंह पटेल व मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज ने पूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित को अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। तिरंगा यात्रा गांव के मार्गो से होते हुए खैरा बाजार तक तिरंगा यात्रा उक्त तिरंगा यात्रा निकाला गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को दर्शाती है और हमें हमारे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होकर भारत माता की जय, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा, वंदे मातरम का बड़े जोश उल्लास के साथ नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर विजय नारायण सिंह, मानसिंह, फूलगेन सिंह, शिव प्रसाद द्विवेदी, ज्ञानधर शुक्ला, प्रेम चंद्र सिंह रणवीर प्रताप सिंह जय हिंद सिंह, शीतलेश्वर प्रसाद पाठक राहुल त्रिपाठी, अनूप सिंह सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रहे।

## खेत में निकला विशालकाय अजगर, ग्रामीणों में हड़कंप



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जर्दी के मंदिर टोला में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब ग्रामीणों ने खेत में एक विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा। यह घटना बीते रविवार सुबह की है, जब स्थानीय किसान भरत साहनी अपने खेत में चारा लेने गए थे।

भरत साहनी ने जैसे ही खेत में घास काटना शुरू किया, अचानक उनकी नजर झाड़ियों के बीच लिपटे हुए एक भारी-भरकम अजगर पर पड़ी। अजगर को देखते ही भरत के होश उड़ गए और उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते खेत में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

ग्रामीणों ने बिना देर किए स्थानीय सर्प मित्र रुदल को सूचना दी। सूचना मिलते ही रुदल आवश्यक उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे और बिना घबराए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद उन्होंने कुशलतापूर्वक अजगर को पकड़ लिया। रुदल ने बताया कि अजगर पूरी तरह स्वस्थ था और उसने किसी इंसान या जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था। रेस्क्यू के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पास के जंगल में छोड़ दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और सर्प मित्र रुदल की सराहना की, जिन्होंने समय पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया। सर्प मित्र रुदल ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि अजगर और सांप हमारे पर्यावरण के लिए जरूरी हैं। इन्हें मारना नहीं चाहिए, बल्कि अगर कहीं दिखें तो तुरंत हमें या वन विभाग को सूचना दें, ताकि इन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के आसपास जंगल और नहर होने की वजह से जंगली जानवर और सांप खेतों की ओर आ जाते हैं। यह घटना भले ही डराने वाली थी, लेकिन समय रहते की गई कार्रवाई ने किसी भी बड़े हादसे को टाल दिया।

### मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिरकर घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पर गलरा गांव में रविवार की रात मवेशी को बचाने के चक्करे बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी 35 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह रविवार की रात होलिया से घर की तरफ जा रहे थे कि गजरा गांव में पहुंचे थे सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने के कारण बाइक सवार मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक से गिर पड़े। रास्ते में बाइक सवार को घायल अवस्था में देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक मनसुख यादव ने घायल बाइक सवार को एंबुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां पर चिकित्सक रवि राज द्वारा बाइक सवार युवक की प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के सर व पैर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया।

## वन क्षेत्र में अवैध कार्यों के रोकथाम के लिए डिप्टी रेंजर को दी गई जिम्मेदारी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्ज़ापुर के वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क सोनभद्र भास्कर प्रसाद पाण्डेय के मौखिक निर्देश पर हलिया रेंज में वन क्षेत्र के अपराध को रोकने के लिए हलिया रेंज में तैनात डिप्टी रेंजर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सीपी त्रिपाठी) को रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र ने जिम्मेदारी सौपी है।

बताया है की हलिया रेंज अति संवेदनशील है जिसमे आए दिन अतिक्रमण व अवैध कटान तथा शिक्षक होने की संभावना बनी रहती है जिसके लिए डिप्टी रेंजर को सभी अबैध गतविधियों के रोकथाम हेतु नामित किया गया है। इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने बताया की रेंज में अबैध कार्यो के रोकथाम के लिए डिप्टी रेंजर को जिम्मेदारी सौपी गई है। जों हलिया रेंज में गतविधियों पर नजर रखेंगे और वनों की सुरक्षा करेंगे किसी भी प्रकार की अबैध सूचना मिलने पर रेंजर के साथ कार्य करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी संतबली को नहीं मिला आज तक सम्मान

- परिवार आज भी सरकारी सुविधाओं से वंचित



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के बांसपार बेजौली बाजार टोला के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संतबली की कहानी आज भी स्थानीय लोगों की जुबान पर है। भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का दावा करने वाले संतबली ने जीवन भर सरकारी मान्यता और पेंशन पाने के लिए संघर्ष किया, लेकिन उनका सपना अधूरा ही रह गया।

समृद्धि न्यूज़ संवाददाता के अनुसार, संतबली के पुत्र चुल्हाई बताते हैं कि उनके पिता ने 1941 और 1942 में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया था। इस दौरान, उन्हें अयोध्या जेल में कैद किया गया और 25 रुपये का जुर्माना भी अदा करना पड़ा। उनके पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र था, लेकिन पेंशन के लिए 1980 से शुरू किए गए आवेदन कभी मंजूर नहीं हुए। कई बार जांच और दस्तावेज जमा करने के बावजूद फाइलें सरकारी दफ्तरों में धूल फांकती रहीं।

***आजादी के बाद भी परिवार की लड़ाई जारी:-*** वहीं पिता के निधन के बाद उनकी मां मुराती देवी ने भी पेंशन के लिए कई अर्जियां दीं, लेकिन परिणाम शून्य रहा। 29 मई 2018 को संतबली का निधन हो गया। इसके बाद भी परिवार की लड़ाई जारी रही, लेकिन आज तक उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल सका।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार

बता दें कि वर्तमान में परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उनके पास मात्र 29 डिसमिल खेती की जमीन है, जिससे गुजर-बसर मुश्किल से हो पाता है। घर की हालत जर्जर है, गैस सिलिंडर जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। चुल्हाई खुद केवल पांचवीं कक्षा तक पढ़े हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

### देश के लिए दिया बलिदान, आज सुविधाओं से वंचित

गौरतलब है कि संतबली की कहानी उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाती है जिन्हें आजादी के बाद भुला दिया गया। यह मामला सरकारी तंत्र की उदासीनता और उन परिवारों की पीड़ा का उदाहरण है, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया, लेकिन बदले में सम्मान और सहायता से वंचित रह गए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संतबली ने देश के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन आजादी के बाद उनका परिवार पेंशन से वंचित रह गया। यह कहानी उस सरकारी उदासीनता की सच्चाई बताती है जो नायकों को भी अनदेखा कर देती है।

## जितेंद्र सैनी अध्यक्ष व सतीश चंद्र दुबे मंत्री हुए निर्वाचित



- रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा का वार्षिक चुनाव गहमागहमी के बीच सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा के वार्षिक चुनाव में सोमवार को हुए मतदान में 50 मतदाताओं में से 48 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सैनी को 27 मत मिले। राघवेंद्र उपाध्याय को 15 मत तथा प्राप्त हुएं थे। जितेन्द्र सैनी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 12मतो से पराजित किया।इसी क्रम में मंत्री पद पर सतीश चंद्र दुबे को 21 मत मिले, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रविंद्र पासवान को 6 मत से हराया। वहीं अवधेश उपाध्याय को 12 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सिराज अहमद, संयुक्त सचिव विनोद शंकर दुबे,कोषाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी स्वामी नाथ निषाद, रत्नेश कुमार उपाध्याय, राहुल साहनी को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो चुके थे। चुनाव अधिकारी जगदंबा प्रसाद यादव, चंद्रशेखर पांडेय, निसार अहमद, तुंगनाथ उपाध्याय, उपेंद्र श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ। विजयी प्रत्याशियों को पूर्व अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा, डा. मनीष चौबे , अरविंद मिश्रा, रामसेवक सिंह, परमात्मा सिंह, सरोज नारायण मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, सुनील मणि त्रिपाठी, सनत त्रिपाठी, अनिरुद्ध श्रीवास्तव स्कन्द श्रीवास्तव प्रेम सिंह रामसहाय गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह,रामनारायन शुक्ल, रंजन मिश्र, अभिषेक अग्रहरि सचिन त्रिपाठी व उमाकांत विश्वकर्मा सहित रेवेन्यू वार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

## आधी रात देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने मारा छापा, महिला संचालक समेत पांच गिरफ्तार

- पुलिस को मौके से बियर की बोतलें और कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई, जो वहां हो रहे गंदे खेल की पोल खोलने के लिए काफी



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिले में नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अमरुतिया मोहल्ले में वर्षों से चल रहे देह व्यापार के अड्डे का पुलिस ने बड़े पैमाने पर भंडाफोड़ किया है। रविवार की आधी रात को सदर कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर महिला संचालक समेत पांच लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को मौके से बियर की बोतलें और कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई, जो वहां हो रहे गंदे खेल की पोल खोलने के लिए काफी थी।

समृद्धि न्यूज़ संवाददाता को मिली जानकारी के मुताबिक, अमरुतिया मोहल्ले के एक मकान में लंबे समय से यह काला धंधा फल-फूल रहा था। इलाके में यह चर्चा भी थी कि यहां से देह व्यापार का नेटवर्क आसपास के कई जिलों तक फैला हुआ है। मुखबिर से मिली पुख्ता जानकारी के बाद पुलिस ने योजना बनाकर देर रात अचानक छापेमारी की, जिससे वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।

गिरफ्तार आरोपियों में संचालक समेत तीन महिला निवासी अमरुतिया और दो पुरुष, रामपुर, शालामतगढ़, खपरदिखा समेत 5 लोग शामिल हैं। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। इनके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। छापेमारी के दौरान बरामद बीयर की बोतलें, संदिग्ध दस्तावेज़ और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं इस बात का सबूत हैं कि यहां लंबे समय से अवैध गतिविधियां हो रही थीं। पुलिस के मुताबिक, इस रैकेट में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस घटना के सामने आने के बाद नगर में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतने वर्षों तक यह धंधा खुलेआम कैसे चलता रहा और जिम्मेदार लोग चुप क्यों रहे। वहीं, पुलिस का कहना है कि अब इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क को तोड़ा जाएगा।